संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरूवार, 15 जून 2023 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 162 पृष्ठः 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

बीएसएफ के नए निदेशक के रूप में नितिन अग्रवाल ने कार्यभार संभाला।

'बिपरजॉय' आज गुजरात तट से टकराएगा

कच्छ में 3.5 के झटके महसूस हुए, बिपरजॉय आज तट से टकराएगा, भारी बारिश का अलर्ट, सरकार-प्रशासन मुस्तैद

टीम एक्शन इंडिया/पोरबंदर/द्वारका/कच्छ

अरब सागर में उठे तूफान बिपरजॉय के गुजरात से टकराने में सिर्फ एक दिन बाकी है। साइक्लोन के खतरे के बीच बुधवार शाम कच्छ में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप 3.5 तीव्रता का था। तूफान 15 जून की शाम तक कच्छ जिले के जखौ पोर्ट से टकराएगा। इस दौरान 150 किमी/घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। इसके चलते बुधवार को गुजरात और मुंबई के तटीय इलाकों में भारी बारिश हो रही है। अब तक 9 की मौत, कच्छ-सौराष्ट्र में बारिश का रेड अलर्ट में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इधर, गृह मंत्री अमित शाह ने तूफान की वजह से तेलंगाना दौरा रद्द कर दिया है। 15 जून को खम्मम में वे रैली करने वाले थे। शाह तूफान से जुड़ी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग करेंगे।

कच्छ के बंदरगाह में खड़ीं नावें। मछुआरों को 16 जून तक समुद्र में जाने की अनुमति नहीं है।

गुजरात के द्वारका से 290 किमी दूर है तूफानः मौसम विभाग के बुधवार दोपहर 12 बजे के अपडेट के मुताबिक, तूफान 8 किमी/घंटे की रफ्तार से नॉर्थ-वेस्ट में आगे बढ़ रहा है। तूफान बुधवार सुबह 8:30 बजे द्वारका से 290 किमी और जखौ पोर्ट से 280 किमी दूर था। यह गुरुवार की शाम तक गुजरात के तट पर जखौ पोर्ट से टकराएगा। द्वारकाधीश मंदिर के शिखर पर पांच दिन तक ध्वज नहीं फहराया जाएगा। करीब 20 फीट नीचे दो ध्वज फहराए गए हैं। परंपरा के अनुसार सोमनाथ के द्वारकाधीश मंदिर के मुख्य शिखर पर 5 बार ध्वज बदला जाता है, लेकिन मंगलवार से यहां ध्वज नहीं फहराया गया है। इसके नीचे दो ध्वज फहराए गए हैं। दरअसल, दो ध्वज एक साथ फहराने के पीछे एक मान्यता है। कहा जाता है कि इससे आपदा टल जाती है।

अब तक अरब सागर के ऊपर से 13 चक्रवात उठे

बीते 58 साल की बात करें तो 1965 से 2022 के बीच अरब सागर के ऊपर से 13 चक्रवात उठे। इनमें से दो गुजरात के तट से टकराए। एक महाराष्ट्र, एक पाकिस्तान, तीन ओमान-यमन और छह समुद्र के ऊपर कमजोर पड़ गए।

तूफान के तट के पास पहुंचने से हवा की स्पीड 150 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है..

तूफान के तट के पास पहुंचने से हवा की स्पीड 150 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इससे पेड़, टेलीफोन और बिजली के खंभे गिर सकते हैं। मछुआरों को 16 जून तक समुद्र में ना जाने को कहा गया है। गुजरात में बुधवार से रेड अलर्ट जारी किया गया है। मृत्युंजय मोहपात्रा ने बताया था- पोरबंदर, द्वारका से लेकर कच्छ तक हवा की रफ्तार बढ़ रही है। 14 जून को 65-75 किमी की रफ्तार से हवा चलेगी। वहीं, 15 जून को द्वारका, जामनगर, कच्छ और मोरबी जिलों में हवा 125-135 किमी की रफ्तार से चलेगी।

बीएसएफ जवानों ने कच्छ के तटीय इलाकों के कुछ लोगों को अपने बॉर्डर आउटपोस्ट में ठहरने की जगह दी। बिपरजॉय पिछले 25 साल में जून महीने में गुजरात के तट से टकराने वाला पहला तूफान होगा। इससे पहले 9 जून 1998 को एक तूफान गुजरात के तट से टकराया था। तब पोरबंदर के पास 166 किमी की रफ्तार से हवा चली थी।

लव जिहाद विरोधी महापंचायतः सुनवाई से कोर्ट का इनकार

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 15 जून को लव जिहाद विरोधी महापंचायत के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील शाहरुख आलम से कहा कि कानून व्यवस्था कायम रखना राज्य की जिम्मेदारी है। आप हाई कोर्ट के सामने बात रखें। हाई कोर्ट भी सुनवाई में समर्थ है। आपको उस पर विश्वास रखना चाहिए। सुनवाई के दौरान वकील शाहरुख आलम ने कहा कि एक समुदाय को जगह खाली करने के लिए धमकाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड को हेट स्पीच पर कार्रवाई का आदेश दे रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून व्यवस्था देखना प्रशासन का काम है। आप हाई कोर्ट से सुनवाई का आग्रह करें।

मनी लॉन्ड्रिंगः तमिलनाडु के बिजली मंत्री गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई

मनी लॉन्ड्रिंग केस में तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी सेंथिल बालाजी को बुधवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अरेस्ट कर लिया। जांच एजेंसी मंगलवार सुबह सात बजे बालाजी के घर पहुंची थी। यहां उनसे 24 घंटे पूछताछ हुई। ईडी की कार्रवाई और पूछताछ के दौरान सेंथिल ने सीने में दर्द की शिकायत की। इसके बाद उन्हें मेडिकल जांच के लिए चेन्नई के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। यहां वे दर्द से रोते हुए दिखे। अस्पताल की तरफ से जारी मेडिकल बुलेटिन में सेंथिल बालाजी को बाईपास सर्जरी की सलाह दी गई है। छापेमारी के दौरान ईडी के अधिकारियों के साथ सेंट्रल पैरा-मिलिट्री फोर्स के जवान भी वहां मौजूद थे। पूछताछ के बाद ईडी ने मंत्री सेंथिल को हिरासत में ले लिया बुधवार को बालाजी को अरेस्ट कर लिया गया।

उत्तरकाशी महापंचायत के लिए अनुमति नहीं

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून

जिला प्रशासन और पुलिस ने उत्तरकाशी के पुरोला में होने वाली महापंचायत के लिए अनुमति नहीं दी है। पुलिस प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा और किसी भी कीमत पर स्थिति अप्रिय नही होने दी जाएगी। डीआईजी गढ़वाल रेंज केएस नगन्याल का कहना है कि उत्तरकाशी के पुरोला में 15 जून को होने वाली महापंचायत के संदर्भ में आयोजकों को साफ संकेत दे दिया गया है कि कानून का उल्लंघन करने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। डीआईजी गढ़वाल रेंज ने बताया कि पुरोला में अब महापंचायत किसने बुलाई है और महापंचायत कहां होनी है, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

राज ठाकरे ने औरंगजेब की तस्वीर वाला केक काटा

टीम एक्शन इंडिया/मुंबई

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने बुधवार को अपने जन्मदिन पर मुगल शासक औरंगजेब और लाउडस्पीकर की तस्वीर वाला केक काटा। उन्होंने केक पर औरंगजेब की गर्दन वाली जगह पर चाकू चलाया और लाउडस्पीकर को क्रॉस कर दिया। राज के 55वें जन्मदिन पर उनके समर्थक ये केक लेकर उनके घर पहुंचे थे। महाराष्ट्र में औरंगजेब की तस्वीर को लेकर कुछ दिन पहले हिंसा की घटनाएं सामने आई थीं। इसके बाद एमएनएस के समर्थकों ने भी मुंबई में औरंगजेब का पुतला फूंका था। राज ठाकरे औरंगजेब के खिलाफ बोलते आए हैं। वे मस्जिद से लाउडस्पीकर में अजान के खिलाफ आंदोलन भी कर चुके हैं।

विदेश मंत्री ने यूएस एनएसए से की भेंट

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात की। यह मुलाकात काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि कुछ दिनों में ही पीएम मोदी अमेरिका जाने वाले हैं। जयशंकर ने बताया कि उन्होंने पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा को ध्यान में रखते हुए अमेरिकी एनएसए से बातचीत की। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच भारत-अमेरिका साझेदारी के दृष्टिकोण से वैश्विक रणनीतिक विकास पर भी चर्चा की गई।

अगले हफ्ते अमेरिका जाएंगे पीएम मोदीः बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले हफ्ते अमेरिकी दौरे पर रहेंगे। पीएम मोदी के इस दौरे से ठीक पहले अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन मंगलवार को भारत पहुंचे। अमेरिकी एनएसए जैक सुलिवन पीएम मोदी की आगामी राजकीय यात्रा को लेकर उत्सुक दिखे। अमेरिकी एनएसए सुलिवन ने मंगलवार को पीएम मोदी से भी मुलाकात की थी।

जैक सुलिवन और पीएम मोदी की मुलाकातः जैक सुलिवन ने पीएम मोदी को द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन राजकीय यात्रा पर प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

लंदन में हैदराबाद की युवती की चाकू घोंपकर हत्या, ब्राजीलियाई गिरफ्तार

लंदनः लंदन के वेम्बली से एक चौंका देने वाला मामला सामने आ रहा है, जहां पर हैदराबाद की 27 वर्षीय लड़की की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, लंदन में मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे 27 वर्षीय महिला पर ब्राजील के एक नागरिक ने कथित तौर पर हमला कर दिया। मृतक की पहचान कोंथम तेजस्विनी के रूप में हुई है। दरअसल, उच्च शिक्षा के लिए लंदन आई तेजस्विनी की मौके पर ही मौत हो गई। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के मुताबिक, 28 वर्षीय एक अन्य महिला पर भी हमला हुआ था।

भारत ने लालफीताशाही खत्म कियाः शाह

गर्व की बात...

= मोदी राज के 9 साल में भारत ने लालफीताशाही से 'रेड कार्पेट' तक का सफर तय किया है : शाह

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ साल के कार्यकाल पूरा होने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुशी जताई। केंद्रीय मंत्री ने बुधवार को कहा कि मोदी राज के 9 साल में भारत ने लालफीताशाही से 'रेड कार्पेट' तक का सफर तय किया है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने एक परेशानी मुक्त कारोबारी माहौल बनाया, जिससे देश एक पसंदीदा एफडीआई केंद्र बन गया है। शाह ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नौ साल के व्यापार में आसानी में विकास को गति देने के लिए भारत की आकांक्षाओं को उजागर किया है।

अमित शाह ने ट्विटर पर जताई खुशीः अमित शाह ने ट्विटर पर लिखा, 'भारत ने कारोबारी सुगमता के नौ साल के दौरान लालफीताशाही से रेड कार्पेट तक का सफर पूरा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक कुशल कर प्रणाली, निवेशक अनुकूल नीति और मंजूरी की आसान प्रक्रिया की शुरूआत की ताकि परेशानी मुक्त कारोबारी माहौल और भारत को एफडीआई का पसंदीदा केंद्र बनाया जा सके।'

उत्तराखंड के नैनी सैनी एयरपोर्ट को डीजीसीए की मंजूरी मिली

टीम एक्शन इंडिया/पिथौरागढ

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में बने नैनी सैनी एयरपोर्ट को DGCA की मंजूरी मिल गई है। अब यहां से फ्लाइट्स ऑपरेट कर सकेंगी। ये एयरपोर्ट चीन सीमा से सिर्फ 50 किलोमीटर की हवाई दूरी पर स्थित है। इस एयरपोर्ट के चालू होने से उत्तराखंड का पहाड़ी इलाका हवाई रास्ते के जरिए देश भर से जुड़ पाएगा। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने एयरपोर्ट को एअरोड्रोम लाइसेंस दे दिया है। ये लाइसेंस एयरपोर्ट को मैनेज करने वाले उत्तराखंड एविएशन डेवलपमेंट अथॉरिटी को सौंप दिया गया है। राज्य के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इसकी पुष्टि की है।

उन्होंने कहा कि इससे उत्तराखंड खासकर कुमाऊँ इलाके की एयर कनेक्टिविटी बेहतर होगी। हम इसके लिए पीएम मोदी और सिविल एविएशन मिनिस्ट्री को धन्यवाद देते हैं।

सरकार ने एयरफोर्स को एयरपोर्ट सौंपने का फैसला कियाः इस साल फरवरी में उत्तराखंड सरकार ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस एयरपोर्ट को एयरफोर्स को सौंपने का फैसला लिया था। हालांकि, इसके बाद भी यहां से कॉमर्शियल फ्लाइट्स उड़ती रहेंगी।

मणिपुर में फिर हिंसा, 9 की मौत, 10 घायल

टीम एक्शन इंडिया/इंफाल

मणिपुर के मैतेई बहुल कांगपोकी जिले में मंगलवार रात हुए हमले में 9 लोगों की जान चली गई। 10 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि रात करीब एक बजे कांगपोकी से सटे खामेलोक गांव और इंफाल पूर्वी जिले में हमला किया गया। हमलावर अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। मारे गए सभी लोग खामेलोक गांव के हैं। इस घटना के अलावा मंगलवार को बिष्णुपुर जिले में भी हिंसा हुई। यहां फौगाकचाओ इखाई गांव में कुकी समुदाय के लोग मैतेई इलाकों में बंकर बनाने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान कुकी लोगों और सुरक्षा बलों के बीच फायरिंग हुई। इधर, मणिपुर की महिला गन सर्वाइवर्स नेटवर्क की फाउंडर बिनालक्ष्मी नेपराम ने दावा किया कि कांगपोकी के खामेलोक में हुई गोलीबारी में 12 लोगों की मौत हुई है और 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। खामेलोक इलाके में गोलीबारी हुई थी, जिसमें 9 लोग घायल हुए थे।

थम नहीं रही हिंसा

= पुलिस ने बताया कि रात करीब एक बजे कांगपोकी से सटे खामेलोक गांव और इंफाल पूर्वी जिले में हमला किया गया

हिंसा के चलते राज्य में इंटरनेट पर बैन 15 जून तक बढ़ा दिया गया।

कुछ इलाकों में कर्फ्यू में ढील भी दी गई है। नॉर्थ-ईस्ट कोऑर्डिनेशन काउंसिल के प्रेसिडेंट और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा मणिपुर हिंसा को लेकर गृहमंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात करेंगे। सरमा शाह को मणिपुर के ताजा हालात की रिपोर्ट देंगे।

थोक महंगाई दर -3.48 फीसदी पर आई

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

खुदरा महंगाई के बाद थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर में गिरावट दर्ज हुई है। मई में थोक महंगाई दर घटकर -3.48 फीसदी पर आ गई है। अप्रैल में यह -0.92 फीसदी रही थी। एक साल पहले मई, 2022 में थोक महंगाई दर 16.63 फीसदी पर थी, जबकि जून 2020 में यह -1.81 फीसदी रही थी। इस तरह ये इसका तीन साल का निचला स्तर है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि मई महीने में थोक महंगाई दर घटकर -3.48 फीसदी रही है। थोक महंगाई दर में गिरावट मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं के दाम घटने से आई है। यह लगातार दूसरा महीना है, जब डब्ल्यूपीआई पर आधारित महंगाई दर घटकर शून्य से नीचे आई है। आंकड़ों के मुताबिक मई महीने में खाद्य पदार्थों की महंगाई घटकर 1.51 फीसदी पर आ गई, जबकि अप्रैल में यह 3.54 फीसदी पर रही थी।

गिरावट

= मई में थोक महंगाई दर घटकर -3.48 फीसदी पर आ गई है। अप्रैल में यह -0.92 फीसदी रही थी

शक्तिकांत दास लंदन में गवर्नर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को गवर्नर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा गया है। आरबीआई गवर्नर को लंदन में सेंट्रल बैंकिंग अवॉर्ड्स 2023 में बुधवार को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। शक्तिकांत दास को यह सम्मान कोरोना महामारी के दौरान लिए गए फैसलों और मुद्रास्फीति के कुशल प्रबंधन के लिए दिया गया है। सेंट्रल बैंकिंग एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक शोध पत्रिका है। पब्लिकेशन की ओर से मार्च 2023 में शक्तिकांत दास के नाम की इस अवॉर्ड के लिए सिफारिश की गई थी।

एमपीः 12वीं में टॉपर छात्रों को ई-स्कूटी मिलेगा

टीम एक्शन इंडिया/भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिये नवीन योजना अंतर्गत प्रदेश के सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ई-स्कूटी प्रदान करने का निर्णय लिया है। अगर एक से ज्यादा विद्यार्थियों के सर्वाधिक अंक है तो उन सभी को योजना का लाभ मिलेगा। जिन क्षेत्रों में ई-स्कूटी उपलब्ध नहीं है वहाँ पर स्कूटी प्रदाय की जाएगी। योजना से लगभग 9 हजार विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। वर्ष 2023-24 के बजट में योजना के क्रियान्वयन के लिये 135 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि विद्यार्थियों को विद्यालयों तक पहुँचने में सुविधा बढ़ाने तथा निर्भरता कम करने, उच्च शिक्षा के लिये प्रोत्साहित करने, आत्म-विश्वास जागृत करने के लिये नवीन योजना का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा 15 अप्रैल 2023 को जारी आदेश ह्यअनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये किये जाने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृति मानविकी विषयों के लिए भी दिए जाने का अनुसमर्थन किया।

शिवराज एक्टिव...

= अगर एक से ज्यादा विद्यार्थियों के सर्वाधिक अंक है तो उन सभी को योजना का लाभ मिलेगा

बम, बारूद, हिंसा... साउथ 24 परगना जिले में टीएमसी के दो गुटों में बमबाजी; बांकुड़ा में बम बरामद, 8 गिरफ्तार

पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले जबरदस्त हिंसा

टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता

पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव से पहले लगातार हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। बुधवार को साउथ 24 परगना जिले के कैनिन में कैंडिडेट्स के नॉमिनेशन के दौरान सत्ताधारी टीएमसी के दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर बम से हमला किया। ब्लॉक अध्यक्ष सैबल लाहिड़ी के नेतृत्व में टीएमसी कार्यकर्ताओं ने कैनिंग बस स्टैंड के पास सड़क जाम कर दिया। उनका आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस के दूसरे गुट ने उन्हें तब रोका जब वे कैनिंग में चुनाव आयुक्त ऑफिस में नॉमिनेशन फाइल करने जा रहे थे। वहीं दूसरा गुट टीएमसी विधायक परेश राम का करीबी माना जाता है। इधर, बांकुड़ा जिले में पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से बैग बरामद किया, जिसमें एक दर्जन बम भरे हुए थे। पुलिस ने कार जब्त कर 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पंचायत चुनाव के लिए नॉमिनेशन में अभी दो दिन ही बचे हैं। कोलकाता हाईकोर्ट में भी नॉमिनेशन की तारीख बढ़ाने को लेकर सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने कहा था कि नॉमिनेशन की तारीख बढ़ाने पर राज्य चुनाव आयोग फैसला करे। कोर्ट ने राज्य में हिंसा की घटनाओं को देखते हुए संवेदनशील जिलों में सेंट्रल फोर्स तैनात करने का निर्देश दिया है। इससे पहले 13 जून को इंडियन सेक्युलर फ्रंट और तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों के बीच झड़प हो गई थी। साउथ 24 परगना जिले के भांगर से विधायक नवसाद सिद्दीकी ने कहा कि जब हमारी पार्टी के कार्यकर्ता नामांकन दाखिल करने गए, तो उन्हें टीएमसी के गुंडों ने पीटा। यही स्थिति बनी रही तो निष्पक्ष पंचायत चुनाव नहीं हो पाएंगे। लोग डर के मारे घर से बाहर नहीं निकलेंगे।

हिंसक झड़प

= बांकुड़ा जिले में पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से बैग बरामद किया, जिसमें एक दर्जन बम भरे हुए

वन भूमि प्रत्यावर्तन के 29 मामलों में केन्द्र से द्वितीय चरण की स्वीकृति प्राप्तः सीएम

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा वन भूमि प्रत्यावर्तन (डायवर्सन) के प्रस्तावों की प्रक्रिया तीव्र की गई है, ताकि विकास कार्यों का निर्माण आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त शीघ्र शुरू किया जा सके। कार्यों के समयबद्ध पूर्ण होने से राजस्व में बचत के साथ ही प्रदेश की जनता को इनका समुचित लाभ सुनिश्चित होता है।वर्तमान प्रदेश सरकार ने वन स्वीकृतियों में अनावश्यक विलम्ब के कारण विकास कार्यों में हो रही देरी को गम्भीरता से लेते हुए इनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। वन भूमि प्रत्यावर्तन के संबंध में प्रदेश सरकार द्वारा जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया है, जिनकी नियमित आधार पर बैठकें हो रही हैं। इससे लम्बित एवं नए मामलों के अनुमोदन की प्रक्रिया में तेजी आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एफसीए से संबंधित विभिन्न मुद्दे केन्द्र सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाए गए

मुख्यमंत्री ने कहा कि एफसीए से संबंधित विभिन्न मुद्दे केन्द्र सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाए गए हैं

हैं। त्वरित रूप से कार्य करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा इस जून माह के दौरान वन भूमि प्रत्यावर्तन के 29 मामलों में केन्द्र सरकार से द्वितीय चरण की स्वीकृति प्राप्त की गई है और औपचारिक आदेश जारी करते हुए विभिन्न प्रयोक्ता अभिकरणों के पक्ष में वन भूमि प्रत्यावर्तन की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें सडक निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग के 11 मामले, पुलिस विभाग के 4, जल शक्ति, एनएचएआई, शिक्षा तथा कृषि विभाग के 2.2 मामले और आईटीबीपी, नगर निगम शिमला, सैनिक कल्याण, गृह रक्षक, स्वास्थ्य, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड का 1-1 मामला शामिल है। उन्होंने कहा कि गत छः माह के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा कुल 46 मामलों में औपचारिक आदेश जारी

किए जा चुके हैं।इसके अतिरिक्त, प्रदेश सरकार द्वारा गत एक माह के दौरान एफ सीए के अन्तर्गत वन भूमि प्रत्यावर्तन के 32 नए प्रस्तावों की संस्तुति प्रदान कर इन्हें केन्द्र सरकार के प्रथम चरण के पूर्व अनुमोदन अर्थात सैद्धांतिक अनुमोदन के लिए भेजा गया है। इनमें सडक निर्माण के 19 मामले, विद्युत, फ ोरलेन निर्माण, शिक्षा व अन्य परियोजनाओं के 2-2 मामले और जल आपूर्ति, सुरक्षात्मक परियोजना, पर्यटन, सौर ऊर्जा परियोजना, रोपवे इत्यादि के निर्माण के लिए प्रस्ताव शामिल हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विकासात्मक कार्यों को गति प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और गत छः माह के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा 110 से अधिक मामलों में संस्तुति प्रदान करते हुए इन्हें केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन के लिए भेजा गया है। हिमाचल प्रदेश के कुल क्षेत्रफल का लगभग 68 प्रतिशत क्षेत्र वैधानिक रूप से वर्गीकृत वन क्षेत्र के अन्तर्गत आता है, जिस पर वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के प्रावधान लागू होते हैं। सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिकांश विकास कार्यों के निर्माण के लिए वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (एफ सीए) की धारा-2 के अन्तर्गत केन्द्र सरकार का पूर्व अनुमोदन अनिवार्य है। वर्तमान में यह प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है तथा इन प्रस्तावों को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के परिवेश पोटर्ल के माध्यम से प्रोसेस किया जा रहा है। इस विषय के महत्व के दृष्टिगत मुख्यमंत्री स्वयं तथा प्रधान सचिव (वन) भी एफ सीए के मामलों का समय-समय पर अनुश्रवण कर रहे हैं। इसके साथ ही प्रदेश सरकार विकास एवं पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण पर भी विशेष ध्यान केन्द्रित कर रही है।

मुख्यमंत्री ने रूप सिंह धूमल के निधन पर शोक व्यक्त किया

टीम एक्शन इंडिया/शिमला

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अखिल भारतीय लघु उद्योग भारती के उपाध्यक्ष एवं संत ग्रुप के अध्यक्ष रूप सिंह धूमल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वह पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के बड़े भाई थे। उनका लंबी बीमारी के बाद गत रात्रि उनका निधन हो गया। अपने शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान करने में रूप सिंह धूमल का योगदान अतुलनीय है।

मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश नर्सिज रजिस्ट्रेशन काउंसिल के पोर्टल का शुभारम्भ किया

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार देर सांय हिमाचल प्रदेश नर्सिज रजिस्ट्रेशन काउंसिल (एचपीएनआरसी) के ऑनलाइन पोर्टल का शुभारम्भ किया। नई लॉच की गई वेबसाइट का उद्देश्य नर्सों को सुविधाजनक तरीके से विभिन्न सेवाओं तक पहुंच प्रदान करना है। इसके अंतर्गत प्राथमिक पंजीकरण, पंजीकरण का नवीनीकरण, अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी करना, अतिरिक्त योग्यता अद्यतन, विदेशी सत्यापन इत्यादि की सुविधाएं उन्हें घरद्वार पर उपलब्ध हो सकेंगी। इसके अतिरिक्त, यह पोर्टल पंजीकरण के ऑनलाइन स्थानान्तरण (माइग्रेशन) और हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के अलावा विदेशों में भी रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल के अंतर्गत इस वेबसाइट को रोजगार विभाग की वेबसाइट के साथ एकीकृत किया जाएगा, जिससे भर्ती एजेंसियों को प्रासंगिक डाटा तक पहुंच बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस एकीकरण से रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलने और प्रतिभा खोज (ट्रैकिंग) प्रक्रियाओं को और कारगर बनाने की उम्मीद है।इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल, इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. सीता ठाकुर और हिमाचल प्रदेश नर्सिज रजिस्ट्रेशन काउंसिल की रजिस्ट्रार सीमा ब्राक्टा भी उपस्थित थीं।

सुमन ने राष्ट्रीय हैंडबॉल में जीता गोल्ड मेडल

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

हैंडबॉल की अंडर-19 नेशनल प्रतियोगिता में हिमाचल ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। पांवटा विधानसभा क्षेत्र के गांव डांडा पागर की रहने वाली सुमन ने हैंडबॉल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। सुमन की इस सफलता से ना केवल गिरीपार या सिरमौर क्षेत्र बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन हुआ है। गौर हो कि गत वर्ष ददाहू मे आयोजित हुई जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में स्कूली छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया था। सिरमौर टीम कोच धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि नालागढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगता गोरखुवाला स्कूल की 6 खिलाडियों ने भाग लिया और सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। उस प्रदर्शन के बलबूते पर जिला सिरमौर से केवल सुमन का सिलेक्शन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ जो कि 6 जून से 11 जून तक दिल्ली में संपन्न हुआ। जिसमें हिमाचल प्रदेश की टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मैच जीते व हिमाचल प्रदेश को गोल्ड मेडल दिलवाया। डांडा पागर गांव की सुमन बहुत ही गरीब परिवार से संबंध रखती है। खेल के क्षेत्र में हमेशा ही बढ़ चढकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करती है। शारीरिक शिक्षक ने बताया कि हमेशा ही तीन-चार किलोमीटर पैदल चलकर या दौड़ कर स्कूल आना उसकी फिटनेस का उदाहरण था जो आज गोल्ड मेडल प्राप्त करके उसने साबित किया है।

योग ओलंपियाड़ में छाए बसदेहड़ा स्कूल के छात्र

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

संतोषगढ़ में आयोजित हुई जिला स्तरीय योग ओलंपियाड में बसदेहड़ा स्कूल के बच्चो ने लडको तथा लड़कियों की दोनो ट्रॉफी फर्स्ट लाकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। लडको की टीम में प्रभव, नवीन, कुश, दीपक, अनिकेत तथा लड़कियों की टीम में मुस्कान, तमन्ना, जानकी व भावना शामिल रहे। स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य राजिंदर महल ने बच्चो को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा एनसीसी कैंप पेखुबेला में विद्यालय की छात्रा मेधा शर्मा ने मैराथन दौड़ में सेकेंड स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

ग्रामीणों ने खुद ही बना डाली सड़क

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री

जब नेताओं ने फ रियाद नहीं सुनी तो ग्रामीणों ने खुद सडक का निर्माण कर दिया। दशकों से सडक की मांग की फरियाद जब नहीं सुनी तो ग्रामीणों ने उपजाऊ भूमि को दान के साथ धन एकत्रित कर पांच सौ मीटर सडक का निर्माण शुरू कर दिया। अनुमानित पांच लाख से अधिक की धनराशि ढाई सौ मीटर सडक के निर्माण पर खर्च भी हो गई है। सोमवार देर शाम ग्रामीणों ने सडक के बीच खड्ड पर पुल के लिए स्लैब डाला। टटानका व मोड? गांव के निवासी कैप्टन गांधी राम, मस्त राम नेक राम, सुंदर सिंह, सुधा देवी, कमला, तृप्ता, रुकमणी, बदना, मोनू, सुरेश ने बताया कि 1925 के बसे इस गांव में सदी बीत जाने के बाद भी सडक का निर्माण करवाने में नेता नाकाम साबित हुए। ग्रामीणों ने डायवर्सन पुल का निर्माण कार्य पूरा कर लिया। अब गांव में छोटे वाहनों के अलावा एंबुलेंस भी पहुंच पाएगी। इस बारे में भाजपा विधायक प्रकाश राणा ने बताया कि उपमंडल के सभी गावों में सडक सुविधा का लाभ दिलाने के लिए उन्होंने पूर्व भाजपा सरकार के माध्यम से यथासंभव प्रयास किए थे। प्रदेश में अब सता परिवर्तन के बाद कांग्रेस सरकार काबिज है। ऐसे में सडक सुविधा से वंचित गांव में निर्माण कार्य करना उनको प्राथमिकता है।

न्यूज फ्लैश

नदी के समीप जाकर जान जोखिम में न डालें, डीसी ने जारी किया आदेश

टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी

वर्षा ऋ तु के आगमन के साथ जिला में नदियों का जल स्तर निरंतर बढ़ रहा है। नदियों में जलस्तर में हो रही बढोतरी के दृष्टिगत कोई भी व्यक्ति विशेषकर सैलानी नदी के समीप न जाएं और न ही नदी में उतरने का जानलेवा साहस करें।उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि प्रशासन को सूचना मिल रही कि पर्यटक नदी-नालों के करीब सैल्फ ी व फ ोटो लेते देखे गये है। इस प्रकार का प्रयास जानलेवा सावित हो सकते है। उन्होंने होटल मालिकों, टैक्सी चालकों तथा आम लोगों से आग्रह किया है कि वे बाहरी प्रदेशों से आए पर्यटकों को नदी-नालों के खतरों के प्रति सचेत करें तथा नदी नालों के समीप बैठने की व्यवस्था को बंद करें।आशुतोष गर्ग ने कहा कि बार-बार चेतावनी जारी करने के बावजूद सैलानी अति उत्साह में नदी के समीप चले जाते हैं और उन्हें यह एहसास नहीं है कि पहाड़ों में नदी का जलस्तर अक्समात बढ़ जाता है जो जीवन के लिये खतरा बन सकता है। नदी नाले इन दिनों उफान पर हैं और ऐसे में नदी से 10 फुट की दूरी बनाकर रखें ताकि अचानक बहाव आने पर अपनी जान बचाई जा सके।उपायुक्त ने कहा कि मनीकरर्ण घाटी में पार्वती नदी उफ ान पर है और बड़ी संख्या में युवा सैलानी जो मनीकर्ण व कसोल घूमने के लिये आ रहे हैं, नदी के किनारे जाने से बचें। नदी का तेज बहाव थोड़ी सी भूल के कारण जानलेवा बन जाता है। उन्होंने कहा कि राफ्टिंग करते समय कोई भी सैलानी नदी की लहरों के साथ अटखेलियां करने की कोशिश न करें। उन्होंने राफ्ट संचालकों को भी निर्देश दिये हैं कि वे किसी भी पर्यटक को राफ्टिंग के दौरान राफ्ट में लटकने की इजाजत बिल्कुल न दें। ऐसा करने पर कारवाई की जाएगी।

बुढ़वार में जमीनी विवाद के चलते सास-बहु से मारपीट

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

पुलिस थाना बंगाणा के तहत बुढ़वार में जमीनी विवाद को लेकर सास व बहु से मारपीट हुई है। मारपीट में दोनों घायल हुए हैं। पुलिस ने बहु की शिकायत पर दो महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ज्योति देवी निवासी बुढवार ने बताया कि मंगलवार शाम को जब यह व इसकी सास खेत में काम कर रहे थे, तो जमीनी विवाद के कारण इसी के गांव की शंकुतला देवी, मधु देवी ने इनके साथ मारपीट और गाली गलोच किया।

संस्कृत शिक्षक व कवि शिवकुमार शर्मा 'शिवा' का ग्लोबल एक्सेलेंसी अवार्ड के लिए चयन

टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/विजय समयाल

हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग में कार्यरत संस्कृत भाषा अध्यापक शिवकुमार शर्मा शिवा का चयन ग्लोबल एक्सेलेंसी अवार्ड 2023 के लिए किया गया है।

बता दें कि यह अवार्ड उन्हें शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने पर दिया जा रहा है। विद्यालयीय पाठ्यक्रम में निर्धारित विभिन्न संस्कृत पद्यात्मक अध्यायों की सरल व सरस धुन में गाकर प्रसारित किया जिसे हिमाचल व

बाहरी राज्यों में भी अनेकों शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशालाओं में शिक्षण अधिगम सामग्री के रूप में प्रयोग किया जा रहा है तथा

वर्ष 2023 का यह सम्मान समारोह जयपुर राजस्थान में आयोजित किया जाएगा।

बहुत से शिक्षक भी इससे लाभान्वित हुए हैं। इसके अतिरिक्त हिन्दी गीतों का संस्कृतानुवाद कर भी शिवा शर्मा ने यूट्यूब से प्रसारित किया, जिसकी बहुत से दर्शकों व भाषा प्रेमियों ने प्रशंसा की तथा संस्कृत न जानने वाले व्यक्ति भी भारत की धरोहर संस्कृत भाषा के प्रति आकर्षित हुए। इसके अतिरिक्त हिमसंस्कृतवार्ता संस्कृत न्यूज चैनल में भी शिवा शर्मा वार्ता वाचन करते हैं तथा संपादन करते हैं। शिवा शर्मा हिन्दी व संस्कृत भाषा के कवि हैं जिनकी अनेकों रचनाएं विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती हैं। शिवा द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा कर भव्या फाउंडेशन जयपुर द्वारा इन्हें ग्लोबल एक्सेलेंसी अवार्ड 2023 के लिए चुना गया ताकि अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बन सकें।

जानकारी के अनुसार भव्या फाउंडेशन आयोग भारत सरकार द्वारा पंजीकृत एक संस्था है जो कैंसर, पीड़ित व दिव्यांग लोगों की सहायतार्थ कर कर रही है तथा समाज में विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करती है। वर्ष 2023 का यह सम्मान समारोह जयपुर राजस्थान में आयोजित किया जाएगा। जिसमें पन्द्रह देशों के प्रतिनिधि तथा भारत के लगभग सभी राज्यों से चुनी गई विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। भव्या फाउंडेशन की निदेशक डॉ. निशा माथुर तथा संस्थापक शैलेन्द्र माथुर हैं जिनकी देखरेख में वर्ष 2023 का यह कार्यक्रम जयपुर राजस्थान में आयोजित किया जाएगा।

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी 15 जून को जोगिंद्र नगर नगर प्रवास पर

टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनग/संगराय

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी 15 जून को जोगिंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे प्रातः 11 बजे चौंतड़ा में हाइड्रोपोनिक पुष्प क्रांति योजना, टिशु कल्चर लैब तथा एरोपॉनिक लैब चौंतड़ा का निरीक्षण करेंगे। इस बारे जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जगत सिंह नेगी दोपहर बाद राजस्व प्रशिक्षण संस्थान जोगिन्दर नगर का भी निरीक्षण करेंगे।

कैडेटों ने अनुशासन, सहयोग व नेतृत्व के सीखे गुण: शर्मा

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री

हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू का राज्य स्तरीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर पनारसा में आयोजित किया गया। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एसके शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट ग्रुप कैप्टन एसके शर्मा ने कैंप फायर की रस्म अदा की। डिप्टी कैंप कमांडेंट फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन के नेतृत्व में कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एसके शर्मा

को कैडेटों ने शस्त्र सेल्यूट पेश किया। कैंप कमांडेंट ग्रुप कैप्टन एस के शर्मा ने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों ने अनुशासन, सहयोग व नेतृत्व के गुण सीखे हैं। इन गुणों से कैडेट जीवन में चुनौतियों का मुकाबला करने की सीख लेंगे। डिप्टी कैंप कमांडेंट फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य कैडेटों में चरित्र, अनुशासन, साहस, स्पोर्ट्र्समैनशिप व नेतृत्व के गुण विकसित करना है। एनसीसी एयर विंग कैडेटों को बेहतरीन इंसान बनाने व चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए प्रशिक्षण शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेटों को छोटे हथियारों का प्रशिक्षण, निशानेबाजी, ड्रिल, नेशनल इंटीग्रेशन, आपदा प्रबंधन, सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक विकास, हेल्थ हाइजीन, पर्यावरण जागरूकता व संरक्षण, एडवेंचर ट्रेनिंग, ऑब्सटेकल ट्रेनिंग, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एंड लीडरशिप, एयरो मॉडलिंग व एनसीसी एए बीए व सी प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया गया।

भांदल में युवक की हत्या को लेकर भारी रोष

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद

चंबा जिला के भांदल पंचायत के गांव के एक युवक की निर्मम हत्या को लेकर इलाके में भारी और उस तथा तनाव है। इस घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद हिंदू जागरण मंच सहित बजरंग दल तथा अन्य हिंदू धार्मिक संगठनों ने इसके विरोध में धरने प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं तथा इस हत्या में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांगी है। इन धार्मिक संगठनों के अनुसार ऐसी निर्मम हत्या हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुई है जब किसी व्यक्ति की हत्या करके उसके टुकड़े-टुकड़े कर बोरे में डालकर नष्ट करने की कोशिशें की गई। इन संगठनों का कहना है कि इस परिवार द्वारा युवक की हत्या करने तथा इस प्रकार से उसकी लाश के साथ हरकत करना मानवता को तार-तार कर रहा है। बीते रोज मामले को लेकर इन संगठनों द्वारा प्रदेश के बागवानी मंत्री के समक्ष प्रदर्शन किया गया तथा नारेबाजी हुई व ज्ञापन देकर मांग की गई की इस जघन्य हत्याकांड में शामिल परिवार के लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह संगठन कड़े कदम उठाने से भी गुरेज नहीं करेंगे। इस मौके पर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष हंसराज तथा डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर ने भी इस घटना की पूरी तरह निंदा करते हुए कहा की सरकार जल्द से जल्द इन हत्यारों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। हंसराज ने कहा कि जब से

कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। उधर दूसरी तरफ एसपी चंबा ने एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि मनोहर नाम का लडका जिसकी उम्र 28 साल थी यह 6 तारीख से अपने घर से लापता हो गया तथा इसकी रिपोर्ट 8 जून को थाना किहार को दर्ज की गई तथा जब खोजबीन शुरू हुई और 9 तारीख को इसका शव एक नाले से बरामद हुआ जो क्षत-विक्षत स्थिति में था एसपी चंबा के अनुसार इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा फ रॆंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया जिसमें गहराई से इसकी जांच की उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में कुछ गिरफ्तारियां भी हुई है तथा संभवत जांच के दौरान कुछ और लोगों को भी गिरफ्तार किया जा सकता है। फि लहाल पुलिस ने इस हत्याकांड में उक्त लडकी के चाचा, चाची, भाई को गिरफ्तार किया है तथा उक्त नाबालिक लडकी सहित एक अन्य नाबालिग को पूछताछ मैं शामिल किया है।

खेत-खलिहानों में जाकर किसानों की समस्यास्यों का समाधान करें अधिकारी: नेगी

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद

राजस्व, बागवानी तथा जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे किसानों-बागवानों के खेत-खलियान में जाकर उन्हें पेश आ रही समस्याओं का समाधान करें ताकि किसानों-बागवानों आर्थिकी को और सशक्त बनाया जा सके। जगत सिंह नेगी मंगलवार को देर सांय भरमौर स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में जन समस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ जनसाधारण तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए जगत सिंह नेगी ने एकीकृत जन जातीय विकास परियोजना भरमौर

से संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को पंचायत स्तर पर विशेष जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि किसानों-बागवानों को उपज का सही मूल्य मिले इसको लेकर प्रदेश सरकार विशेष निगरानी रख रही है। जनजातीय क्षेत्र भरमौर-पांगी के तहत उन्नत किस्म के सेव एवं अन्य प्रजातियों के फ लदार पौधों की समुचित उपलब्धता को लेकर बागवानी मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को पंचायत स्तर पर मांग सूची तैयार कर निदेशालय को भेजने के भी निर्देश दिए। उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि क्षेत्र की जलवायु के अनुकूल उन्नत प्रजाति के विभिन्न फलदार पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने आगे यह भी कहा कि प्रदेश सरकार अनुदानित दरों पर एंटी हेलनेट और सोलर फेंसिंग लगाने की सुविधा प्रदान कर रही है। उन्होंने लोगों से सरकार की इन योजनाओं से लाभ लेने का आग्रह भी किया। उन्होंने ने इस दौरान लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकांश का मौके पर ही निपटारा किया। शेष समस्याओं को शीघ्र समाधान के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बागवानी मंत्री को विभिन्न मांगों को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा। उन्होंने रखे गए मांग पत्र को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी वरिष्ठ प्रवक्ता राज्य कांग्रेस कमेटी अमित भरमौरी, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी नरेंद्र चौहान, एसडीएम कुलबीर सिंह राणा, उप निदेशक उद्यान डॉ. राजीव चंद्रा, सहित आदि उपस्थित रहे।

डेंगू मलेरिया के मामलों को लेकर अलर्ट हुआ स्वास्थ्य विभाग

टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष

बरसात शुरू होते ही डेंगू मलेरिया के मामले लगातार बंद हो जाते हैं जिला सोलन के साथ बॉर्डर एरिया हरियाणा भी लगता है ऐसे में यहां पर ज्यादा मामले डेंगू मलेरिया के सामने आते हैं इसको लेकर जहां बीते दिनों स्वास्थ्य विभाग ने हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के साथ एक मीटिंग की है वही एक डिस्ट्रिक्ट टास्कफोर्स मीटिंग का आयोजन आज किया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा और जलशक्ति वभाग के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। बैठक के दौरान एडीसी सोलन अजय यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

उपायुक्त की अध्यक्षता में मानसून की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी की अध्यक्षता में गत दिवस को शिमला जिला में मानसून सीजन 2023 को लेकर तैयारियों के संदर्भ में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने बताया कि इस वर्ष शिमला जिला में मानसून सामान्य से कम रहने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि 23 जून से बाद प्री-मानसून रहने की संभावना बताई जा रही है। उन्होंने इस संदर्भ में सभी अधिकारियों को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी पूर्व चेतावनी परामर्श को आम जन तक पहुंचाने के भी निर्देश दिए ताकि किसान एवं बागवान इससे बचाव के लिए समय रहते

उचित कदम उठा सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, नगर निगम और नगर पालिकाओं को समय रहते सडक किनारे नालियों इत्यादि की सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त जिला में असुरक्षित क्षेत्रों, सडकों आदि का भी चिन्हित किया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने इन क्षेत्रों को ठीक करने के भी निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो। उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को दूर दराज के क्षेत्रों में 15 दिनों के भीतर आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए ताकि आपातकालीन स्थिति में खाद्य सामग्री की कमी न हो। उन्होंने कहा कि जिला के सभी उपमंडल में राहत और बचाव दलों का भी गठन किया जा चुका है ताकि आपदा के समय इन दलों की सहायता ली जा सके। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त आईटीबीपी, आर्मी, एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ के साथ भी समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता है। उन्होंने एनडीआरएफ व एसडीआरएफ से आए अधिकारियों को आपदा के समय त्वरित सहायता प्रदान करने का भी आग्रह किया ताकि कम से कम नुकसान हो सके। उन्होंने वन विभाग को वर्षा ऋ तु से पूर्व जिला में खतरनाक पेड़ों को हटाने के निर्देश भी दिए ताकि उनके गिरने से जान माल का नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि जिला में हो रहे नुकसान का दैनिक आधार पर ऑनलाइन रिपोर्टिंग अवश्य करें ताकि वास्तविक स्थिति का पता चल सके। बैठक में जिला के समस्त उपमंडल दंडाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया

टीम एक्शन इंडिया/रामपुर बुशहर/लिहांटू

गत दिवस को रक्तदान की महत्ता और उसके बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु रामपुर एचपीएस में विश्व रक्तदाता दिवस का आयोजन किया गया। परियोजना चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक आनंद सुरीन द्वारा सभी कर्मचारियों को प्रातः 10:30 बजे रक्तदान शपथ दिलाई गई और इस दिन की विशेषता के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। पूरी दुनिया को ब्लड ग्रुप से अवगत कराने वाले वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीनर का जन्मदिन 14 जून, 1868 को हुआ था। उनके इस अविष्कार के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार मिला थां मानव जाति को उनें इस योगदान के लिए याद किया जाता है और उनके जन्मदिन यानि 14 जून को प्रतिवर्ष विश्व रक्तदाता दिवस के रू में मनाया जाता है। हर वर्ष रक्तदाता दिवस की एक खास थीम होती है। इस साल विश्व रक्तदाता दिवस की थीम है रक्त दो, प्लाज्मा दो, जीवन साझा करो, अक्सर साझा करो मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा यह संदेश दिया गया कि विश्व रक्तदाता दिवस मनाने का यही उद्देश्य है कि हम रक्तदान के प्रति लोगों

को जागरूक करें, रक्तदान को बढ़ावा दें और रक्तदाता का आभार व्यक्त करें तथा दुनियाभर के जरूरतमंद लोगों को खून उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करें ताकि खून की कमी से किसी मरीज की जान न जाए। चूँकि इस सामाजिक आवश्यकता और उसकी गंभीरता के प्रति संवेदनशील एसजेवीएन प्रबंधन द्वारा निगमित कार्यालय और अन्य सभी परियोजनाओं में प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, अतः एसजेवीएन प्रबंधन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि विश्व रक्तदाता दिवस के दिन निगमित कार्यालय और सभी परियोजना स्थलों/कार्यालयों में वहां के शीर्ष 10 रक्तआताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसी कड़ी में रामपुर एचपीएस के बायल कार्यालय स्थित सम्मेलन कक्ष में पूर्वाहन 11:30 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा उन शीर्ष 10 चयनित रक्तआताओं को हिमाचली परम्परा अनुसार टोपी, मफलर और एक स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया, जिन्होनें एसजेवीएन के सौजन्य से रामपुर एचपीएस द्वारा आयोजित विभिन्न रक्तदान शिविरों में अधिक रक्तदान किया। सम्मानित रक्तआताओं के नाम इस प्रकार हैं- रितेश गुप्ता, हरविंदर सिंह, सुनील कुमार, रोहित ठाकुर, सुरिन्दर सिंह, बलवंत सिंह राणा, संजीव कुमार, अंजना कुमार, तिलक राज एवं मधु शर्मा।

इस अवसर पर डॉ. विवेक आनंद सुरीन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जोकि वर्ष 1983 से अब तक कुल 133 बार रक्तदान कर चुके हैं तथा वर्ष 2010 से महात्मा गांधी मेडिकल सर्विसिज काम्प्लेक्स, खनेरी में एक निश्चित अवधि के अंतराल के बाद जब-जब रक्त की आवश्यक्ता होती है, लगातार रक्तदान कर रहे हैं और वे एक मास्टर रक्तदाता है, को उनके इस उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य के लिए उन्हे प्रकाश चंद, अपर महाप्रबंधक, पीएचईएम विभाग द्वारा विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामपुर एचपीएस के समस्त विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

न्यूज फ्लैश

पुलिस पेंशनर्स संगठन ने स्कूल छात्रों को नशीले पदार्थों व यातायात बारे जानकारी दी

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर संगठन जिला सिरमौर की और से गवर्नमेंट मॉडल शमशेर सिनियर सेकेंडरी बॉयज स्कूल नाहन मै छात्रों और शिक्षकों के साथ सभी प्रकार के नशीली दवाओं व नशीले पदार्थो एवं यातायात नियमों पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे संगठन अध्यक्ष एम आई खान ने सभी छात्रों को नशा और यातायात के बारे में जागरुक किया। सभी प्रकार के नशीले पदार्थो के प्रकार और इसको सेवन करने से शरीर और जीवन पर पड? वाले दुष्प्रभाव एवं इससे संबंधित कानून के बारे अवगत करवाते हुए बताया गया कि आज बहुत बडी संख्या में आज का युवा वर्ग भारी संख्या में नशे की लत मै पड़ गया है नशा एक बहुत भयानक और स्लो पॉइजन वाली घातक बीमारी है जिसको व्यक्ति स्वयं ग्रहण करता है। नशे की लत पड? पर अपने लिए नशा उपलब्ध करने के लिया वह व्यक्ति अपना सब कुछ दांव पर लगाते हुए अपना जीवन बर्बाद कर लेता है। नशा उपलब्ध नहीं होने पर दूसरे की हत्या भी कर देता है और स्वयं आत्महत्या भी कर लेता है इसलिए नशे को नही अपनाए इस से दूर रहें। इस अवसर पर पुलिस पेंशनर्स संगठन के सदस्य एम आई खान राकेश कुमार ओर परमोद सिंह साथ रहे। और प्रधानाचार्य राज कुमार चौहान और अन्य सभी शिक्षिक गण उपस्थित रहे

नीचे हुई थी कटिंग, उपर खड़ा कर दिया रोड़ रोलर, गिर गया डंगा, धंस गई सडक

मंडी शहर के स्कूल बाजार में डंगा ढहने से टूटा सडक का एक बड़ा हिस्सा

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री

मंडी शहर के स्कूल बाजार में डंगा ढह जाने से सडक क्षतिग्रस्त हो गई। यह डंगा बीती रात करीब ढाई बजे गिरा। गंगा गिरने से एक रोड़ रोलर क्षतिग्रस्त हो गया तो वही जारी निर्माण कार्य को काफी नुकसान पहुंचा है। मिली जानकारी के अनुसार स्कूल बाजार में निमार्णाधीन मल्टीप्लेक्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य चला रहा है। जहाँ निर्माण कार्य चल रहा इसके लिए सडक के साथ लगते डंगे के नीचे खुदाई की गई थी। शहर की सडकों पर पैचवर्क का कार्य भी चला हुआ है। रात को पैचवर्क का कार्य समाप्त करने के बाद ठेकेदार ने उसी डंगे के उपर रोड़ रोलर खड़ा कर दियाए जिसके नीचे खुदाई की हुई थी। यह डंगा रोड़ रोलर का भार नहीं सह पाया और जरा सी हलचल से जमींदोज हो गया। मल्टीप्लेक्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कर रही डीकेएस कंपनी के चेयरमैन दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन तैयार करके आज कंकरीट का काम करना था, लेकिन गलती से दूसरे ठेकेदार द्वारा उसी स्थान पर रोड़ रोलर खड़ा करने से यह हादसा हुआ है। रात को सडक किनारे रोड़ रोलर खड़ा करने वाले ठेकेदार काशी राम का कहना है कि उसने खाली जगह देखकर रोड़ रोलर खड़ा किया था। यदि वहां ऐसी कोई बात थी तो बैरिकेटिंग की जानी चाहिए थी। हम शहर में पैचवर्क का कार्य कर रहे हैं और हमें रात को खुले स्थान पर रोड़ रोलर पार्क करने को कहा गया है। एडीएम मंडी अश्वनी कुमार ने बताया कि डंगा ढहने के और सड़क धंसने के क्या कारण रहे, इसके लिए लोक निर्माण विभाग को जांच करने के आदेश दे दिए गए हैं। अभी मौके पर एक तरफ ा सडक यातायात के लिए बहाल है।

भाजपा नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के बड़े भाई रूप सिंह धूमल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना, सह-प्रभारी संजय टंडन, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिन्दल, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, सांसद सुरेश कश्यप, किशन कपूर, इंदू गोस्वामी, प्रो. सिकन्दर कुमार, महामंत्री त्रिलोक जम्वाल, त्रिलोक कपूर, राकेश जम्वाल, सभी विधायक, प्रदेश पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के बड़े भाई, केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के ताया लघु उद्योग भारती के

अखिल भारतीय उपाध्यक्ष रूप सिंह धूमल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे।

भाजपा नेताओं ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

सरस्वती पैराडाइज में हुआ कार्यकारी निकाय के सदस्यों का चयन

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

गत दिवस को सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल संजौली शिमला की प्रबंधक कमेटी पैरामाउंट पब्लिक स्कूल एजुकेशन सोसायटी के कार्यकारी निकाय के सदस्यों का चुनाव चमियाणा पंचायत भवन में तहसीलदार ग्रामीण संजीव गुप्ता की अध्यक्षता व दिशा निर्देश में संपन्न हुआ। जिसमें हिमांक मित्तल को अध्यक्ष, दीपेश डोगरा को उपाध्यक्ष, अपूर्व गर्ग को कोषाध्यक्ष तथा अशोक गोयल को सचिव चुना गया। कार्यकारी निकाय के अन्य सदस्य अनिल भाटिया, विनीत भाटिया और हरजस सूद रहे। यह सभी स्कूल

के उज्जवल भविष्य के लिए कार्य करेंगे जिसमें बच्चों, अभिभावकों और अध्यापकों का हित सर्वोपरि होगा। निकाय के सभी सदस्यों ने यह निर्णय लिया कि वे सभी स्कूल के हित को मद्देनजर रखते हुए अपना-अपना सहयोग देंगे। विद्यालय प्रधानाचार्य मनदीप राणा ने सभी सदस्यों से यह निवेदन किया कि वह स्कूल को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपना उचित समय निकालकर स्कूल के उज्जवल भविष्य के लिए काम करने में सहयोग दें। चुनाव संपन्न होने के बाद विद्यालय पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय धर्मपाल मित्तल और पूर्व कोषाध्यक्ष और सचिव स्वर्गीय नूतन रानी को याद करते हुए सभी सदस्यों द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि दी गई और यह प्रण लिया कि उन्होंने जिस उद्देश्य के लिए इस सोसाइटी और स्कूल का निर्माण किया था उसे पूरा करने में कार्यकारी सदस्य की टीम कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सर्व जनहित में यह सूचना जारी की जाती है कि मनीषा मित्तल पत्नी सुभाष यादव निवासी रेवाड़ी का स्कूल से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है।

भविष्य में किसी भी व्यक्ति को यदि उनके साथ किए गए किसी आर्थिक या अन्य प्रकार के लेनदेन से कोई हानि पहुंचती है तो स्कूल प्रबंधन उसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

किन्नौर में मनाया जा रहा है अंतर्राष्ट्रीय योग माह

टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल

जिला के 5484 लोगों को योग शिविरों के माध्यम से योग के प्रति किया गया जागरूक

जिला किन्नौर में 01 जून, 2023 से अंतर्राष्ट्रीय योग माह मनाया जा रहा है जिसके तहत अब तक विभिन्न योग शिविरों के माध्यम से जिला के 5484 लोगों को योग के प्रति जागरूक किया जा चुका है। यह जानकारी गत दिवस को जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि जिला किन्नौर के विभिन्न स्थानों व संस्थानों में योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला के विभिन्न अस्पतालों, विद्यालयों, सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों, महिला मण्डलों व युवक मण्डलों में योग शिविरों का आयोजन कर आम लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर के साथ-साथ तनाव मुक्त जीवन के प्रति जागरूक किया जा रहा है।डॉ. इंदु शर्मा ने बताया कि अब तक जिला के 205 गांव में योग शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 1100 लोगों ने भाग लिया। इसके अलावा जिला के 135 विद्यालयों में विशेष योग शिविर आयोजित कर 3843 विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग करने के प्रति जागरूक किया गया। इसी प्रकार जिला के 37 विभिन्न संस्थानों जिनमें महिला मण्डलों, बैंकों, प्रशासनिक कार्यालयों, पुलिस अधीक्षक कार्यालय इत्यादि शामिल हैं, में योग शिविर आयोजित किए गए जिसके माध्यम से 561 लोगों को योग के प्रति जागरूक किया गया।

21 जून, 2023 को आयोजित किया जाएगा विशेष योग शिविर जिला आयुष अधिकारी किन्नौर डॉ. इंदु शर्मा ने बताया कि 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून, 2023 को जिला के रिकांगपिओ स्थित आईटीबीपी मैदान में विशेष योग शिविर आयोजित किया जाएगा।

बीदड़वाल में सट्टा लगाते एक काबू

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

पुलिस थाना हरोली के तहत बीदड़वाल में पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा लगाते हुए काबू किया है। पुलिस ने व्यक्ति से 1060 रुपये की नगदी हासिल की है, जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक हरोली पुलिस मंगलवार देर शाम बीदड़वाल में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने गांव के हैप्पी को दडड़ा सटटा व 1060 रुपये नगदी सहित काबू किया। डीएसपी रावत ने बताया कि पुलिस ने हैप्पी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्रम विभाग की टीम ने मारा दुकानों पर छापा, दुकान में काम करता मिला 13 वर्षीय बच्चा

टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा

घुमारवीं शहर व आसपास के क्षेत्रों में बढ़ रही बाल मजदूरी की शिकायतों के चलते श्रम विभाग की टीम ने शहर की विभिन्न दुकानों में दबिश दी। विभाग द्वारा अचानक की गई इस छापेमारी के दौरान पूरे शहर के व्यापारियों में हडकंप मच गया। इस दौरान दुकान मालिकों द्वारा दुकानों पर रखे गये नौकरों का विवरण हाजिरी रजिस्टर, वेतन रिकॉर्ड , शॉप लाइसेंस सहित अन्य अवश्य के रिकॉर्ड चेक किए गए। विभाग द्वारा अचानक दी गई इस दबिश के दौरान एक रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान पर एक 13 वर्षीय बच्चे को काम करते पाया गया। दुकानदार से उस बच्चे से संबंधित रिकॉर्ड मांगने पर दुकानदार कोई भी रिकॉर्ड विभाग को नहीं दिखा पाया। दुकानदार के पास ना तो बच्चे का आधार कार्ड था और ना ही अन्य विवरण। विभागीय अधिकारियों द्वारा जांच करने पर पाया गया कि दुकानदार द्वारा इस बच्चे से सेल्जमैन का कार्य करवाया जा रहा था तथा दिन 15 घन्टे काम लिया जा रहा था, साथ ही घर का तथा अन्य काम भी करवाए जा रहे थे ।।जिस पर विभाग द्वारा दुकानदार पर कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान दुकानदार से बच्चे का सभी रिकॉर्ड दो दिन के भीतर विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए गए। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा चाइल्ड हेल्पलाइन के अधिकारियों द्वारा बच्चे की काउंसलिंग की गई जिसमें पाया गया कि बच्चे से बाल मजदूरी करवाई जा रही थी बच्चे द्वारा दिए अपने बयान में उसे किसी भी प्रकार का कोई वेतन ना देने की बात कही गई है साथ ही बच्चे ने बताया कि उसे काम करने के बदले में रहने की जगह तथा दो वक्त का खाना दिया जा रहा था।

हिमाचल प्रदेश के हर क्षेत्र में मोदी ने तप किया है : बिंदल

टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने ढालपुर रथ मैदान से एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा हिमाचल और कुल्लू के निवासी है। नड्डा हमारे दिल के बहुत करीब है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल प्रदेश को अपना दूसरा घर मानते हैं यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल प्रदेश के गांव गांव, सडक सडक को पहचानते हैं और हिमाचल प्रदेश के हर क्षेत्र

में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तप किया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी कि केंद्र सरकार के 9 साल बेमिसाल रहे हैं और नरेंद्र मोदी एवं जयराम ठाकुर की सरकार ने हिमाचल की कायाकल्प की है। आज हम भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत घर-घर जाएंगे और केंद्र सरकार की उपलब्धियां पहुंचाने का उत्तम कार्य करेंगे, इसके साथ हम पूर्व में जयराम ठाकुर सरकार की उपलब्धियों को भी घर-घर पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा की आज सरकार की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है, पूरे प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों की तनख्वाह भी इस सरकार ने कुछ संस्थानों में देनी बंद कर दी गई है और आज तो कुल्लू जिलों में एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें कांग्रेस के नेता बार.बार कह रहे हैं कि प्रदेश की प्रत्येक महिला को हम सत्ता में आते ही हर महीने 1500 रू देंगे। अगर घर में एक बहन है तो 1500, दो बहने हैं तो 3000, तीन बहने हैं तो 4500 और चार बहने हैं तो 6000। कहां गया यह प्रदेश की महिलाओं का हक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो हिमाचल प्रदेश में युवाओं को 5 लाख नौकरियां देने का वादा भी किया था, पर नौकरियां देनी तो दूर लोगों को नौकरियों से निकालने का काम यह सरकार कर रही है। सरकार में आते ही पूरे प्रदेश में सभी संस्थानों को बंद करने का काम किया था।यह सरकार केवल झूठ बोलकर सत्ता में आई है।

रोड़ सेफ्टी क्लब ने महलात क्षेत्र में नो-पार्किंग जोन का जायजा लिया

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

नाहन रोड सेफ्टी क्लब की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने बुधवार सुबह महलात पर नो पार्किंग जोन की व्यवस्था का जायजा लिया। क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र तोमर व वार्ड नंबर-7 के पार्षद राकेश गर्ग के अलावा ट्रैफि क प्रभारी भी मौजूद रहे। इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने टू व्हीलर पार्किंग के लिए येलो लाइन लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही ये भी हिदायत जारी की गई कि दो पहिया वाहनों की स्थाई पार्किंग को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।फैसला हुआ कि महलात की घाटी में नो पार्किंग जोन के बोर्ड लगाए जाएंगे। इसके अलावा

शाही महल की दीवार के साथ 6 फोर व्हीलर वाहनों के लिए भी यैलो लाइन होगी। इसके अतिरिक्त बड़ा चौक की तरफ भी टू व्हीलर पार्किंग के लिए यैलो लाइन लगेगी। साथ ही दीवार पर नो पार्किंग जोन की चेतावनी को दशार्या जाएगा।

क्लब के सदस्यों का कहना था कि टू व्हीलर को पार्क करने के बाद मालिक बसों में दूसरे स्थानों पर चले जाते हैं। ये वाहन स्थाई तौर पर पार्क रहते हैं, इस कारण बैंक आने वाले उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

क्लब की महिला सदस्यों ने अवगत करवाया कि वो जल्द ही ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूकता अभियान शुरू करेंगी। इसमें नियमों के साथ-साथ दो पहिया व चार पहिया वाहन धारकों को इस बात से अवगत करवाया जाएगा कि गलत व अवैध पार्किंग की वजह से आम जनमानस को दिक्कतों का सामना तो करना ही पड़ता है, साथ ही आपातकाल में एंबूलेंस व फायर ब्रिगेड इत्यादि को भी दिक्कत होती है।क्लब के सदस्य ने उदाहरण देते हुए ये भी बताया कि हाल ही में बड़ा चौक बाजार में एक दुकानदार को हार्ट अटैक आया था, लेकिन रोगी वाहन बाजार में नहीं पहुंच पाया था। पार्षद राकेश गर्ग ने कहा कि महलात पर फायर हाईडेंट के समीप तीन पोल लगाए जाएंगे, ताकि वाहनों का अतिक्रमण रोका जा सके।रोड सेफ्टी क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने कहा कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सही करने की दिशा में उचित कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि महलात का नो पार्किंग जोन पूरे शहर के लिए एक आदर्श बना है। तोमर ने कहा कि व्यवस्था को बनाने में व्यापारियों के साथ-साथ आम लोगों ने भी सहयोग किया है।

धनयारा में बादल फटने से भारी तबाही

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री

सुंदरनगर के दुर्गम क्षेत्र ग्राम पंचायत धनयारा में मंगलवार देर शाम बादल फ टने से बाढ़ आने से भारी तबाही हुई है। इस घटना में दोगरी, हाड़ाबोई और करला गांव के लोगों की कई बीघा जमीन भी बाढ़ के पानी में बह गई है। बादल फटने से दो गाडि?ां पानी में बह गई हैं और कुछ गाडि?ों को कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। बादल फटने से एक गाय की भी मौत हो गई है। वहीं स्थानीय लोगों और प्रशासन ने करीब 4 घंटे का रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर 40 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

है। जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत धनयारा की प्रधान मीरा देवी ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 5:30 बजे के आसपास क्षेत्र में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। लोगों की कई बीघा जमीन बाढ़ में बह गई है और 2 गाडि?ों सहित 3 रेहडि?ा भी बह गई है। बाढ़ में फंसे 40 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। क्षेत्र के सभी संपर्क मार्ग भी टूट गए हैं। उन्होंने बताया कि रात होने के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन में परेशानी आ रही है। नुकसान का आंकलन सुबह होते ही लगाया जाएगा। वहीं मामले पर खंड विकास अधिकारी सुंदरनगर विवेक चौहान ने कहा कि ग्राम पंचायत धनयारा में हुए नुकसान को लेकर स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि बादल फटने से अचानक आई बाढ़ के कारण विभिन्न जगहों में फंसे हुए लोगों को उनके घरों में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है। क्षेत्र में हुए नुकसान का आकलन राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।

सर नाले के तटीकरण से करीब चार दशक पुरानी मांग पूरी: उपमुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बुधवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के पंजावर में 7.22 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सर नाले के तटीकरण का शिलान्यास किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सर नाले के तटीकरण होने से पंजावर क्षेत्र की करीब 4 दशक पुरानी मांग पूरी हुई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नाले के तटीकरण होने से लगभग 102 घर लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि नाले में बरसात के दौरान लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब नाले का तटीकरण होने से स्थानीय लोगों को बरसात के दिनों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि नाले के तटीकरण के कारण 158 हेक्टेयर भूमि संरक्षित होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि निर्मित होने वाले बाढ़ निकासी तटबांध की कुल लंबाई 8460 मीटर होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली प्रदेश में विकास का मॉडल बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि हरोली विस में पेयजल और सिंचाई योजनाओं पर कार्य किया जाएगा, जिसके लिए 32 करोड़ का टेंडर जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पानी की समस्या से निपटने के लिए 15 ट्यूबवैल लगाए जाएंगे और दर्जनों टैंकों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरोली विस के विभिन्न स्थानों पर बनने वाले टैंकों का निर्माण सितंबर माह से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरोली हल्के में डेढ़ साल के भीतर पेयजल और सिंचाई को लेकर कोई दिक्कत नहीं होगी। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए लगभग 70 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जाएगी, जिसके तहत 122 तालाबों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य को पूर्ण करने की योजना का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पथ परिवहन निगम बीओडी के सदस्य रणजीत राणा, प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं आरटीए के सदस्य अशोक ठाकुर, जिला कांग्रेस महासचिव प्रमोद कुमार, हरोली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद कुमार बिट्टू, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जन प्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

राज्यपाल ने रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ

▶▶ इस अवसर पर राज्यपाल ने रक्तदाताओं से बातचीत की और उनके मानवीय कार्यों की सराहना की

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण शाखा द्वारा आयोजित विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर राज्यपाल एवं राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया।इस अवसर पर राज्यपाल ने रक्तदाताओं से बातचीत की और उनके मानवीय कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा यह स्वैच्छिक रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है जो रक्तदान कर समाज सेवा की दिशा में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान की महत्ता को समझते हुए राज्य रेडक्रॉस अपनी विभिन्न शाखाओं के माध्यम से इस प्रकार के शिविरों का आयोजन कर रहा है और आम जनता को रक्तदान के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में सेना के जवान भी शिविर में रक्तदान कर रहे हैं। सेना के जवान सीमा पर तैनात होकर देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं और रक्तदान कर समाज सेवा के लिए वे समर्पित रहते हैं। उन्होंने लोगों से बढ़-चढ़ कर रक्तदान करने का आग्रह भी किया। राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण शाखा की मानद सचिव डॉ. किमी सूद, क्लस्टर हेड, क्लब महिंद्रा, गगनदीप और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

राज्यस्तरीय शूलिनी मेले में 13 खेलकूद प्रतियोगिता होगी

टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष

बुधवार को डीसी कार्यालय सोलन में राज्यस्तरीय तीन दिवसीय माता शूलिनी मेले की खेलकूद प्रतियोगिता समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसपी सोलन वीरेंद्र शर्मा ने की। इस दौरान गैर सरकारी सदस्यों को भी बैठक में आमंत्रित किया गया था। राज्यस्तरीय शूलिनी मेले में इस बार कुल 13 खेल प्रतियोगिता करवाई जाएगी। बैठक की जानकारी देते हुए एएसपी सोलन योगेश रोलटा ने बताया कि इस बार मेले में विभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

आईआईटी मंडी के शोधकर्ताओं ने सिंधु नदी के प्रवाह क्षेत्र में बदलाव का लगाया पता

▶▶ सिंधु नदी के प्रवाह क्षेत्र में ऊंचाई और सूखे की घटना के बीच संबंध को समझने के लिए मौसम संबंधी मापदंडों का किया उपयोग

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री

आईआईटी मंडी के शोधकर्ताओं ने ऊंचाई और सूखे की विशेषताओं के बीच संबंधों का अध्ययन किया है। भारत में सिंधु नदी के प्रवाह क्षेत्र में केंद्रित इसअध्ययन नेइस क्षेत्र में जल प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन रणनीतियों के लिए एक बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की है। इस रिसर्च के निष्कर्षों को जर्नल एटमॉस्फेरिक रिसर्च में डॉ. दीपक स्वामी, एसोसिएट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ सिविल एंड एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग, आईआईटी मंडी, डॉ. विवेक गुप्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ सिविल एंड एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग, आईआईटी मंडी और आईआईटी जम्मू के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. नितिन जोशी के साथ आईआईटी मंडी के पीएचडी स्कॉलर अमित दुबे के सहयोग से प्रकाशित किया गया है। जनसंख्या में लगातार वृद्धि के साथ ही पानी की मांग में भी लगातार वृद्धि हो रही है किन्तु इसकी उपलब्धता सीमित है। इसके साथ ही वैश्विक जलवायु परिवर्तन और बाढ़ और सूखे जैसे अत्यधिक जल संबंधित घटनाओं के कारणमानव समाज को खतरा पैदा हो रहा है। आईआईटी मंडी के डॉ. दीपक स्वामी ने कहा कि भारत के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 1951 से 2016 की अवधि में सूखा होने की आवृत्ति में वृद्धि देखी गई है और बहुत से क्षेत्रों में हर दशक में दो से अधिक सूखे की स्थिति पैदा हुई है। इसलिए प्रभावी जल प्रबंधन योजना के लिए सूखे की गतिशीलता को समझना महत्वपूर्ण है। उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को विशेष रूप से सूखे की स्थिति के लिए संवेदनशील माना जाता है। अलग-अलग समय पर सूखे की प्रवृत्ति और ऊंचाई के बीच संबंध का विश्लेषण करने से सूखे की भविष्य वाणी करना और उनके प्रभावों को कम करने के लिए नीतियों को तैयार करने में मदद मिल सकती है। इस रिसर्च के लिए आईआईटी मंडी के शोधकर्ताओं ने सिंधु नदी के प्रवाहक्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया है। यह क्षेत्र भारतीय उपमहाद्वीप में कृषि उत्पादकता और जल आपूर्ति के मामले में अत्यधिक महत्व रखता है।

संक्षिप्त खबरें

सुक्खू सरकार बिगड़ती आर्थिक स्थिति पर काबू पाने के लिए संसाधनों को जुटाने में लगी है: नरेश चौहान

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार की आर्थिक स्थिति पूरी तरह से चरमरा गई है। 15 हजार से अधिक कर्मचारियों को मई महीने की तनख्वाह अभी तक नहीं मिल पाई है जिसमें अकेले साढ़े 11 हजार एचआरटीसी के कर्मचारी है जबकि वन निगम, श्रम एवं रोजगार, मेडिकल कालेज और जल शक्ति विभाग के कुछेक आउटसोर्स कर्मचारियों को भी इस बार सैलरी नहीं दी गई है जिससे कर्मचारी परेशान है और आंदोलन की सरकार को चेतावनी दी है। हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम ड्राइवर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने कहा कि परिवहन निगम के कर्मचारियों के साथ सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है हर महीने सैलरी समय पर नहीं मिल रही है। 11 हजार एचआरटीसी के कर्मचारियों के अलावा 8 हजार पेंशनर को पेंशन नहीं मिली है। सरकार आर्थिक बदहाली का रोना रो रही है अगर स्थिति इतनी खराब है तो हिमाचल के सभी कर्मचारियों को सैलरी देरी से दी जाएं हर बार एचआरटीसी के कर्मचारी ही क्यों पिसते रहें।

कार्ल लैंडस्टेनर को जाता है ए,बी और ओ ब्लड ग्रुप सिस्टम खोजने का श्रेय: मस्त राम

टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर

बुधवार को खंड स्तरीय विश्व रक्त दिवस खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह बाबा के दिशा निर्देश के तहत राजकीय उच्च विद्यालय सुंगल में मुख्याध्यापिका अंजना की अध्यक्षता में मनाया गया। हेल्थ एजुकेटर मस्तराम ने रक्तदान पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि हर वर्ष 14 जून को मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इस दिन को रक्तदान दिवस के रूप में घोषित किया गया है। वर्ष 2004 में स्थापित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित रक्त, रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और रक्तदाताओं के सुरक्षित जीवन रक्षक रक्त के दान करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करते हुए आभार व्यक्त करना है। 14 जून को नोबल प्राइस विजेता कार्ल लैंडस्टेनर का जन्म हुआ था, यही वे साइंटिस्ट्स हैं, जिन्हें ए, बी और ओ ब्लड ग्रुप सिस्टम खोजने का श्रेय मिला है। ब्लड ग्रुप्स का पता लगाने वाले कार्ल लैंडस्टेनर के जन्मदिन के दिन ही विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है। कार्ल लैंडस्टेनर के द्वारा ब्लड ग्रुप्स का पता लगाए जाने से पहले तक ब्लड ट्रांसफ्यूजन बिना ग्रुप के जानकारी होता था, इस खोज के लिए ही कार्ल लैंडस्टाइन को सन 1930 में नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया।

राज्यस्तरीय शूलिनी मेले की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष

राज्यस्तरीय शूलिनी मेला 23 से 25 जून तक आयोजित होने जा रहा है, जिसकी तैयारियों में इन दिनों जिला प्रशासन जुटा हुआ है। बुधवार को सोलन डीसी कार्यालय में आयोजित एडीसी सोलन व मेला अधिकारी सोलन अजय यादव ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि शूलिनी मेले के लिए 18 समितियां बनाई गई है, जिसकी बैठकें भी इन दिनों चल रही है।

आटो चालकों ने लगाई छबील

टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर नगर के कोर्ट रोड़ पर आटो चालकों तथा स्थानीय दुकानदारों ने मिलकर शीतल जल एवं फ्रूटस की छबील लगाई। एकादश के पावन अवसर पर आटो चालकों व स्थानीय दुकानदारों ने यहां पर यह आयोजन किया। यह जानकारी देते हुए आयोजक अमित सूरी ने बताया कि हर साल इसी स्थान पर इस छबील का आयोजन किया जाता है। बुधवार को इन युवाओं ने कोर्ट रोड़ पर राहगीरों के साथ-साथ वाहनों को रोक रोक कर शीतल पिलाया और फ्रूट चाट भी दी। लोगों ने आनंदित होकर इन ठंडी वस्तुओं का सेवन किया। छबील सुबह आठ बजे से शुरू हो गई थी, जो देर शाम तक चली रही।

कार्यालय ग्राम पंचायत तरनोह
विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी हि.प्र.
निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत तरनोह विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी में आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की वित्त वर्ष 2023-24 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 22-06-2023 को 3 बजे पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी व निविदाएं उसी दिनांक अपराह्न 3 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

क्र. सं.	सामग्री का विवरण	मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है
1	रेत बजरी खड्ड	प्रति घन मीटर
2	रेत क्रेशर	प्रति घन मीटर
3	बजरी क्रशर खड्ड	प्रति घन मीटर
4	बजरी क्रशर	प्रति घन मीटर
5	पत्थर कटास्टोन	प्रति घन मीटर
6	बोल्डर/सोलिंग	प्रति घन मीटर
7	ईंट	प्रति 1000 नंबर
8	शटरिंग व पत्थर कटिंग	प्रति फुट
9	जेसीबी	प्रति घंटा
10	सीमेंट किराया प्रति बैग मंडी से साईट कार्यस्थल Etc	प्रति बैग
11	टाईल लेबर	प्रति वर्ग मीटर

नियम व शर्तें
1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है।
2. दरें अंकों और शब्दों में लिखी जाएं।
3. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम-फार्म जमा करवाने होंगे एम-फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बन्धी रायल्टी 60 रुपये प्रति टन के हिसाब से काटी जाएगी।
4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी।
5. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की शेष राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।
6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के मापन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।
7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक जहां तक गाड़ी जा सकती हो करवानी आवश्यक होगी।
8. निविदादाता को धरोहर सुरक्षित राशि 10000/-रूपये पंचायत के पास जमा करवानी होगी।

सचिव
प्रधान
ग्राम पंचायत तरनोह

राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नीट) की परीक्षा में छाए एडू पेस के छात्र

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) में एडू पेस संस्थान ऊना के छात्रों ने फिर से जिला ऊना में टॉप किया है। बेहतर परीक्षा परिणाम के बाद छात्रों सहित संस्थान प्रबंधन वर्ग में बधाई का तांता लगा हुआ है। इस बार भी एडू पेस संस्थान ऊना जिले के सभी संस्थानों के मुकाबले उच्चतम स्थान पर खड़ा हुआ है। संस्थान के छात्र अलोक ने 650 अंक प्राप्त करके जिला ऊना में टॉप किया है। वहीं सक्षम ने भी 649 अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान हासिल किया है। बेहतर प्रदर्शन करने पर संस्थान में सभी बच्चों को सम्मानित करने के साथ-साथ मुंह भी मीठा करवाया। इस दौरान ढोल की थाप पर बच्चों व स्टॉफ ने खूब इंज्वाय किया। उत्तीर्ण हुए प्रतिभागियों ने से कई बच्चे स्वास्थ्य सेवाओं में चिकित्सक बनने का सपना साकार करेंगे। एडू पेस संस्थान के अलोक व सक्षम के अलावा देवांग, कोमलप्रीत, मुस्कान, श्रुति, दिव्यांश, दीक्षा और कई अन्य छात्रों ने 550 से ऊपर के अंक प्राप्त करने में सफल रहे हैं।

बागवानी मंत्री ने होली में किया एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने चंबा जिला के अपने प्रवास के दूसरे दिन जनजातीय क्षेत्र भरमौर के तहत होली में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने कक्षाओं, विद्यालय के किचन तथा कमरों का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के साथ सीधा संवाद करते हुए जहां उनसे पढ़ाई के बारे में बातचीत की वहीं छात्रावास में उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के बारे में भी विद्यार्थियों से फीडबैक ली। बागवानी मंत्री ने यहां उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं पर हर्ष जाहिर करते हुए प्रबंधन को सुविधाएं और बढ़ाने को भी कहा। उन्होंने प्रबंधन से परिसर में बॉक्सिंग प्रशिक्षण के लिए प्राक्कलन तैयार करने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की सुरक्षा पर पूरी निगरानी रखने के साथ उनका निरंतर स्वास्थ्य चेकअप भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने छात्रावास में बच्चों को उपलब्ध करवाई जाने वाली जाने वाली खानपान तथा रहन-सहन की उचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों ने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं को समाधान के लिए बागवानी मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने सडक निर्माण को लेकर लोगों को स्वेच्छा से विभाग के नाम भूमि करने को की कहा। इससे पहले चंबा से भरमौर जाते हुए लोगों द्वारा उनका विभिन्न जगहों पर गर्मजोशी से स्वागत किया तथा स्थानीय स्तर की विभिन्न मांगों को उनके समक्ष रखा।

कार्यालय ग्राम पंचायत बग्गी तुंगल
विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी हि.प्र.
निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत बग्गी तुंगल विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी में आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की वित्त वर्ष 2023-24 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 22-06-2023 को 3 बजे पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी 23-06-2023 को 11 बजे निविदा खोली जाएगी।

क्र. सं.	सामग्री का विवरण	मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है
1	रेत बजरी खड्ड	प्रति घन मीटर
2	रेत क्रेशर	प्रति घन मीटर
3	बजरी क्रशर खड्ड	प्रति घन मीटर
4	बजरी क्रशर	प्रति घन मीटर
5	पत्थर कटास्टोन	प्रति घन मीटर
6	बोल्डर/सोलिंग	प्रति घन मीटर
7	ईंट	प्रति 1000 नंबर
8	शटरिंग व पत्थर कटिंग	प्रति फुट
9	जेसीबी	प्रति घंटा
10	सीमेंट किराया प्रति बैग मंडी से साईट कार्यस्थल Etc	प्रति बैग
11	टाईल लेबर	प्रति वर्ग मीटर

नियम व शर्तें
1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है।
2. दरें अंकों और शब्दों में लिखी जाएं।
3. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम-फार्म जमा करवाने होंगे एम-फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बन्धी रायल्टी 60 रुपये प्रति टन के हिसाब से काटी जाएगी।
4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी।
5. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की शेष राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।
6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के मापन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।
7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक जहां तक गाड़ी जा सकती हो करवानी आवश्यक होगी।
8. निविदादाता को धरोहर सुरक्षित राशि 10000/-रूपये पंचायत के पास जमा करवानी होगी।

सचिव
प्रधान
ग्राम पंचायत बग्गी तुंगल

Office of
Executive Engineer B&R Division HP.PWD. Joginder Nagar
Himachal Pradesh Public Works Department, Mandi-175015
Phone & Fax No. 01908-222033 E-Mail:- ee-jog-hp@nic.in

INVITATION FOR BIDS (IFB)

The Executive Engineer, B&R Division, HPPWD, Joginder Nagar on behalf of Governor of Himachal Pradesh, invited the online bids on item rate, in electronic tendering system, in 2 cover system for the under mentioned work from the eligible and approved contractors/firms registered with HPPWD department for the works as detailed in table.

Sr. No.	Name of work	Estimated cost (in lac)	Starting Date of downloading Bid.	Earnest Money (in lac)	Eligible class of contractor	Deadline for submission of Bid	Date of opening of bid
1	Restoration of damages due to Laying of Optical Fiber Cable on Joginder Nagar Sarkaghat Ghumarwin road Km. 0/0 to 34/300 (**Sub Head:-** Providing and laying WBM Grade-I and Grade-II in Km. 0/0 to 2/680)	Rs. 7,47,979/-	21-06-2023	Rs. 15,000/-	Class "D"	04/07/2023	05-07-2023
2	Construction of Raja Bharola Nagan road Km. 0/0 to 2/0 (**Sub Head:-** Providing and laying WBM grade-I in Km. 1/200 to 2/0)	Rs. 6,65,307/-	21-06-2023	Rs. 13,300/-	Class "D"	04/07/2023	05-07-2023
3	Restoration of damages due to Laying of OFC on Joginder Nagar Sarkaghat Ghumarwin road Km. 0/0 to 34/300 (**Sub Head:-** Providing and laying MSERW pipe i.e. construction of Kuhal between Km. 4/265 to 4/345 on Dhalu Har Tikru road)	Rs. 7,71,328/-	21-06-2023	Rs. 15,400/-	Class "D"	04/07/2023	05-07-2023
4	Construction of various road under Joginder Nagar Sub Division (Harabag Section) under deposit (**Sub Head:-** Providing and laying wearing grade-II and cement concrete pavement at Km. 1/1180 to 1/465)	Rs. 7,66,400/-	21-06-2023	Rs. 15,800/-	Class "D"	04/07/2023	05-07-2023
5	Restoration of rain damages due to laying on Joginder Nagar Sarkaghat Ghumarwin road Km. 0/0 to 34/300 (**Sub Head:-** Construction of wire crate retaining wall along with pusta at Km. 1/200 to 1/215 on Devi Ka Nallah Joan Jaral road)	Rs. 5,47,064/-	21-06-2023	Rs. 11,000/-	Class "D"	04/07/2023	05-07-2023
6	Restoration of rain damages due to laying of OFC on Joginder Nagar Sarkaghat Ghumarwin road Km. 0/0 to 34/300 (**Sub Head:-** Construction of 6.00 mtr. Span RCC slab culvert at Km. 0/785 link road Bancun to Baba Ki Kuthya)	Rs. 20,15,552/-	21-06-2023	Rs. 40,300/-	Class "D"	04/07/2023	05-07-2023
7	Construction & M/T on jeepable link road (**Sub Head:-** Construction of 3.00 mtr. Span RCC slab culvert at Km. 1/675)	Rs. 8,33,261/-	21-06-2023	Rs. 16,700/-	Class "D"	04/07/2023	05-07-2023

The bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in.

RO No. 1154/2023-2024

Executive Engineer,
B&R Division HP PWD,
Joginder Nagar
District Mandi (HP) on behalf of
Governor of Himachal Pradesh
Ph. 01908-222033

न्यूज फ्लैश

उपायुक्त ने स्टालों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

पानीपत: आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रंखला में हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत गांव ब्राह्मद्दण माजरा के राजकीय उच्च विद्यालय में जन संवाद कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि जन संवाद का उद्देश्य आम जन की समस्याओं को दूर करना और लोगों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराना है। हरियाणा उदय कार्यक्रम में अधिकारी इस तरह से लोगों को जानकारी दे ताकि उन्हें सही प्रकार से उनको योजनाओं का लाभ मिल सके। कृषि विभाग के अधिकारियों ने स्टालों के अवलोकन के दौरान उपायुक्त को बताया कि विभाग फसल प्रबंधन पर विशेष जोर दे रहा है। मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने मछली पालन कैसे प्रारंभ करें, प्रबंधन कैसे करें, तालाबों में बीज बिजी संचयन तकनीक के अलावा मछली पालने की विभिन्न प्रणाली व मछली में फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम पर जानकारी दी गई। एकीकृत बागवानी विकास मिशन की ओर से सब्जियां मसाले फूल खुशबूदार पौधे पर मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया गया। बागवानी की चुनौतियां गतिविधियां बागवानी के अवसर व उसके उद्देश्यों पर बागवानी अधिकारियों ने प्रकाश डाला। स्कूल परिसर में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग,पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जिला रोजगार विभाग ,खेल विभाग, परिवार पहचान पत्र सहित अनेक स्टॉल लगाये।

पीएंडजी व्हिस्पर और यूनेस्को ने अभूतपूर्व साझेदारी की

नई दिल्ली। यूनेस्को, नई दिल्ली के साथ भागीदारी में पी एंड जी व्हिस्पर ने गर्व से स्पॉटलाइट रेड की घोषणा की। कीप गर्ल्स इन स्कूल पहल के तहत मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन पर एक व्यापक राष्ट्रीय सर्वेक्षण और गैप विश्लेषण रिपोर्ट के साथ विकलांगता, लिंग, शिक्षकों, युवा वयस्कों, और पोषण सहित 5 विषयगत क्षेत्रों पर पांच महत्वपूर्ण लर्निंग-टीचिंग मॉड्यूल का शुभारंभ किया गया। बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम को आज पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स (पीएचडीसीसीआई),अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली में शिक्षार्थियों, माहवारी, समुदायों और हितधारकों को आवश्यक ज्ञान और प्रभावी रणनीतियों के साथ सशक्त बनाने के उद्देश्य से मासिक धर्म के प्रबंधन के लिए इसके सामाजिक प्रभाव के बारे में जागरूकता लाने के उद्देश्य से किया गया। नवूथन फाउंडेशन के उपाध्यक्ष और ट्रस्टी और बीजेपी के सदस्य, श्री अनिल के एंटनी, स्पॉटलाइट रेड में मुख्य अतिथि थे। अन्य उपस्थित में प्रो. (डॉ) उमा कुमार, प्रोफेसर और प्रमुख, रुमेटोलॉजी विभाग, एम्स, सुश्री कृति देसाई, संचार प्रमुख, व्हिस्पर, पीएंडजी इंडिया, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) और सुश्री हुमा मसूद, लिंग विशेषज्ञ और राष्ट्रीय कार्यक्रम अधिकारी (लिंग और शिक्षा), यूनेस्को नई दिल्ली बहुक्षेत्रीय क्षेत्रीय कार्यालय शामिल थे। अनिल के एंटनी, उपाध्यक्ष और ट्रस्टी, नवूथन फाउंडेशन और सदस्य, बीजेपी ने कहा, इस पहल का हिस्सा बनना एक सम्मान की बात थी और मैं इस क्रांतिकारी परियोजना में शामिल होने वाले सभी लोगों को बधाई देता हूं। प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया में फेमिनिन केयर के उपाध्यक्ष और कैटेगरी लीडर, गिरीश कल्याणरमन ने बताया ह्लयूनेस्को के साथ इस साझेदारी से हम अपनी तरह के पहले पाठ्यक्रम का सह-निर्माण और लॉन्च करके अपने प्रयासों को बढ़ा रहे हैं जिसका उपयोग स्कूलों में और शिक्षकों और शिक्षाविदों को प्रशिक्षित करने के लिए किया जा सकता है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पीरियड शिक्षा पर जागरूकता अब गायब न हो। हमारा उद्देश्य युवा लड़कियों को बिना किसी गैप के अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करके अपने सपनों को हासिल करने के लिए सशक्त बनाना और पीरियड्स के बारे में ज्ञान की कमी होने के कारण उन्हें स्कूल छोड़ने से रोकना हैह्व।
यूनेस्को नई दिल्ली बहुक्षेत्रीय क्षेत्रीय कार्यालय की प्रभारी अधिकारी, हेजेकील देलमिनी ने कहा,ह्लपीएंडजी व्हिस्पर इंडिया के साथ हमारा सहयोग मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन के लिए हमारी चल रही प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।।

देश में आपदा प्रबंधन होगा और दुरुस्त: शाह

नई दिल्ली: केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए 8000 करोड़ रुपये से अधिक राशि की तीन प्रमुख योजनाओं की घोषणा की, जिनमें राज्यों में अग्निशमन सेवा के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 5,000 करोड़ रुपये की परियोजना, सर्वाधिक जनसंख्या वाले सात महानगरों झ्र मुंबई, चेन्नई, कोलकाता बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद और पुणे में बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए के लिए 2,500 करोड़ रुपये की परियोजना और भू-स्खलन शमन के लिए 17 राज्यों सहित केंद्रशासित प्रदेशों में 825 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय भू-स्खलन जोखिम शमन परियोजना शामिल हैं। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित आपदा प्रबंधन मंत्रियों की बैठक में बतौर अध्यक्ष केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि इन तीन प्रमुख योजनाओं के कार्यान्वयन से जहाँ आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रणाली को मजबूती मिलेगी, वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आपदा प्रतिरोधी भारत के संकल्प को साकार स्वरूप मिलेगा।

एटीएम मशीन उखाड़ने वाले चार गिरफ्तार

पानीपत, सोनीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र, कैथल, अंबाला व पंजाब की 24 वारदातों का हुआ खुलासा

टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत

पानीपत की सीआईए वन पुलिस टीम ने एसपी अजीत सिंह शेखावत के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए एटीएम मशीन उखाड? वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के सरगना समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के चारो बदमाश पंजाब के पटियाला जिला के रहने वाले है। वहीं एसपी अजीत सिंह शेखावत ने सीआईए वन स्टाफ में बुधवार दोपहर को पत्रकार वार्ता में गिरोह को लेकर सारी जानकारी दी गई। एसपी ने बताया कि आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में जिला पानीपत की 6 वारदातों सहित सोनीपत, करनाल कुरूक्षेत्र, कैथल, अंबाला व पंजाब की 24 वारदातों को खुलासा हुआ है। आरोपी बदमाशों के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई एक फॉर्च्यूनर गाड़ी, एक मारूती गाड़ी, एक गैस कटर, 2 देसी पिस्तौल, एक रिवाल्वर, एक डोगा गन व 71 जिंदा रौंद बरामद किए गए है। उन्होंने बताया कि आरोपी 5 साल से वारदातों का अंजाम देने में सक्रिय थे और पहली बार पुलिस के काबू आये है। चारों बदमाश एटीएम मशीन उखाडकर अभी तक करोड़ो रूपए की चोरी कर चुके है। इस बारे में एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि 26 मई की रात गोहाना रोड पर यश बैंक की एटीएम मशीन उखाड? की वारदात को अंजाम दिया गया था। हिटाची कंपनी के लीगर एडवाईजर गौरव द्वारा 30 मई को दी गई शिकायत पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में मामला दर्ज किया गया। एसपी ने बताया कि उनके संज्ञान में यह मामला आते ही उन्होंने गिरोह को पकडने के लिए सीआईए वन प्रभारी इंस्पेटर दीपक व उनकी टीम को जिम्मेदारी सौपी थी। सीआईए वन टीम ने करीब 200 किलो मीटर के एरिया में 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों का सुराग लगाया और गत रविवार को गिरोह के सरगना सहित चार बदमाशों को करनाल मुनक नहर पुल से काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान सुखविंद्र उर्फ सुखा व भूपेंद्र उर्फ पिंडा पुत्र भगवान सिंह निवासी शादीपुर पटियाला, गुरमीत उर्फ सोनू व देवेंद्र उर्फ राजू पुत्र शिशा सिंह निवासी कोल पटियाला पंजाब के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि आरोपियों को सोमवार को न्यायालय में पेश करके 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया और पुलिस टीम ने पूछताछ की तो आरोपियों ने पानीपत में 6, करनाल में 5, कैथल में 3, कुरूक्षेत्र, अंबाला, सोनीपत की एक-एक वारदात के अतिरिक्त पंजाब में एटीएम मशीन उखाडने की 7 वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की।

रक्तदान शिविर में 101 लोगों ने किया रक्तदान

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत

पानीपत जिला रेडक्रॉस सोसाइटी और जन सेवा दल के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 101 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज व उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया। वहीं विधायक प्रमोद विज ने कहा कि रक्तदान ही महादान है और सभी लोगों को रक्तदान करना चाहिये। डीसी वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जरूरत के समय रक्त ही किसी व्यक्ति की जान बचा सकता है। इस मौके पर उपायुक्त दहिया ने 16 संस्थाओं व तीन टॉप डोनर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वामी दयानंद मुरथल, मेयर अवनीत कौर, भाजपा नेता देवेंद्र दत्ता, सीएमओ डॉ. जंयत आहूजा, रेडक्रॉस सचिव गौरव रामकरण, डॉ. पूजा सिंगल, कृष्ण मनचंदा, चमन गुलाटी, पूर्व जिला पार्षद जोगिंद्र स्वामी व राजकुमार आदि मौजूद रहे।

रोटरी क्लब ने रक्तदान शिविर लगाया

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।

रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर एवं दिल्ली इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल के संयुक्त तत्वाधान में डी. आई..सी. टी. गन्नौर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वेच्छा से 80 लोगो ने रक्त की जांच कराई व 70 रक्तवीरो ने रक्तदान किया। शिविर में रोटरी क्लब गाजियाबाद के रो. रवि बाली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने कल्ब द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। डी आई सी टी के प्रमुख राजन सिहोर ने रक्तदान के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। इसलिए हमें रक्तदान करते रहना चाहिए।

अवैध खनन को लेकर पुलिस मुस्तैद

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा

नारनौल। थाना नांगल चौधरी की टीम ने पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के दिशाझनिदेर्शों में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते 3 ट्रैक्टरझट्राली को जब्त किया है। ट्रॉलियों में बजरी भरकर ले जाई जा रही थी। थाना नांगल चौधरी की टीम ने अवैध खनन करने को वालों को पकड़ने के लिए स्पेशल चैकिंग अभियान चलाया। पकड़े गए ट्रैक्टरझट्रॉलियों को खनन विभाग के हवाले कर दिया गया है। जिला महेंद्रगढ़ में अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए थाना नांगल चौधरी प्रबंधक रामनाथ और उनकी टीम ने नांगल चौधरी क्षेत्र से बजरी के भरे हुए ट्रैक्टरझट्रॉलियों को जब्त किया गया है। जिला पुलिस द्वारा अवैध खनन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

दुनिया में देव हजारों है मेरे बजरंग बली का क्या कहना

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा

नारनौल। शहर के मोहल्ला सराय दूसरान में मंगलवार रात श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल एवं श्रीराम मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान आचार्य क्रांति निर्मल ने की। सर्वप्रथम पंड़ित हिमांशु शर्मा ने यजमान विनोद कुमार सैनी को परिवार सहित पूजन करवा बाबा की ज्योति प्रज्जवलित करवाई। इसके बाद गायत्री मंत्र व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारम्भ किया, जिसमें पंडित महेश शर्मा, आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री, पंडित विजय हल्दिया, दीपक शर्मा, नरेश मित्तल तथा अमित संघी ने सुंदरकांड पाठ के दौहे चौपाइयों का अपने मधुर स्वर से गायन किया। पाठ समापन के बाघ भजनों का दौर शुरू हुआ जिसमें गायक संजय गोयल ने दुनियां में देव हजारों है बजरंग बली का क्या कहना, विजय हल्दिया ने तारा है सारा जमान राम हमको भी तारो, दीपक दीवान ने पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जाएगें भजन सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। वहीं आचार्य क्रांति निर्मल ने अपने भजन के माध्यम से बाबा का प्रसाद रूपी खजाना लुटाया व धमाल गाकर सभी को झूमने पर विवश कर दिया।

दुर्घटनाग्रस्त लोगों को सबसे पहले रक्त की पड़ती है जरूरत, दवाइयों से नहीं हो सकती खून की पूर्ति : कादियान

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।

विश्व रक्तदाता दिवस पर मानव अधिकार संरक्षण संघ की ओर से सरकारी अस्पताल पुरखास के परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रविंद्र शर्मा, सुमित व अमित राठी ने अपनी संयुक्त रूप से सेवाएं दी। भीषण गर्मी होने के बावजूद युवाओं में रक्तदान करने को लेकर उत्साह बरकरार रहा। शिविर में करीब 75 रक्तदानियों ने खूनदान कर पुण्य के भागी बने। शिविर में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन देवेंद्र

कादियान व विशिष्ट अतिथि सीएमओ जय किशोर, जिला पार्षद सीता पुरखासिया व सरपंच सुनील जांगड़ा ने शिरकत की और रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर हौसला बढ़ाया और कहा कि दुर्घटनाग्रस्त लोगों को सबसे पहले रक्त की जरूरत होती है, जिसकी पूर्ति दवाइयों से संभव नहीं हो सकती। इस दौरान डोनेट किया गया रक्त इस्तेमाल करना एकमात्र विकल्प रहता है। उनका मानना है कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की दुर्बलता नहीं आती, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। वे खुद भी समय-समय पर रक्तदान करते रहते है। ऐसा करने से सुकून की अनुभूति होती है। संघ के अध्यक्ष जयवीर गहलावत ने कहा कि मानव अधिकार संरक्षण संघ पहले भी मानवता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर कार्य करता आ रहा है। रक्तदाता रविंद्र शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर से समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ती है। मौके पर डिप्टी सीएमओ तरूण यादव, सुमित राठी, पूर्णमल गौड़, अमित राठी, सुभाष वशिष्ठ, प्रवीन शर्मा, दिलबाग सिंह, हवा सिंह पहलवान, नितिन जैन, सुभाष दहिया, जगबीर मलिक आदि मौजूद रहे।

एंजेलिना राणा को मिला दादा साहेब फाल्के इंडियन टेलिवीजन अवार्ड

गन्नौर: गन्नौर में कार्यरत एसीपी गोरखपाल राणा की बेटी एंजेलिना राणा को मुंबई में आयोजित समारोह में दादा साहेब फाल्के इंडियन टेलिवीजन अवार्ड 2023 से नवाजा गया है। एंजेलिना ने वर्ष 2021 में मुंबई में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर मिस टीन यूनिवर्स-2021 का खिताब जीता था। जिस वजह से आयोजकों द्वारा उनका नाम दादा साहेब फाल्के इंडियन टेलिवीजन अवार्ड के लिए भेजा था। जिसके चलते 12 जून को मुंबई में आयोजित सम्मान समारोह में एंजेलिना को यह अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। एंजेलिना को यह सम्मान मिलने से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। एसीपी गोरखपाल राणा का कहना है कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है, क्योंकि हरियाणा में यह पहला अवार्ड है। उनकी बेटी ने उनका ही नहीं पूरे हरियाणा प्रदेश का नाम गौरव किया है। एंजेलिना राणा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को दिया एंजेलिना राणा ने बताया कि वर्ष 2021 में यू-ट्यूब पर मिस टीन यूनिवर्स प्रतियोगिता के बारे में जानकारी जुटाई थी। जिसके बाद उन्होंने बिना किसी एक्सपर्ट की मदद लिए घर पर ही रैंप वाक की तैयारी शुरू कर दी।

लोक कलाकारों ने लोगों को दिया जल बचाने का संदेश

टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)

जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की तरफ से श्री विश्वकर्मा पांचाल समाज सुधार सभा के परिसर में जल बचाने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ श्री विश्वकर्मा पांचाल समाज सुधार सभा के प्रधान साहब सिंह खरींडवा ने किया। जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के लोक कलाकार ड्रामा निरीक्षक विजय कुमार, बीपीडब्लयू कृष्ण कुमार, बरखा राम, राजकुमार, राजकुमार शर्मा, शीश राम आदि ने अपने गीतों और भजनों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का खूब प्रचार-प्रसार किया। इस कार्यक्रम का मुख्य फोकस जल शक्ति अभियान पर रहा। इन कलाकारों ने लोगों को जल बचाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र डार्क जोन में जा रहा है। इसलिए कुरुक्षेत्र के लोगों को पानी एक-एक बूंद की महता को समझना होगा।

'कांग्रेस प्रचंड बहुमत हासिल कर बनाएगी सरकार'

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत

भाजपा व जजपा सरकार ने हर वर्ग को कभी ना खत्म होने वाली कतार में खड़ा कर रखा है। प्रदेश का युवा आज रोजगार के लिए कतार में खड़ा है, लेकिन सरकार भर्तियां करने का नाम नहीं ले रही। इतना ही नहीं बार-बार मांग के बावजूद सीईटी को क्वालीफाई परीक्षा नहीं माना जा रहा। सरकार सीईटी क्वालीफाई करने वाले सभी अभ्यार्थियों को भर्ती परीक्षाओं में बैठने का मौका नहीं देना चाहती। लेकिन, सरकार को युवाओं की मांग माननी ही पड़ेगी।

कांग्रेस सडक से

लेकर सदन तक युवाओं की आवाज उठाएगी।

सचिन कुंडू अपने जन संपर्क अभियान के तहत बुधवार को ग्रामीण हलके के गांव कुटानी में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। सचिन कुंडू ने कहा कि प्रदेश की मौजूदा सरकार ने शिक्षा तंत्र को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। आज हालात यह हैं कि स्कूलों में न ही पढ़ाने के लिए टीचर हैं और न ही बच्चों के लिए आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध है। प्रदेश के अनेको स्कूलों में टॉयलेट भी नहीं है।

जबकि अनेको स्कूलों में पीने के पानी और बिजली की व्यवस्था नहीं कुंडू ने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आते ही शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। बुजुर्गों को 6 हजार रुपए पेंशन दी जाएगी। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। इस अवसर पर दीपक खटकड़, सतपाल रोड, धर्म सिंह मलिक, हरी सिंह मलिक, जयभगवान हरिजन, सुभाष मलिक, मनीष मलिक, नफे सिंह, चत्तर सिंह फोजी, अंगरेज,सुभाष फोजी, सतपाल मलिक, वेद प्रकाश मास्टर, सूरजमल, फतेह सिंह, मौजीराम हरिजन, देवेन्द्र मलिक, प्रदीप मलिक सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री मोदी ने व्यापार को बनाया सुगम: अनिल अग्रवाल

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यापारियों को सुगम बनाकर भय मुक्त किया। मोदी ने सभी क्षेत्रों में देश का मान सम्मान बढ़ाया। वहीं व्यापारियों के हित सुरक्षित रखे। ये विचार राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने सेक्टर-24 स्थित अग्रवाल भवन में आयोजित व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते करके व्यापारियों को तोहफा दिया। इसका सबसे बड़ा लाभ पानीपत के व्यापारियों को हुआ है। उन्होने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में सरकारी नीतियों की वजह से हमारा व्यापार चीन के उद्योग के सम्मान एक तरह पूर्णतय समर्पण

कर चुका था। मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही नीतियों में बदलाव किया तथा देश का व्यापार फिर अपने पैरों पर खड़ा हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने की। व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन बाल किशन अग्रवाल ने कहा कि रोजगार कौशल केंद्र खोल कर व्यापारियों को कुशल मानव शक्ति उपलब्ध कराने का बड़ा काम किया। पानीपत एक्सपोर्टर एसोसिएशन के सचिव विभु पालीवाल एवं हरियाणा चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन विनोद धमीजा ने प्रधानमंत्री मोदी की व्यापार नीतियों को जमकर सराहा। उन्होंने संयुक्त रूप से मांग की है कि कुराड़ आदि गांवों में जमीन की सीएलयू की मांग की ताकि उद्योग को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने फायर टेंडर बढ़ाने की मांग भी की। विधायक प्रमोद विज ने कहा कि एक हजार एकड़ में इंडस्ट्रियल एरिया काटा जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन करनाल भाजपा जिलाध्यक्ष योगिंदर राणा ने किया। मंच संचालन भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं संयोजक मेघराज गुप्ता ने किया। सम्मेलन में संजय अग्रवाल, कृष्ण छौक्कर, बसंत रामदेव, रविंद्र भाटिया, विनोद खंडेलवाल, ईश कुमार राणा, श्री भगवान अग्रवाल, राकेश जैन, सुनील मित्तल, हरी मोहन गुप्ता, डा.राजबीर आर्य, कृष्ण आर्य, सुनीता गोयल, जोगिंद्र खुराना, महेश नारंग, राजेश वर्मा व अनिल मित्तल आदि मौजूद रहे।

जिला स्तर का योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

मन और दिमाग की शांति चाहिए तो योग करना अपनी आदत में शामिल करना जरूरी है

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा

नारनौल अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आज स्थानीय आईटीआई मैदान में जिला स्तर का योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। पतंजलि से आए योग प्रशिक्षुओं ने प्रोटोकॉल के अनुसार प्रशिक्षण कराया।
आयुष विभाग हरियाणा की ओर से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान योगा प्रोटोकोल

के दौरान होने वाली सभी क्रियाएं करवाई गई। इसके साथ ही योग से होने वाले फायदों के बारे में भी बताया। यह प्रशिक्षण शिविर 16 जून तक सुबह 6:00 से 7:30 तक चलेगा। इससे पहले खंड स्तर पर होने वाला प्रशिक्षण 9 से 11 जून तक संबंधित खंडों में दिया गया था। योग प्रशिक्षु बजरंग तथा अरुण कुमार ने बताया कि सभी नागरिकों को प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। योग से न केवल शारीरिक कष्ट दूर होते हैं बल्कि यह मानसिक तौर पर भी इंसान को मजबूत बनाता है। यह हर आयु वर्ग के नागरिक के लिए फायदेमंद है। अगर विद्यार्थी हर रोज योग अभ्यास करें तो उनकी एकाग्रता बढ़ती है। मन और दिमाग की शांति चाहिए तो योग करना अपनी आदत में शामिल करना जरूरी है। योग और ध्यान

संपादकीय

आनलाइन गेमिंग एप पर धर्मांतरण का खेल

आनलाइन गेमिंग एप वैसे तो कई प्रकार से समाज के लिए नुकसानदेह हैं किन्तु कट्टरपंथी इस्लामिक तत्वों के द्वारा इनका प्रयोग धर्मांतरण के लिए किया जाना एक बड़े दुश्चक्र के रूप में सामने आया है । विगत दिनों हुए एक बड़े खुलासे में आनलाइन गेमिंग एप पर धर्मांतरण कराने वाले एक गैंग का मुख्य आरोपी शहनवाज खान उर्फ बद्दो महाराष्ट्र के ठाणे से गिरफ्तार किया गया जो अब 15 जून तक पुलिस रिमांड पर है । यही नहीं पुलिस ने मोबाइल सिम उपलब्ध करवाने वाले दोस्त तौफीक और आर्यन खान को भी गिरफ्तार किया है और आरोपियों से पूछताछ कर रही है । धर्मांतरण का आरोपी बद्दो जिस प्रकार के रहस्य उजागर कर रहा है वो चकित करने वाले हैं । अब पुलिस यह पता कर रही हे कि यह गिरोह कितना बड़ा है तथा उसके तार कहां- कहां तक फैले हैं। ऑनलाइन गेमिंग एप के माध्यम से धर्मांतरण करने का खुलासा तब हुआ जब गाजियाबाद जिले में एक युवक घर वालों से चोरी छिपे मस्जिद जाकर नमाज पढ़ने लग गया। परिवार को जब पता चला तो उन्होंने मुंबई के एक व्यक्ति समेत एक मस्जिद के मौलवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई । परिवार का आरोप है कि आरोपित पूरी दुनिया में आनलाइन गेमिंग एप के सहारे धर्मांतरण की मुहिम चला रहा है। राजनगर निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि उनका नाबालिग बेटा पिछले काफी समय से पूरे परिवार के साथ अजीब तरह का व्यवहार कर रहा था। वह प्रतिदिन पांच बजे जिम जाने के लिए निकल जाता था और कई- कई घंटे बाद वापस आता था।संदेह होने पर उन लोगों ने बेटे का पीछा किया तो पता चला कि वह मस्जिद में नमाज पढ़ने जाता है।उन्होंने बेटे से बात की तो उसने इस्लाम धर्म को अन्य धर्मों से बेहतर बताया।उसने कहा कि वह मन से इस्लाम धर्म स्वीकार कर चुका है।इस पर उन्होंने बेटे के मोबाइल फोन व लैपटाप की जांच की तो उसमें इस्लाम धर्म की सामग्री मिली। जांच में पता चला कि आनलाइन गेमिंग के माध्यम से उसकी पहचान मुंबई के रहने वाले बद्दो नाम के व्यक्ति से हुई थी।दो साल पहले युवक ने बद्दो से कंप्यूटर के कुछ पार्ट खरीदे थे जिसके बदले में युवक ने बद्दो को 20 हजार का भुगतान किया था।वह युवक तभी से बद्दो के प्रभाव में आ गया था। परिजनों का कहना है कि उनका बेटा बद्दो से कई-कई घंटों तक बात करता है और उसकी बात कुछ अन्य नंबरों पर भी होती है। परिजन काफी डरे हुए हैं तथा उन्हें किसी अनहोनी की आशंका है। एक आरोपी गिरफ्तार -इंटर पास छात्र के आनलाइन गेमिंग एप से धर्मांतरण के मामले में पुलिस ने जामा मस्जिद कमेटी के सदस्य अब्दुल रहमान उर्फ नन्नी को गिरफ्तार कर लिया है।छात्र के अलावा दो किशोर व एक युवक का मतांतरण कराने के साक्ष्य भी मिले हैं। पुलिस ने अब्दुल रहमान को मतांतरण कराने का आरोपी बनाया है क्योंकि चारों मतांतरित नियमित रूप से वहां ही नमाज पढ़ने जाते थे । इमाम का कहना है कि उसे दो माह पूर्व ही मस्जिद कमेटी से निकाला जा चुका है जबकि पुलिस जांच में इसके साक्ष्य नहीं मिले हैं। डीसीपी नगर निपुण अग्रवाल ने बताया कि छात्र के मोबाइल से मिले सात नंबरों में से एक नंबर अब्दुल का था। छात्र अब्दुल से करीब सात :आठ माह पूर्व वह जामा मस्जिद मे ही मिला था। अब्दुल ने व्हाटसएप पर उसको इस्लामिक समाग्री भेजनी शुरू कर दी थी।

बुजुर्गों पर बढ़ता दुर्व्यवहार संस्कारहीन समाज की पहचान

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

> बच्चों का भविष्य बनाने के चक्कर में इतना न खो जाये कि खुद के भविष्य को भी दांव पर लगाना पड़े अर्थात समय और व्यवहार की स्थिति को भांपते हुए जीवन में निर्णय लें, क्योंकि बहुत बार ऐसा होता है कि बच्चों के लिए माँ-बाप खुद को भी बर्बाद कर उन्हें सवांरते है और अगले ही पल वही बच्चें माँ-बाप को घर से अलग कर वृद्धाश्रम में भेज देते है। बुजुर्गों के लिए ऐसा व्यवहार लगातार बढ़ रहा है, इसलिए अब समाज में वृद्धाश्रम की संख्या भी बहुत बढ़ रही है। बड़े-बुजुर्ग व्यक्ति तो घर की शान होते है, घर में उनका आदर सबसे ज्यादा होना चाहिए

आज के आधुनिक युग में समाज तेजी से बदल रहा है, लोग बड़े परिवार से छोटे-छोटे परिवार में विभक्त हो रहे है। युवा पीढ़ी को अपने मॉडर्न सोच पर गर्व महसूस होता है, वे अलग रहना पसंद करने लगे है, लोगों को अपना व्यक्तिगत स्वतंत्र स्थान चाहिए। बाहर पढ़ने जाना है, नौकरी करने जाना है, करियर को बुलंदी पर ले जाना है। आजकल व्यक्ति बड़ा होने के बाद अपने भूतकाल, वर्तमान को भूलकर अपने भविष्य के लिए जीना पसंद कर रहा है अर्थात अपने बुजुर्ग माता-पिता द्वारा किये गए त्याग, समर्पण, संघर्ष और कार्य को भूलकर सिर्फ अपने खुद के भविष्य और अपने बच्चों के लिए विचार करने लगा है, परन्तु जिस वजह से वह इतना काबिल जिम्मेदार बना है उसे वह भूल रहा है, तो फिर ऐसे परिस्थिति में घर के उन बुजुर्गों की जिम्मेदारी किसके भरोसे छोड़ रहे है। बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के बढ़ते मामलों को उजागर करने और इसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जागरूकता स्वरुप ह्लविश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवसह्व प्रत्येक वर्ष 15 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष 2023 की थीम "सर्किल बंद करना : वृद्धावस्था नीति में लिंग आधारित हिंसा, कानून और साक्ष्य आधारित प्रतिक्रियाओं को संबोधित करना" यह है। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के 6 में से लगभग 1 व्यक्ति ने दुर्व्यवहार का अनुभव किया है। दीर्घकालिक देखभाल सुविधाओं जैसे संस्थानों में वृद्ध लोगों के साथ दुर्व्यवहार की दर अधिक है। कोरोना महामारी के दौरान वृद्ध लोगों के साथ दुर्व्यवहार की दर में वृद्धि हुई है। वृद्ध लोगों के साथ दुर्व्यवहार से गंभीर शारीरिक चोटें और दीर्घकालिक मनोवैज्ञानिक परिणाम हो सकते हैं। वृद्ध लोगों के साथ दुर्व्यवहार बढ़ने की भविष्यवाणी की गई है क्योंकि कई देशों में तेजी से उम्र बढ़ने वाली आबादी का सामना करना पड़ रहा है। 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की वैश्विक जनसंख्या 2015 में 90 करोड़ से बढ़कर 2050 में लगभग 200 करोड़ हो जाएगी। हेल्प एज इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के तकरीबन 82% बुजुर्ग अपने परिवारों के साथ रहते है, लेकिन वे अक्सर मौखिक दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शारीरिक हिंसा

का शिकार होते है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि 35% बुजुर्गों ने अपने बेटों द्वारा दुर्व्यवहार का सामना किया और 21% ने अपनी बहुओं द्वारा दुर्व्यवहार की सूचना दी है। एजवेल फाउंडेशन ने इस विषय पर अपने अध्ययन में पाया कि 73% वृद्ध लोगों ने लॉकडाउन के दौरान अपने घरों में विभिन्न प्रकार के दुर्व्यवहारों को सहन करने की सूचना दी। आज समाज में हर तरफ बुजुर्गों के प्रति बढ़ते दुर्व्यवहार की खबरें देखने-सुनने मिलती है, जो समय के साथ तेजी से बढ़ कर अमानवीय स्तर पर जा पहुंची है। सोशल मीडिया पर भी इस विषय से संबंधित वीडियो खूब वायरल होते रहते है। बुजुर्गों से दुर्व्यवहार अर्थात उन्हें जीते जी नर्क यातना देने जैसा है और बहुत शर्म की बात है कि यह यातनाएं उन्हें उनके अपने लोग दे रहे है। आज समाज में वह भी संपन्न वर्ग है जो बड़े शहरों या विदेश में जाकर बैठा है और उनके माँ-बाप यहाँ उनके आने की राह देखते हुए जिंदगी से विदा लेते हुए प्राण त्याग देते है फिर भी उनके बच्चे अंतिम संस्कार में भी नहीं आना चाहते है। धन दौलत प्राप्त करने के लिए, काम करवाने या उनकी सेवा न करनी पड़े इसके लिए बुजुर्गों पर अत्याचार किया जाता है। जो बच्चे अपने बुजुर्गों से दुर्व्यवहार कर सड़कों पर भिखारी की तरह या वृद्धाश्रम में लावारिस की तरह छोड़ देते है, अगर यही काम बुजुर्गों ने भी अपनी जवानी में अपने इन बच्चों को अनाथाश्रम या सड़क पर छोड़ा होता तो शायद वो आज ऐसे बुरे दिन नहीं देखते। बुजुर्गों पर बढ़ते दुर्व्यवहार के लिए आधुनिक जीवनशैली और संस्कारहीन समाज जिम्मेदार है। आधुनिक हमारे विचार होने चाहिए संस्कार नहीं। बड़े अपने बच्चों के सामने बुजुर्ग से दुर्व्यवहार करते है फिर बच्चे बड़ों का अनुकरण करते हुए अपने माँ-बाप से वैसा ही दुर्व्यवहार करते है और ऐसा ही सिलसिला चल पड़ता है।

समाज में अच्छाई दिखानेवाले बड़े-बड़े लोग भी अपने घर में बुजुर्गों से गलत व्यवहार करते नजर आते है। बुजुर्गों को सबसे ज्यादा अपनों के सहारे की जरूरत इसी उम्र में पड़ती है और यही वक्त है हमें उनका मजबूत सहारा बनकर उनके साथ रहने का। पहले मां-बाप बच्चों को पाल पोसकर बड़ा करते है, फिर बच्चे बड़े होकर उन बुजुर्ग माता-पिता की सेवा करते है, यही संस्कार और जीवन का नियम है। जितना लगाव माँ-बाप का अपने बच्चों के लिए रहता है, उतना ही लगाव हमें अपने बुजुर्गों से होना ही चाहिए। समय और मतलब निकल जाने के बाद अपनों से बदलता व्यवहार इंसान का नहीं होता। माँ-बाप से एक विनती है कि वे अपनों के प्रति या बच्चों के प्रति अँधा प्रेम ना करें अन्यथा यह आपको मुश्किल में डाल सकता है।

बच्चों का भविष्य बनाने के चक्कर में इतना न खो जाये कि खुद के भविष्य को भी दांव पर लगाना पड़े अर्थात समय और व्यवहार की स्थिति को भांपते हुए जीवन में निर्णय लें, क्योंकि बहुत बार ऐसा होता है कि बच्चों के लिए माँ-बाप खुद को भी बर्बाद कर उन्हें सवांरते है और अगले ही पल वही बच्चें माँ-बाप को घर से अलग कर वृद्धाश्रम में भेज देते है। बुजुर्गों के लिए ऐसा व्यवहार लगातार बढ़ रहा है, इसलिए अब समाज में वृद्धाश्रम की संख्या भी बहुत बढ़ रही है। बड़े-बुजुर्ग व्यक्ति तो घर की शान होते है, घर में उनका आदर सबसे ज्यादा होना चाहिए। बुजुर्ग व्यक्ति परिवार को संभाले होते है, जिस घर में बुजुर्ग नहीं होते वहां परंपरा, संस्कार, मयार्दा, रिश्ते-नाते, पीढ़ियों से बनी पहचान छिन्न-भिन्न होने की संभावना अधिक होती है। बुजुर्गों के प्रति दुर्व्यवहार बंद होना चाहिए। दुर्व्यवहार करनेवाले लोग भी कुछ सालो में बुजुर्ग बनकर इसी अवस्था से गुजरेंगे और कोई नहीं बता सकता कि हमारा आने वाला कल कैसा होगा। बुजुर्गों के प्रति स्नेह और अपनापन रखें, उनकी जरूरतों को ध्यान में रखकर उनका ख्याल रखें। जीवन में दूसरों से वैसा ही व्यवहार करना चाहिए जैसा हम दूसरों से खुद के लिए अपेक्षित करते है। बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल की जिम्मेदारी पूर्णत बच्चों की है, परिवार की है।

बुजुर्गों के प्रति दुर्व्यवहार होने पर तुरंत मदद के लिए एल्डर लाइन 14567 टोल-फ्री नंबर पर कॉल करें। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा स्थापित वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह एक राष्ट्रीय हेल्पलाइन है, यह नंबर सुबह 8:00 बजे से रात 8:00 बजे तक उपलब्ध रहता है, जो निः शुल्क जानकारी, मार्गदर्शन, भावनात्मक समर्थन, दुरुपयोग के मामलों के क्षेत्र में हस्तक्षेप, बेघर बुजुर्गों के बचाव, देखभाल, सहानुभूति, प्रोत्साहन और पुनर्मिलन प्रदान करता है।

हेल्प एज इंडिया के हेल्पलाइन नंबर 1800-180-1253 पर भी कॉल कर सकते है और उनका आधिकारिक नंबर 011-41688955/56 है। हम अक्सर अपने आसपास भी बहुत बार बुजुर्गों के प्रति दुर्व्यवहार देखते है, लेकिन सब जानकर भी चुप हो जाते है, सबको सम्मान से जीने का अधिकार है, कृपया जागरूक रहें, मदद करें, अपने नैतिक मूल्यों, संस्कारों और माता-पिता के ऋण को कभी न भूलें, इंसान बनकर मानवता के साथ जिएं।

कविता

उसे हंस लेना चाहिए था

चलते चलते रुक गया वह
जाकर भी नहीं जा पाया वह
सोचने और सोचने के पहले
और फिर बाद में।

सोचना रुक सा गया था
याद आती बातों को
अपने हाथों में भींचना चाहता था
पर नहीं कर पाया ऐसा
पकड़ लेता उन यादों को,

जो पिछले सालों से
लगातार पास आकर
बिना कुछ कहे चले जाती थी
पूरी पूरी तरह दूर भी नहीं जाती
हाथों की उंगलियों की दरारों से
फिसल कर दिमाग मैं घूम फिर कर
वापस जाकर गुम हो जाती।

आती-जाती बातों से
उसका फिर हवा में
उसका सिर टकराया भी
बातें लंबी चौड़ी थी
ज्यादातर आकार नहीं होता था
फिर अपनी मिच-मिचाती आंखों से
देख नहीं पाया बातों को
बातों का चेहरा तिरछा था शायद।

संजीव

पिता मतलब आस और विश्वास!

डॉ. घनश्याम बादल

जून के तीसरे रविवार को पिता के सम्मान में मनाए जाने वाला 'फादर्स डे' इस बार 18 जून को है । 19 जून 1910 से शुरू हुई इस दिन को मनाने की परंपरा । जब वाशिंगटन के स्पोकेन शहर की सोनोरा डाड ने 1909 में मदर्स डे से प्रेरणा लेकर पहला फादर्स डे मनाया था। अमरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने 1916 में इसे मान्यता दी तो 1924 में राष्ट्रपति कॉल्विन कुलिज ने फादर्स डे को राष्ट्रीय आयोजन घोषित किया और 1966 में लिंडन जानसन ने इसे जून के तीसरे रविवार को मनाने की परंपरा डाली लेकिन इसे अधिकारिक मान्यता मिली 1972 में ।

सबसे विश्वसनीय पिता :

टूटते - दरकते रिश्तों के बीच भी पिता का रिष्ता आज भी मजबूत है । इस अनमोल रिश्ते की बात ही ऐसी है कि पिता के नजदीक आते ही बच्चों को ऐसा लगने लगता है जैसे वें किसी वटवृक्ष की छांव में आ गए हों, उन्हे एक अभेद्य कवच मिल गया हो जिसे दुनिया की कोई भी ताकत भेद नहीं सकती ।

गरिमा का संबन्धः आज जब संबंध टूट व बिखर रहे हैं , तब भी पिता व संतान के संबंधों पर बहुत ज्यादा फर्क नहीं पडा है और इस रिश्ते ने अपनी गरिमा बनाए रखी है । भले ही समय के साथ इस रिश्ते में भी बदलाव आया है पर आज भी दुनिया के किसी भी कोने में पिता के रिश्ते को न केवल सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है वरन् यह ऐसा रिश्ता है जिस पर आज भी पूरा -पूरा विश्वास किया जाता है।

सबसे ऊंचे पिताः किसी भी बच्चे पर जीवन में जिन दो व्यक्तियों का सबसे ज्यादा प्रभाव पडता है उनमें मां के साथ पिता का प्रभाव सबसे ज्यादा होता है । पिता का महत्व जितना भारत में है शायद ही कहीं और हो । यहां पिता का स्थान आकाश से भी ऊंचा है , भले ही वजह कुछ भी हो पर पापा आज भी हर बच्चे के हीरो हैं ।

बच्चों में बसते प्राणः आज भी पिता, अब्बू या पापा वह व्यक्ति हैं जिन पर पूरा परिवार आंख बंद करके विश्वास करता है , वें बच्चों की सुरक्षा के लिए बड़े से बड़ा खतरा उठाते हैं। बच्चों के कैरियर , तरक्की , आराम व सुख के लिए पापा कुछ भी करने में हिचकते नहीं हैं । इतिहास में ऐसे हजारों उदाहरण हैं जिनमें पापा अपने सपनों को बच्चों के माध्यम पूरे होते देखना चाहते हैं । धृतराष्ट्र हों या दशरथ वासुदेव हों या मोतीलाल नेहरु, इब्राहिम लिंकन हो या ओबामा हर पिता अपने बच्चों की हर हसरत पूरी करना चाहते है और बदले में सिर्फ इतना ही चाहते हैं कि उनकी संतान उनका नाम रोशन कर उनके सपने पूरे करें। पर , कई बार अपने सपने बच्चें पर लादने का विपरीत असर भी पडता है जैसे कि महाभारत में धृतराष्ट्र अपनी अतृप्त इच्छाएं व सपने दुर्योधन पर लाद देते हैं तो महत्वकांक्षी दुर्योधन गलत दर गलत करता चला जाता है परिणाम स्वरूप अपने सौ भाइयों के साथ मारा जाता है। पापा होने का मतलब अपने सपने बच्चों पर लादना नहीं बल्कि उन्हें सही गलत की पहचान कराना, सही रास्ता दिखाना।

विचार

न्याय की आस के मध्य आरोपी समर्थकों के अविश्वसनीय 'कुतर्क '

निर्मल रानी

कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष रहे भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध जंतर मंतर पर करीब चालीस दिनों तक चला पहलवानों का धरना फिलहाल उनकी ओर से 15 जून तक स्थगित किया गया है। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से हुई बातचीत व न्याय मिलने की आश्वासन के बाद ही यौन शोषण से पीड़ित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता पहलवानों ने अपना धरना प्रदर्शन टाल दिया था। परन्तु 15 जून से पहले यानी अपने ऊपर लगे पाक्सो एक्ट व यौन शोषण के आरोपों में अपनी संभावित गिरफ़्तारी अथवा अदालत में आरोप पत्र दाखिल होने की संभावनाओं के बीच सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने गत 11 जून (रविवार) को ही अपने गृह नगर गोंडा में अपने समर्थकों की एक विशाल रैली निकाली और जनसभा को सम्बोधित किया। इस रैली में हजारों पुरुषों के साथ साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। निश्चित रूप से उनका यह शक्ति प्रदर्शन सरकार को अपनी ताकत का अंदाजा कराने के लिये ही किया गया था। परन्तु आश्चर्यजनक बात यह रही कि बृजभूषण सिंह ने अपने सम्बोधन में अपने ऊपर लगे आरोपों व उनके विरुद्ध हुई पुलिस प्राथमिकी आदि किसी भी बात का जिक्र नहीं किया। हाँ उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत शेर ओ शायरी से करते हुये यह चार पंक्तियाँ जरूर पेश कीं। उन्होंने पढ़ा कि - 'कभी अश्क, कभी गम, कभी जहर पिया जाता है तब कहीं जाके जमाने में जिया जाता है। ये मिला मुझको मुहब्बत का सिला -बेवफा कहके मेरा नाम लिया जाता है। इसको रुसवाई कहें कि शोहरत अपनी, दबे होठों से मेरा नाम लिया जाता है। जिस समय 'माननीय ' सांसद बृजभूषण शरण सिंह यह शायरी पेश कर रहे थे उस समय उनका शारीरिक हाव भाव व आत्मविश्वास तथा उनकी हंसी का अंदाज देखने लायक था। सीधे शब्दों में कानून,पुलिस,सरकार और अपने ऊपर लगे सभी गंभीर आरोपों को धत्ता बताने वाला। उनकी इस शायरी का मतलब राजनैतिक तो कतई नहीं था। हाँ इसमें आशिकाना अंदाज जरूर था। अब जरा उनकी जुरअत देखिये कि एक तरफ तो उनके कथित 'प्रकोप ' से पीड़ित देश की शान महिला पहलवान अपनी इज्जत आबरू को आहत करने वाले इसी सांसद के विरुद्ध कार्रवाही की मांग कर रही हैं तो दूसरी तरफ यही 'माननीय ' अपने समर्थकों के बीच बेहयाई वाली हंसी हँसते हुये शेर पेश कर रहे हैं कि- 'इसको रुसवाई कहें कि शोहरत अपनी, दबे होठों से मेरा नाम लिया जाता है। ' ? इतना ही नहीं बल्कि उन्होंने यह घोषणा भी की कि वे अगला लोकसभा चुनाव भी कैसर गंज क्षेत्र से ही लड़ेंगे। जबकि अभी न तो चुनाव घोषित हुये हैं न ही प्रत्याशी ? आखिर भाजपा संसदीय बोर्ड के इस सम्बन्ध में लिये गये किसी फैसले से पहले ही बृज भूषण सिंह ने पूरे दावे व आत्मविश्वास के साथ कैसे कह दिया कि वे अगला लोकसभा चुनाव भी कैसर गंज क्षेत्र से ही लड़ेंगे ? और उनके इस तरह की घोषणा के बाद पार्टी की तरफ से भी कोई खंडन या स्पष्टीकरण जारी क्यों नहीं किया गया? क्या इसका यह मतलब नहीं कि पार्टी की इतनी बदनामी करने के बावजूद अब भी पार्टी बृजभूषण शरण सिंह के प्रति नरम रुख रखती है ? पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों को लेकर तो उन्होंने कुछ नहीं कहा। परन्तु उन्होंने अपने संबोधन का समापन रामचरितमानस की चौपाई और जय श्रीराम के नारे से जरूर किया। उन्होंने अपने संबोधन के अंत में रामचरितमानस की यह चौपाई सुनाई - 'होइहि सोइ जो राम रचि राखा,को करि तर्क बढ़ावै साखा'। गोंडा में 11 जून को बुलाई गयी बृजभूषण शरण सिंह समर्थकों की रैली में कुछ ऐसी बातें भी सुनी गयीं जिनकी किसी सम्मानित,सभ्य व नैतिकता पूर्ण समाज में उम्मीद नहीं की जा सकती। चूँकि 'माननीय' सांसद पर महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोप हैं इसलिये रैली में मौजूद मीडियाकर्मियों ने रैली समापन के बाद सांसद समर्थक कुछ महिलाओं से भी बात की।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

समूह संपादकः रवि भारद्वाज (9999889104)

स्थानीय संपादकः पंकज शर्मा (7018221146)

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001

एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

शेरनी थी लक्ष्मीबाई

डॉ घनश्याम

1857 का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम दुनिया के लिए एक चमत्कार रहा है। स्वाधीनता की सुबह देखने के लिए कितने चिराग इस पथ पर जले व बुझे इसका हिसाब भी मुश्किल है। हां, कुछ ऐसे रोशन चिराग हुए जिनके बुझने के बाद भी उनसे देश आज तक रोशनी ले रहा है, जिन पर हमें गर्व है। ऐसी ही एक मशाल व मिसाल हैं झांसी की रानी लक्ष्मीबाई । 1757 से पहले का एक वह समय था जब बिखरे हुए देश में अंग्रेज व राजे महाराजे एक दूसरे के राज्य को हड़पने छीनने में मशगूल थें , अपनी नाक का प्रश्न उनके लिए देश से कहीं ज्यादा मायने रखता था । इतना ज्यादा कि कभी गौरी को बुलवाकर विरोधियों को मरवा डाला तो कभी मुगलों को शहंशाह मान लिया, कोई नहीं मिला तो व्यापारी बन कर देश में आए अंग्रेजों के हाथों में ही अपनी लगाम सौंप दी परिणाम भी सामने था । एक - एक कर सबने अपमान सहा व राज्य गंवाएं। यह तो थी उनकी फूट व आपस में लड़ने मरने की कहानी पर जब आजादी की ललक जागी तो यह देश उत्तर से दक्षिण व पूरब से पश्चिम ऐसे एकजुट होकर खड़ा हो गया जैसे कभी आपस में लडा. ही न हो ।

एक - एक गांव, शहर जाग उठा और 1857 आते आते तो क्रांति का बिगुल बज उठा । यह काशी या वाराणसी ही था जिसने स्वाधीनता के यज्ञ में सबसे समकदार आहुति के रूप में अपने एक छोटे से गांव भदैनी में सन 1835 के 14 नवंबर को छोटी सी बलिका को जन्म दिया जो मां भागीरथी व पिता मोरोपंत तांबे के लिए वह मणिकर्णिका थी, परिवार के लिए मनु, तो साथियों के लिए वह झांसी के पेशवा वाजीराव व दादा बलवंत राव के लिए छबीली। यह नाम उसे गंगा के तट पर अपनी नटखट व चंचल खिलंदड़ी के लिए मिला था। मनु को मात्र चार वर्ष की उम्र में ही मां की छत्रछाया से वंचित होना पड़ा पर, पिता मोरोपंत तांबे ने मां व पिता दोनो की भूमिका बहुत अच्छे से निबाही। पिता व दादा के साथ अक्सर पेशवा बाजीराव राव के दरबार में जाने वाली मनु या छबीली वहां भी चैन से नहीं बैठती थी यदि कोई और होता तो शायद गुस्सैल स्वभाव के पेशवा बाजीराव ही कुपित हो जाते पर,वहां भी बहन छबीली के लिए सब माफ था।

यू टर्न ही यू टर्न!

डॉ. सुरेश कुमार

टीवी, समाचार पत्रों ने हमें लाख समझाया कि खाने से पहले और खाने के बाद साबून से हाथ धो लिया करो। और हम थे कि इन बातों को हवा करने में अपनी शान समझते थे। हम उसे विज्ञापन कम टाइमपास ज्यादा मानते थे। रिमोट हाथ में होता तो फट से चैनल का टेंटुआ दबा देते और कहते - यह फालतू की बक-बक सुनने की फुरसत किसे है? क्या हमें नहीं पता की हाथ की सफाई क्या होती है? इस देश में लोग कुछ सीखे न सीखे हाथ की सफाई जरूर सीखते हैं। इससे स्वच्छता और संपन्नता दोनों बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि सरकारी विज्ञापन हाथ की सफाई के बारे में संविधान जैसी क्लिष्ट भाषा का प्रयोग करते हैं। भाषा तो सरल है, लेकिन बुद्धि का घड़ा औंधे रखा हो तो कोई बात दिमाग में कैसे घुसे? सो हमने भी इसे समझने की जहमत नहीं की। हमारे हाथ की सफाई के लिए सरकार ने स्वच्छ भारत के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपया फूंक दिया। फिर उन्हीं लाखों-करोड़ों की उगाही के लिए कभी हमसे धूम्र शलाका फुंकवा दिया। तो कभी मुँह में खजांची बना दाने-दाने में केसर ढूँढ़वाने लगा दिया। हिसाब बराबर। तुम अपने घर खुश और हम अपने घर। कहते हैं सबका दिन आता है। सो हाथ की सफाई वाला दिन भी आया। आया तो आया ऐसा आया कि हाथ की सफाई से लेकर मुँह, नाक, आँख या यूँ कहें कि पूरे बदन को साबून से धोने की नौबत आ पड़ी। ऊपर से मुँह और नाक पर चिथड़े का टुकड़ा अलग से। कुछ दिनों तक यह टिटिम्मा भी खूब चला। सबका अंत आता है। मास्क का भी आया। जब कोई वस्तु अति होने लगती है, त उसका पतन भी अति करने वाला ही करता है। कुछ लोग जिंदगी को तपाकर कुंदन बनाने की कोशिश में लगे रहते हैं तो कुछ महाशय खुद लोगों के क्रंदन से पॉपुलर हो गए। माना कि हाथ की सफाई वाले विज्ञापन का हमने ठीक से पालन नहीं किया। इसका मतलब यह तो नहीं कि हाथ की सफाई के साथ-साथ मुँह, नाक और बदन की सफाई कहीं भारी न पड़ जाए। बैंक भी ब्याज लेता है, लेकिन एक निश्चित दर से। लेकिन यह हाथ की सफाई का ब्याज तो हमारे पल्ले पड़ता ही नहीं।

यह ब्याज के एवज में हमसे बदला ले रहा है। हमारे पढ़े-लिखे मूर्ख होने का हर कोई लाभ उठा रहा है।

गैस से राहत दिलाता है पवनमुक्तासन

पीएम नरेंद्र मोदी की योगासनों की एनिमेटे सीरीज में शुक्रवार को पवनमुक्तासन के बारे में जानकारी दी गई। इस आसन को करने से पेट की कई तकलीफों से राहत मिलती है

और कमर व रीढ़ की हड्डी के लिए भी यह आसन फायदेमंद है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर का लचीलापन बना रहता है। विभिन्न योगासनों पर आधारित सीरीज में पीएम मोदी के एनिमेटेड वीडियो पोस्ट किए जा रहे हैं, जिसमें वह हर दिन अलग-अलग योगासनों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हैं। आज जारी वीडियो सुबह 8.00 बजे शेयर किया गया। पीएम के इस वीडियो को अब तक 80 हजार से ज्यादा बार देखा जा चुका है। इसे 15 हजार से ज्यादा लाइक्स मिले चुके हैं और 3200 से ज्यादा बार रीट्वीट किया जा चुका है। पिछले साल भी योग दिवस से पहले पीएम ने योगासन करते हुए अपने कई वीडियो ट्वीट किए थे।

क्या है पवनमुक्तासन

पवनमुक्त का अर्थ है पवन या हवा को मुक्त करना। इस आसन पेट की वायु निकालने में मदद करता है, इसलिए इस आसन का नाम पवनमुक्तासन है।

पवनमुक्तासन के लाभ

पीठ व पेट कि मासपेशियों को मजबूत बनाता है। हाथों व पैरों की मासपेशियों को मजबूत बनाता है। पेट एवं दूसरे इन्द्रियों की मालिश करता है। पेट में से वायु को निकालता है और पाचन क्रिया में मदद करता है। रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है और पीठ व कूल्हे के जोड़ के हिस्से को तनाव मुक्त करता है।

बारिश में छोटे बच्चों की देखभाल

बरसात यानी मॉनसून के मौसम में शिशु को कई तरह की बीमारियों का खतरा होता है, जैसे- खांसी, जुकाम, बुखार, त्वचा पर दाने, त्वचा पर रैशेज, चकत्ते, इंफेक्शन आदि। इन सभी से बचाव के लिए जरूरी हैं कुछ मॉनसून स्पेशल बेबी केयर टिप्स, जानें इन्हें।

बारिश के मौसम (मॉनसून) में छोटे बच्चे बहुत ज्यादा बीमार होते हैं। इस मौसम में शिशुओं को बहुत ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है। दरअस्ल तेज गर्मी के बीच अचानक बारिश के कारण तापमान जल्दी-जल्दी कम-ज्यादा होता रहता है और मौसम में नमी आ जाती है, जिसके कारण छोटे बच्चों में बुखार, खांसी, जुकाम, बैक्टीरियल एलर्जी, फंगल इंफेक्शन, दाद-खाज आदि का खतरा बढ़ जाता है। आइए आपको बताते हैं मॉनसून सीजन में छोटे बच्चों की देखभाल के लिए जरूरी टिप्स।

बच्चे को गीला न होने दें

मॉनसून के मौसम में बैक्टीरिया और वायरस बहुत ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं, इसलिए जरूरी है कि आप बच्चों को गीला न होने दें। शिशु को बरसात के पानी में भीगने से बचाएं। इसके अलावा घर के बिस्तर, कपड़े, फर्श आदि को भी गीला होने से बचाएं। थोड़े-थोड़े समय में शिशु की नैपी/लंगोट चेक करते रहें। शिशु के पेशाब या पॉटी करने के बाद थोड़े समय में ही बैक्टीरिया एक्टिव हो जाते हैं और शिशु की नाजुक त्वचा पर हमला कर सकते हैं। कई बार गीलेपन के कारण बच्चों को जुकाम-बुखार जैसी समस्या भी हो जाती है। इसके अलावा अगर आपका बच्चा थोड़ा बड़ा है, तो उसे पानी में खेलने, कपड़े गीले करने, पांव और सिर गीला करने से रोकें। कुल मिलाकर कोशिश करें कि आपका बच्चा हमेशा सूखा रहे।

मच्छरों से बचाएं

बारिश के मौसम में शाम से ही मच्छर एक्टिव हो जाते हैं। ऐसे में शिशु को मच्छरों से बचाने के लिए दिन से ही घर के खिड़की-दरवाजों को बंद रखें और घर में पानी न जमा होने दें। अगर आपके आसपास मच्छर है, तो शिशु के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। ध्यान रखें कि शिशु के कमरे में कॉइल या मॉस्कीटो रिपलेंट का प्रयोग न करें, क्योंकि इससे निकलने वाले धुंए शिशु के नाजुक फेफड़ों के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। अगर लगा भी रहे हैं, कोशिश करें कि धुंए वाले ये प्रोडक्ट शिशु से अधिकतम दूरी पर हो और उसका धुंआ सीधे शिशु के नाक या मुंह के संपर्क में न आए।

शिशु के आसपास सफाई रखें

बारिश के मौसम में शिशु के शरीर के अलावा उसके आसपास सफाई रखना भी बहुत जरूरी है। दरअसल मौसम में नमी होने के कारण बैक्टीरिया की प्रजनन क्षमता काफी तेज हो जाती है। इसलिए उन्हें पनपने से रोकने के लिए साफ-सफाई बहुत जरूरी है। शिशु के कमरे में दिन में 2-3 बार पोछा लगाएं, ताकि मच्छर और दूसरे कीट-पतंग वहां न आएं। घर के कूड़ेदान, कूलर, किचन का सिंक, गैस आदि को अच्छी तरह साफ करें। इसके अलावा ध्यान रखें कि बचे हुए खाने को घर में जमा करके न रखें, बल्कि तुरंत बाहर फेंक दें या जानवर को खिला दें। घर के आसपास और घर के अंदर पानी न जमा होने दें, वर्ना डेंगू-मलेरिया फैलाने वाले मच्छर पनप जाएंगे।

घर की दीवार, खिड़कियां चेक कर लें

मॉनसून से पहले ही घर की दीवार और खिड़कियां जरूर चेक कर लें। दीवारों या छत पर आने वाली सीलन से भी कई तरह की बीमारियां फैलती हैं। बरसात के बाद यदि दीवारों में फफूंद और फंगस लग रही है, तो इसे तुरंत हटाएं और दीवार की मरम्मत करवाएं। गीले माहौल में रहने के कारण शिशु को सर्दी-जुकाम जैसी सामान्य बीमारियों का खतरा तो होता ही है। इसके साथ ही कई बार वे किसी गंभीर बीमारी का भी शिकार हो सकते हैं।

एलर्जी चेक करते रहें

बारिश के मौसम में एलर्जी होने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। इसलिए बच्चों के शरीर पर दिखने वाले छोटे मोटे रैशेज, दाद, खुजली आदि को नजरअंदाज न करें, क्योंकि ये तेजी से फैल सकता है। एलर्जी होने पर अपने मन से या मेडिकल स्टोर से खुद ही कोई क्रीम खरीदकर न लगाएं, क्योंकि शिशु की त्वचा वयस्कों से बहुत अलग और सेंसिटिव होती है। वयस्कों की क्रीम शिशु के लिए नुकसानदायक हो सकती है।

रेसिपी

कटहल का अचार

सामग्री

■ कटहल-500 ग्राम ■ नमक- 1/2 कप ■ चीनी-1/2 कप ■ सिरका-1 कप ■ लहसुन की कलियां- 6-8 ■ लाल मिर्च पाउडर- 3 टीस्पून ■ राई- 2 टीस्पून ■ जीरा-1/2 टीस्पून ■ सौंठ पाउडर-1 टीस्पून ■ इलायची- 2 ■ लौंग- 2, दालचीनी-1 इंच का टुकड़ा

विधि

सबसे पहले हाथ में तेल लगाकर कटहल को धोकर छिल लें और उसमें नमक लगाकर दो से तीन दिन तक धूप में रखकर सूखा लें। तीसरे दिन एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें लहसुन डालकर फ्राई कर लें। अब उसमें सूखा हुआ कटहल और सभी मसाले डालकर मिक्स करें। इसके बाद इसमें सिरका डालकर अच्छे से मिक्स करके दो मिनट तक पका लें। फिर इसे ठंडा करके जार में भरकर 7-8 दिनों तक धूप में रख दें। इसके बाद इसे सर्व करें।

दही कबाब

सामग्री

■ चार कप गाढ़ा दही ■ दो प्याज
■ एक अदरक का टुकड़ा ■ 3 हरी मिर्च
■ आधा चम्मच हल्दी पावडर ■ आधा चम्मच लाल मिर्च पावडर, गर्म मसाला, कसूरी मैथी
■ दो चम्मच धनिया पत्ती
■ एक कप कॉर्नफ्लोर
■ दो टमाटर के स्लाइस
■ एक कप ब्रेड क्रम्ब्स
■ तेल ■ नमक स्वादानुसार।

विधि

दही कबाब बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरे में दही के साथ बारीक कटा हुआ प्याज, अदरक और हरी मिर्च डाल लें। इसके बाद इसमें हल्दी, लाल मिर्च पावडर, कसूरी मैथी, गर्म मसाला और धनिया पत्ती डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब कॉर्नफ्लोर डालें और बराबर भाग में बांटकर मनचाहा आकार दें। कबाब को ब्रेड क्रम्ब्स में रोल करें। सभी कबाब को तेल में सुनहरा होने तक तल लें। अब प्लेट में निकालकर मनपसंद चटनी के साथ सर्व करें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बन रहेंगे। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्च बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-4-5

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
अच्छे पाठ से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा लाभ है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-5

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खान-पान में सावधानी रखें। शुभांक-4-6-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेंगे। शुभांक-2-5-7

तुला (रा री रू रे रो ता ती तू ते)
सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्यवधान स्थितियां आज पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-3-5-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा हो जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
रिश्तों में समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-4-6-8

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेगी। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेश में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-5-7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-2-4-6

लॉफिंग ज़ोन

रामलाल बहुत घबराया हुआ थाने पहुंचा. थानेदार ने जब घबराहट का कारण पूछा तो वह बोला, 'मेरी पत्नी मायके गई हुई है.'

मैं आज सुबह जब सो कर उठा तो देखा मेरे कमरे की अलमारी खुली थी. मेरा कीमती सामान व रूपए चोरी हो चुके थे. सब कुछ अस्त-व्यस्त था, 'संदूक टूटे हुए मिले. मेरे तो हाथों के तोते ही उड़ गए.'

थानेदार ने कलम उठाई और तुरंत बोला, 'कुल कितने तोते थे.'

☺ ☺ ☺

मीना (सीमा से) - तुम्हें नहीं लगता कि लगातार नींद की गोलियां खाने से इनकी आदत पड़ जाती है.

सीमा - बिल्कुल नहीं, मैं तो पिछले आठ साल से खा रही हूं. मुझे तो इनकी आदत नहीं पड़ी?

☺ ☺ ☺

प्रेमिका (प्रेमी से)- तुम जल्दी से बताओ कि मुझसे शादी करोगे कि नहीं?

प्रेमी (प्रेमिका से)- मैं इतनी जल्दी कुछ नहीं कह सकता.

प्रेमिका (प्रेमी से)- मुझे अभी जवाब चाहिए, क्योंकि आज ही मुझे औरों से भी यही सवाल करना है.

☺ ☺ ☺

काकुरो पहेली - '4085



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर, नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आगे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो -4084 का हल

फिल्म वर्ग पहेली- '4085



बायें से दायें:-



१. 'पुर्वे और क्या' गीत वाली राजेंद्र कुमार, साधना की फिल्म-२,३,१,२
६. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैं ने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु की फिल्म-३
९. संजयदत्त, विवेक मुशरान, मनीषा कोइराला की 'आँखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'यार ओढ़ाणी नी कुर्तिए' गीत वाली मनोज बाजपेयी, उर्मिला की फिल्म-३
१६. अजय देवगन, अमीषा की 'जो पहू मिटा दिया' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
१८. मनोजकुमार, आशा की 'लो आ गई उनकी' गीत वाली फिल्म-१,१
२१. 'कमसिन कली हूँ' गीत वाली नाना पाटेकर, पुरु राजकुमार, अनुपमा वर्मा की फिल्म-२
२५. 'पप्प दी हेर' में किशनकुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२६. 'छोड़ दे जवानी में' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी की फिल्म-४
२७. कमल हासन, दिव्या की 'दिल चीर के देख' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'एक लड़की दिल में गई' गीत वाली राजकुमार, नंदा की फिल्म-२,२

ऊपर से नीचे:-

१. सुनील, सुष्मिता, नम्रता की 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली फिल्म-३
२. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
३. फिल्म 'बाबुल' में दिलीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
४. 'यारा ओ यारा इश्क ने मारा' गीत वाली अमिताभ, मौसमी की फिल्म-३
५. धर्मेन्द्र, जीनत अमान की 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'शारदा' में राज कपूर के साथ नायिका कौन थी?-२
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
११. 'खोया है तूने जो' गीत वाली सकी अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
१३. 'चिनाई चुन चुन' गीत वाली फिल्म-३
१४. फरदीन खान, उर्मिला की फिल्म-३
१५. बसंत चौधरी, मोतीलाल, साधना की 'ओ सजना बरखा बहार' गीत वाली फिल्म-३
१६. संजयदत्त, नम्रता शिरोडकर की 'मेरी दुनिया है' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'जीने की तमन्ना हो' गीत वाली फिल्म-३
२०. वी. शांताराम की 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'नाजुक सी कली थी' गीत वाली अजय, मनीषा, करिश्मा की फिल्म-४
२३. 'दिल जंगली कबूतर' गीतवाली फिल्म-३
२४. नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२५. फिल्म 'क्रोध' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली- 4084

सूडोकु 4085

		5			8			
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6						1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
			2			7		

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4084 हल

5	7	4	1	3	9	6	2	8
2	8	9	6	5	7	1	4	3
3	6	1	2	8	4	5	7	9
9	3	7	8	1	6	4	5	2
6	5	8	4	9	2	3	1	7
1	4	2	5	7	3	8	9	6
7	9	6	3	4	1	2	8	5
4	2	5	9	6	8	7	3	1
8	1	3	7	2	5	9	6	4

शब्द पहेली - 4085



बाएँ से दाएँ

1. असभ्यता,मूर्खता-4
3. निर्भय,बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा,शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता,गुलामी-5
14. दानव,दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई,छाया-2
19. आदत,स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल,वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा,सूजी-2
30. गुलिस्तां,बाग-3
31. एक ग्रह,शनिश्चर-2
32. दबाना,कुचलना-3
33. रोब वाला, दमके वाला-4

ऊपर से नीचे

1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा,अनोखा-3
4. लक्ष्मी,कमला-2
5. खीजना,रोना-4
6. एक पौधा,अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष,होशियार-3
10. जमीकंद,एक सब्जी-3
12. धैर्य,संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैदा,लता-2
21. पुत्र,बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर,बाण-2

शब्द पहेली -4084 का हल

तब्बू

को समंदर किनारे

सिजलिंग लुक

में देख फटी रह गई फैंस की निगाहें, कमेंट करने से खुद को रोक नहीं पाईं शिल्पा

इंडियन ब्यूटी तब्बू तीन दशक से फिल्म इंडस्ट्री में धमाल मचा रही हैं। तब्बू ने साउथ सिनेमा से अपने करियर की शुरुआत की थी और फिर 1994 में फिल्म %पहला पहला प्यार% से बॉलीवुड में कदम रखा था। तब्बू ने अपने एक्टिंग स्किल्स और खूबसूरती से इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है तब्बू (Tabu) की फिल्मों के दीवाने उनके हर लुक्स पर भी मरते हैं। 51 साल की उम्र में तब्बू का चार्म जरा भी फीका नहीं पड़ा है। तब्बू की लेटेस्ट फोटोज से तो फैंस अपनी नजर ही नहीं हटा पा रहे हैं।

गोवा में ग्लैमरस हुईं तब्बू

तब्बू इन दिनों गोवा में वेकेशन मना रही हैं। हाल ही में, एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपने ऑल-टाइम फेवरेट गोवा से कई तस्वीरें शेयर की हैं। शुरुआती तस्वीरों में तब्बू पार्क में बैठकर घायल करने वाले पोज देती नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में उन्हें समंदर के किनारे बलखाते हुए देखा गया। इस दौरान एक्ट्रेस ने वन पीस ड्रेस पहनी थी, जिसमें वह बहुत खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को हाई बन और मिनिमल मेकअप से पूरा किया।

तब्बू को देख फैंस हुए दीवाने

तब्बू की ये तस्वीरें जैसे ही इंटरनेट पर सामने आईं, तुरंत वायरल हो गईं। शिल्पा शेट्टी से लेकर रकुल प्रीत सिंह तक ने उनकी तस्वीरों पर कमेंट किया। शिल्पा शेट्टी ने लिखा- ब्यूटी माय टिंपू। मनीषा कोइराला ने कहा- उफ्फफ। रकुल प्रीत ने फायर इमोजी शेयर कर रिएक्ट किया। फैंस भी हॉट, गॉर्जियस, ग्लैमरस और किलर जैसे कमेंट्स कर उन पर प्यार लुटा रहे हैं।

तब्बू की अपकमिंग फिल्म कौन सी है?

तब्बू जल्द ही करीना कपूर और कृति सेनन के साथ फिल्म द क्रू में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्माण रिया कपूर ने किया है। इन दिनों सभी सितारे इसकी शूटिंग में व्यस्त हैं। तब्बू को आखिरी बार फिल्म कुत्ते में अर्जुन कपूर और राधिका मदान के साथ देखा गया था, जो फ्लॉप साबित हुई थी। हालांकि, उनकी फिल्म दृश्यम 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिजनेस किया था। कार्तिक आर्यन के साथ उनकी फिल्म भूल भुलैया 2 भी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।

फैंस अब तक कर रहे इंसाफ का इंतजार, जानें- तीन सालों में कहां तक पहुंचा केस?

फैंस अब तक कर रहे इंसाफ का इंतजार, जानें- तीन सालों में कहां तक पहुंचा केस?14 जून 2020, ये वो तारीख है जब अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत इस दुनिया को अलविदा कर चले गए। ये तारीख सुशांत के परिवार, फैंस और दोस्तों के लिए किसी सदमे की तरह है। सुशांत सिंह का यूं चले जाना इंडस्ट्री में एक खालीपन छोड़ गया और साथ ही छोड़ गया ढेरों सवाल, जिनके जवाब आज भी किसी के पास नहीं है।

सुशांत सिंह की तीसरी बरसी

आखिर क्यों एक अच्छे एक्टर को इस तरह मौत को गले लगाना पड़ा? कहा गया कि मौत से पहले सुशांत काफी परेशान थे, क्या था जो उन्हें इस कदर अंदर ही अंदर खाए जा रहा था। अपनी इस मानसिक हालत के लिए जिम्मेदार कौन था। ऐसे सैकड़ों सवालों के साथ उनकी तीसरी बरसी पर फैंस उदास हो रहे हैं।

हत्या या आत्महत्या ?

सुशांत के परिवार और फैंस ने हमेशा से यकीन से कहा कि एक्टर ने आत्महत्या नहीं की बल्कि उन्हें मारा गया है। सोशल मीडिया से लेकर जंतर मंतर तक, यहीं नारा लगा कि किसी भी हाल में सुशांत के कातिलों का पता लगाओ। सरकार ने केस सीबीआई को सौंपा और इससे जुड़े एक बड़े ड्रग्स केस का खुलासा हुआ। तो आइए जानते हैं इस केस में कब-कब क्या-क्या हुआ...

14 जून 2020 की वो तारीख

जून 2020 की 14 तारीख को एक्टर सुशांत सिंह राजपूत का शव उनके मुंबई स्थित फ्लैट में पंखे पर लटका हुआ मिला। पुलिस को इत्तला एक्टर के दोस्त ने दी और मौके पर पहुंची मुंबई पुलिस ने बिना वक्त गवाएं इसे सुसाइड केस बता दिया। खबर आग की तरह फैल गई और पुलिस की जांच पर सवाल उठने शुरू हो गए। सुशांत के पिता केके सिंह ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की। इसके अलावा कई राजनीतिक हस्तियों ने भी साजिशन हत्या की बात कहकर केंद्र सरकार के दखल की गुजारिश की।

रिया पर आई शक की सुई

जांच में पता चला कि रिया और सुशांत साथ रह रहे थे। 18 जून को रिया ने मुंबई के बांद्रा थाने में अपना बयान दर्ज कराया। खातों की जांच शुरू हुई तो एक नए ड्रग्स केस की परतें खुलनी शुरू हुई। पता चला कि किसी ड्रग्स खरीदने के लिए सुशांत सिंह का क्रेडिट कार्ड यूज किया जाता था।

एआर रहमान की बेटी संगीत की दुनिया में रखेंगी कदम, इस फिल्म का म्यूजिक करेंगी कंपोज

एआर रहमान अपने म्यूजिक और मधुर आवाज से फैंस के दिलों पर राज करते हैं। ऑस्कर विनर म्यूजिक कंपोजर ए आर रहमान ने इंडस्ट्री में अपना एक मार्क छोड़ा है। हिंदी के साथ-साथ साउथ इंडस्ट्री में भी उनके म्यूजिक ने हर किसी का दिल जीता। अब एआर रहमान की बेटी उनके नक्शे कदम पर चलकर म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाने की तैयारी कर रही हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो ए आर रहमान की बेटी खातिजा रहमान जल्द ही बतौर म्यूजिक कंपोजर अपना डेब्यू करने वाली हैं।

इस फिल्म से बतौर म्यूजिक कंपोजर खातिजा करेंगी शुरुआत

खातिजा रहमान तमिल फिल्म मिनमिनी से बतौर म्यूजिक कंपोजर अपनी शुरुआत कर रही हैं। हाल ही में तमिल सिनेमा की मशहूर डायरेक्टर और स्क्रीन राइटर हलिथा शमीम ने अपने ट्विटर अकाउंट पर खातिजा रहमान की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह उनके साथ कंपोजिंग सेशन में बैठी हुई हैं।एआर रहमान की बेटी संग फोटो शेयर करते हुए फिल्ममेकर ने लिखा, मिनमिनी में इस खास टैलेंटेड खातिजा रहमान के साथ काम करके बेहद खुश हूं, जो एक मधुर सिंगर होने के साथ-साथ एक बहुत ही अच्छी म्यूजिक कंपोजर भी हैं। एक अच्छे म्यूजिक की तैयारियां चल रही है।

फैंस ने खातिजा रहमान के डेब्यू पर जताई खुशी

हलिथा शमीम ने जैसे ही ये खबर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की, फैंस ने एआर रहमान की बेटी खातिजा को बधाई देनी शुरू कर दी। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, ये बहुत ही अच्छी खबर है।

मुझे खातिजा की आवाज बहुत पसंद है और अब हमें उनके द्वारा कंपोज किये गए म्यूजिक को सुनने का भी मौका मिलेगा।बहुत ही शानदार, खातिजा और उनकी पूरी टीम को ऑल द बेस्ट। इसके अलावा उन्होंने इंडिपेंडेंट प्रोजेक्ट कुहू-कुहू का भी बेसब्री से इंतजार है। दूसरे यूजर ने लिखा, वाऊ, बहुत ही शानदार...मिनमिनी मैजिक का बेसब्री से इंतजार है।

इलियाना डिक्रूज

ने बिकिनी में एन्जॉय किया पूल डे, बेबी बंप छुपाकर फ्लॉन्ट किया मॉम टू बी ग्लो

रुस्तम, मैं तेरा हीरो और बर्फी जैसी फिल्मों में अपनी अदाकारी दिखा चुकीं इलियाना डिक्रूज (Ileana D'Cruz) इन दिनों फिल्मों से ब्रेक पर हैं, क्योंकि वह जल्द ही अपने पहले बच्चे को जन्म देने वाली हैं। सोशल मीडिया पर इलियाना फैंस के साथ अपनी डेली लाइफ के हर अपडेट्स शेयर करती रहती हैं। हाल ही में, एक्ट्रेस ने बिकिनी में अपनी फोटो शेयर की है।

इलियाना डिक्रूज का हॉट पूल डे

36 साल की इलियाना डिक्रूज ने प्रेग्नेंसी में पूल डे एन्जॉय किया। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें एक्ट्रेस को पूल के किनारे सेल्फी लेते हुए देखा जा सकता है। येलो बिकिनी में कहर ढा रहीं इलियाना ने अपने बेबी बंप को कलरफुल दुपट्टे से छुपा रखा है। गॉगल्स लगाए और चेहरे को धूप से बचाते हुए इलियाना ने सेल्फी ली और अपने प्रेग्नेंसी ग्लो को फ्लॉन्ट किया। सिजलिंग फोटो शेयर कर एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा- पूल डे।

कौन हैं इलियाना डिक्रूज के बॉयफ्रेंड?

जब से इलियाना डिक्रूज ने अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी, सभी उनके बच्चे के पिता के बारे में जानने के लिए बेताब थे। हाल ही में, एक्ट्रेस ने आखिरकार अपने होने वाले बच्चे के पिता के साथ पहली तस्वीर शेयर की थी और उनकी तारीफों के पुल बांधे थे ब्लैक एंड व्हाइट ब्लर फोटो में इलियाना अपने बॉयफ्रेंड के साथ पोज देती हुई नजर आ रही हैं। हालांकि, इस दौरान उनके बॉयफ्रेंड का चेहरा साफ दिखाई नहीं दे रहा है। तस्वीर के साथ एक लंबे-चौड़े नोट में इलियाना ने अपनी कठिन प्रेग्नेंसी जर्नी के बारे में बताया था और कहा था कि इस फेज में उनके बॉयफ्रेंड चट्टान की तरह उनके साथ खड़े रहे।

कच्चा तेल 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 75 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 70 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.16 डॉलर यानी 0.22 फीसदी की गिरावट के साथ 74.13 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.22 डॉलर यानी 0.32 फीसदी लुढ़ककर 69.20 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

तमिलनाडु के बिजली मंत्री के घर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी का छापा

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी. सेंथिल बालाजी और उनके भाई अशोक के आवास पर छापेमारी की है। केंद्रीय जांच एजेंसी की यह छापेमारी बालाजी के चेन्नई और करुर स्थित आवास पर की जा रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी. सेंथिल बालाजी और उनके भाई अशोक के गृहनगर करूर स्थित आवास पर छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक ईडी की यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है।

जांच एजेंसी ने नौकरी के लिए नकदी (कैश फॉर जॉब्स स्कैम) घोटाले के तहत यह कार्रवाई की है। पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस और ईडी को जांच की अनुमति दी थी। इससे पहले मई में आयकर विभाग ने भी तमिलनाडु के बिजली मंत्री सेंथिल बालाजी और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर मैराथन छापेमारी की थी।

पीएलआई से 3.25 लाख रोजगार मिले, उत्पादन और निर्यात भी बढ़ा

नई दिल्ली। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से देश में उत्पादन बढ़ाने के साथ रोजगार पैदा करने और निर्यात बढ़ाने में मदद मिली है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया, इस योजना की वजह से 2021-22 में विनिर्माण क्षेत्र में 76 फीसदी ज्यादा यानी 21.34 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया। सचिव ने बताया, योजना के तहत 14 क्षेत्रों से अब तक 733 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। इनसे 3.65 लाख करोड़ के निवेश की उम्मीद है। मार्च, 2023 तक वास्तव में 62,500 करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है, जिससे 6.75 लाख करोड़ रुपये से अधिक का उत्पादन/बिक्री हुई है। खास बात है कि करीब 3.25 लाख रोजगार पैदा हुए हैं। डीपीआईआईटी सचिव ने कहा कि पीएलआई योजना के कारगर साबित नहीं होने पर संबंधित विभाग उसमें कुछ बदलाव कर सकते हैं। साथ ही, संबंधित मंत्रालयों को इस पर नजर रखनी होगी कि योजना के तहत आवंटन कम है या लाभार्थी कंपनी अपना प्रदर्शन कायम नहीं रख पा रही हैं। ऐसा होने पर ही संबंधित विभाग कुछ समय के लिए छूट देने पर विचार कर सकते हैं।

गो फर्स्ट की सभी उड़ानें 16 जून तक रद्द, यात्रियों को मिलेगा पूरा रिफंड

नई दिल्ली। संकट से जूझ रही एयरलाइंस कंपनी गो फर्स्ट ने अपनी सभी उड़ानों का संचालन 16 जून तक रद्द कर दिया है। एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों को पूरा रिफंड जारी किया जाएगा। इससे पहले गो फर्स्ट ने 12 जून तक के लिए अपनी उड़ानों को रद्द करने का एलान किया था। गो फर्स्ट एयरलाइंस ने मंगलवार को ट्वीट कर बताया कि हमें ये सूचित करते हुए खेद हो रहा है कि परिचालन संबंधी दिक्कतों के कारण 16 जून, 2023 तक चलने वाली गो फर्स्ट की फ्लाइट्स रद्द हो गई है। कंपनी ने ट्विट में लिखा है कि हमें आपको हुई असुविधा के लिए खेद है। यात्रियों को जल्द ही पूरा रिफंड दे दिया जाएगा।उल्लेखनीय है कि गो फर्स्ट के उड़ानें रद्द होने से देश के पर्यटन वाले कई स्थानों का हवाई किराया आसमान छू रहा है। गो फर्स्ट ने सबसे पहले तीन मई को अपनी उड़ानें बंद कर दी थीं। कंपनी ने दो मई को घोषणा की थी कि वह पांच मई तक तीन दिन के लिए अपनी उड़ानें रद्द कर रही है। इसके बाद से एयरलाइन लगातार अपनी उड़ानों को रद्द करने की अवधि बढ़ाती जा रही है।

थाइलैंड का बिम्सटेक व्यापार सलाहकार परिषद के गठन का प्रस्ताव

कोलकाता/नई दिल्ली। थाइलैंड ने एक व्यापार सलाहकार परिषद की स्थापना का प्रस्ताव रखा है, जो बिम्सटेक देशों के निजी क्षेत्र को बढ़ावा देगा। इस मंच पर प्रत्येक सदस्य देश व्यापार और निवेश सहयोग बढ़ाने के लिए एक-दूसरे के साथ बातचीत कर सकते हैं।

थाइलैंड के उप मंत्री (विदेश मामले) विजाकत इसाराभक्दी ने मंगलवार को यहां इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित बिम्सटेक कारोबारी सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि बिम्सटेक का छठा शिखर सम्मेलन नवंबर में बैंकॉक में होगा। इसकी अध्यक्षता थाइलैंड करेगा। इसके बाद बिम्सटेक की अगुवाई बांग्लादेश करेगा।

थाइलैंड के मंत्री ने कहा कि संगठन के अध्यक्ष के रूप में उनके देश की एक प्राथमिकता इस समूह में व्यवसाय की भूमिका को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि थाइलैंड और भारत के बीच प्रस्तावित राजमार्ग परियोजना व्यापार को सुविधाजनक बनाने में मदद करेगी और हमारे लोगों को भी करीब लाएगी। उल्लेखनीय है कि बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय प्रौद्योगिकी एवं आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) की स्थापना 1997 में हुई थी। इसके सदस्य देशों में बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यामां, नेपाल, श्रीलंका और थाइलैंड शामिल हैं।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट : बिटकॉइन-एथेरियम में तेजी, कार्डानो और सोलाना में गिरावट

नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज तेजी का रुख बना हुआ है। दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे लोकप्रिय क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में आज 0.50 प्रतिशत तक की तेजी आई है, जिसके कारण ये आभासी मुद्रा 26,146.16 डॉलर के स्तर तक पहुंच गई है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम भी आज 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ उछलकर 1,748.68 डॉलर के स्तर तक पहुंच गई है। सबसे बड़ी बात तो ये है कि आज टॉप की 10 क्रिप्टो करेंसी में से सिर्फ 2 क्रिप्टो करेंसी लाल निशान में कारोबार करती नजर आ रही हैं। अगर ओवरऑल क्रिप्टो करेंसी मार्केट की बात करें, तो पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 0.39 प्रतिशत मजबूत हुआ है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 1.06 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 87.32 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाली अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के अनुसार शाम 5 बजे तक 1 बिटकॉइन की कीमत 26,146.16 डॉलर यानी 21.54 लाख रुपये के स्तर पर पहुंच गई थी। शाम 5 बजे तक बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा अन्य प्रमुख क्रिप्टो करेंसीज में बीएनबी 0.12 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.03 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.70 प्रतिशत, डोजेकॉइन 0.48 प्रतिशत और ट्रॉन 2.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

दूसरी ओर कार्डानो 1.39 प्रतिशत और सोलाना 1.66 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रही हैं। पिछले 24 घंटे के कारोबार में टॉप 10 में शामिल टेथर इकलौती ऐसी क्रिप्टो करेंसी है, जिसमें न तो कोई गिरावट है और ना ही इस पर तेजी आई है। ये आभासी मुद्रा आज 1 डॉलर के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। जानकारी के मुताबिक टॉप 10 क्रिप्टो करेंसी की कीमत में ज्यादातर में तेजी आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में लेनदेन में गिरावट दर्ज की गई है। इस अवधि में करीब 2,813 करोड़ डॉलर यानी करीब 2.32 लाख करोड़ रुपये कीमत की क्रिप्टो करेंसी की लेनदेन हुई है। पिछले 1 दिन की तुलना में लेनदेन का ये स्तर 4.02 प्रतिशत कम रहा है। आज के कारोबार में हुई खरीद-बिक्री के बाद क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की 0.02 प्रतिशत मजबूत हुई है। इस तरह क्रिप्टो मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी बढ़ कर 47.76 प्रतिशत हो गई है।

शेयर बाजार में दिखा जोश, निवेशकों को 1 दिन में 2.07 लाख करोड़ का फायदा

नई दिल्ली। मजबूत ग्लोबल संकेतों और महंगाई के मोर्चे पर राहत मिलने की खबर ने आज घरेलू शेयर बाजार में जोश भर दिया। खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार आज 0.6 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ बंद होने में सफल रहा। सेंसेक्स आज एक बार फिर 63 हजार अंक के स्तर को पार करके बंद हुआ। वहीं निफ्टी ने भी 187,00 अंक ऊपर जाकर आज के कारोबार का अंत किया। दिनभर के कारोबार में आई तेजी के कारण शेयर बाजार के निवेशकों को एक दिन में ही 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक का मुनाफा हो गया। आज के कारोबार में सबसे अधिक तेजी कंज्यूमर ड्यूरेबल, रियल्टी, एफएमसीजी, मेटल, फार्मास्यूटिकल और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में दर्ज की गई। इसके अलावा आईटी और पब्लिक सेक्टर इंटरप्राइज इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। बाजार में जोश की वजह से सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। आज ब्रॉडर मार्केट में भी तेजी का रुख बना रहा। जिसकी वजह से बीएसई के मिडकैप इंडेक्स ने 1.17 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.82 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 2.07 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 289.99 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 287.92 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.07 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,722 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,127 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,458 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 137 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,074 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,243 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 831 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर बढ़त के साथ और 11 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 36 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज सपाट स्तर पर 54.43 अंक की मामूली बढ़त के साथ 62,779.14 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में खरीदारी शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स ने तेज रफ्तार पकड़ ली। दोपहर 2 बजे के करीब बाजार में मुनाफावसूली के चक्कर में एक बार जमकर बिकवाली भी हुई, लेकिन 3 बजे के करीब खरीदारों ने दोबारा लिवाली का जोर बना दिया। दिनभर की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 418.45 अंक उछल कर 63,143.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 30.30 अंक की बढ़त के साथ 18,631.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही शुरू हुई खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक ने भी तेज छलांग लगाई। बीच-बीच में बिकवाली के झटके भी लगते रहे, लेकिन ये सूचकांक लगातार हरे निशान में बना रहा। दिनभर की खरीद बिक्री के बाद निफ्टी ने 114.65 अंक की मजबूती के साथ 18,716.15 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

मई में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 13.54 फीसदी बढ़कर 3,34,247 इकाई रही : सियाम

नई दिल्ली। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर आई है। देश में कार से लेकर दोपहिया वाहनों की बिक्री में उछाल आया है। घरेलू बाजार में यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर 13.54 फीसदी बढ़कर 3,34,247 इकाई रही। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने यह जानकारी दी।

सियाम ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई महीने में 3,34,247 इकाई रही। पिछले साल मई, 2022 में निर्माताओं ने डीलरों को यात्री वाहनों की 2,94,392 इकाई भेजीं थी। इस तरह सालाना आधार पर इसमें 13.54 फीसदी की वृद्धि हुई है। इस दौरान दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 14,71,550 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 12,53,187 इकाई थी। इस तरह इसमें 17.42 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

उद्योग संगठन के मुताबिक मई में तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री 48,732 इकाई रही, जबकि मई, 2022 में यह आंकड़ा 28,595 इकाई रहा था। सियाम ने कहा कि सभी श्रेणियों में कुल वाहन प्रेषण मई, 2023 में 18,08,686 इकाई रहा है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 15,32,861 इकाई था।

सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने जारी बयान में कहा कि पिछले साल मई की तुलना में मई, 2023 के दौरान सभी खंडों में वाहनों की थोक बिक्री दोहरे अंकों में बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इन रुझानों के आगे भी जारी रहने की उम्मीद है।

फोर्ब्स की वैश्विक सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज 45वें स्थान पर

नई दिल्ली। मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने बड़ा मुकाम हासिल किया है। फोर्ब्स की नवीनतम ग्लोबल 2000 सूची में आरआईएल आठ पायदान की छलांग के साथ 45वें स्थान पर पहुंच गई है। इस सूची में किसी भी भारतीय कंपनी के मुकाबले यह सर्वोच्च स्थान है। बिजनेस मैग्जीन फोर्ब्स ने 2023 के लिए दुनिया की शीर्ष 2000 कंपनियों की सूची जारी की है। फोर्ब्स ने इसे चार कारकों-बिक्री, लाभ, संपत्ति और बाजार मूल्यांकन के आधार पर तैयार किया है। इस सूची में अमेरिका का सबसे बड़ा बैंक जेपी मॉर्गन 2011 के बाद पहली बार शीर्ष पर है, जिसकी कुल संपत्ति 3700 अरब डॉलर है। सऊदी तेल कंपनी अरामको दूसरे स्थान पर है।

फोर्ब्स की सूची में कुल 55 भारतीय कंपनियों को शामिल किया गया है। सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज को 109.43 अरब अमेरिकी डॉलर की बिक्री और 8.3 अरब अमेरिकी डॉलर के लाभ के साथ 45वां स्थान मिला है। समूह का कारोबार तेल से लेकर दूरसंचार तक फैला हुआ है। आरआईएल सूची में जर्मनी के बीएमडब्ल्यू समूह, स्विट्जरलैंड के नेस्ले, चीन के अलीबाबा समूह, अमेरिकी प्रॉक्टर एंड गैंबल और जापान की सोनी से आगे है। सूची के मुताबिक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 77वें स्थान (2022 में 105वां स्थान), एचडीएफसी बैंक को 128वां स्थान (2022 में 153वां स्थान) और आईसीआईसीआई बैंक 163वें स्थान (2022 में 204वां स्थान) पर है। सूची में ओएनजीसी 226वें, एलआईसी 363वें, टीसीएस 387वें, एक्सिस बैंक 423वें, एनटीपीसी 433वें, लार्सन एंड टुब्रो 449वें, भारती एयरटेल 478वें, कोटक महिंद्रा बैंक 502वें, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन 540वें, इंफोसिस 554वें और बैंक ऑफ बड़ौदा 586वें स्थान पर हैं।

फोर्ब्स की इस सूची में कारोबारी गौतम अडाणी के समूह की तीन प्रमुख कंपनियों अडाणी एंटरप्राइजेज को 1062वां स्थान, अडाणी पावर को 1488वां स्थान और अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन को 1598वां स्थान मिला है।

सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस को मिली राहत, कारोबार को एसबीआई लाइफ को सौंपने के इरडा के आदेश पर रोक

नई दिल्ली। प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) ने सहारा समूह की फर्म की संपत्तियों और लगभग दो लाख पॉलिसी की देनदारियों को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस को हस्तांतरित करने के प्रतिभूति नियामक इरडा के आदेश पर रोक लगा दी। इसे सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के लिए बड़ी राहत बताया जा रहा है। मामले पर अगली सुनवाई तीन अगस्त को होगी। यह आदेश सहारा इंडिया लाइफ की ओर से भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने के बाद आया है।

इरडा ने दो जून को सहारा इंडिया लाइफ की खस्ताहाल वित्तीय स्थिति को देखते हुए इसका पूरा कारोबार, अकाउंट बुक, बैंक खाते आदि एसबीआई लाइफ को ट्रांसफर करने के आदेश दिए थे। सहारा इंडिया ने अदालत में दलील दी कि पृथम दृष्टया इरडा का यह आदेश प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। सहारा इंडिया लाइफ अपने पॉलिसीधारकों के हितों की सुरक्षा के लिए हर संभव कार्रवाई कर रही है।

गेहूं भंडारण के आदेश का पालन कराएं राज्य

इधर, केंद्र सरकार ने राज्यों को 12 जून के गेहूं भंडारण सीमा के आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया है। राज्यों के खाद्य सचिवों के साथ बैठक में खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा, अनुचित व्यापार व्यवहार पर अंकुश लगाने के लिए?स्टॉक का खुलासा सुनिश्चित करें। केंद्र ने थोक विक्रेताओं, व्यापारियों आदि के लिए 31 मार्च, 2024 तक के लिए?गेहूं की भंडारण सीमा लागू की है।

अराइज भूमि की 11 संपत्तियां होंगी नीलाम

निवेशकों की रकम वसूलने के लिए सेबी अराइज भूमि की 11 संपत्तियां 14 जुलाई को नीलाम करेगा। इसका आरक्षित मूल्य 43 करोड़ रुपये है। ये संपत्तियां यूपी और महाराष्ट्र में हैं जिसमें जमीन और दुकान सहित अन्य हैं। कंपनी ने 2013-14 में निवेशकों से कृषि जमीन खरीदने के नाम पर 8 करोड़ रुपये जुटाई थी। पर, इसके लिए सेबी में पंजीकरण नहीं कराया था।

60 अरब डॉलर का होगा डीटूसी बाजार

देश का डायरेक्ट-2-कंज्यूमर (डी2सी)बाजार 2027 तक 60 अरब डॉलर का होगा, जो पिछले साल 12 अरब डॉलर का था। सलाहकार फर्म केपीएमजी ने कहा, 40 फीसदी सीएजीआर की दर से यह क्षेत्र बढ़ेगा। सिंपल के सीईओ नित्या शर्मा ने कहा, डी2सी ब्रांड की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हमने मार्चेंट फर्स्ट चेकआउट नेटवर्क तैयार किया है।

वितरकों के बिना डायरेक्ट प्लान में देनी होगी निवेश की सुविधा, सेबी सितंबर 2023 से लागू करेगा नया ढांचा

नई दिल्ली। सुरक्षा के मद्देनजर सेबी ने फंड हाउसों से कहा है कि वे निवेशकों को डायरेक्ट प्लान में निवेश की सुविधा बिना वितरकों की मदद के दें। इसके लिए एग्जिक्यूशन ओनली प्लेटफॉर्म भी है। इस पर डायरेक्ट प्लान का लेनदेन हो सकता है। नया ढांचा एक सितंबर से लागू होगा। सेबी ने कहा, पिछले कुछ वर्षों से म्यूचुअल फंड की डायरेक्ट प्लान स्कीम में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी है। यह स्कीम रेगुलर प्लान की तुलना में सस्ती है क्योंकि वितरकों को कमीशन नहीं मिलता है। इस वजह से ढेर सारे प्लेटफॉर्म मशरूम की तरह इस सुविधा को देने के लिए बाजार में आ गए हैं। सेबी ने पाया कि निवेश सलाहकारों के साथ तमाम संस्थान और स्टॉक ब्रोकर्स फंड खरीदने और बेचने की सुविधा दे रहे हैं। इस तरह के प्लेटफॉर्म पर वे निवेशक भी आते हैं जो उनके ग्राहक नहीं हैं। अभी इस तरह के प्लेटफॉर्म के लिए कोई नियामकीय ढांचा नहीं है।

सुभाष चंद्रा ने सेबी के आदेश को दी चुनौती

एस्सेल समूह के चेयरमैन सुभाष चंद्रा व जी इंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लि. (जेडईईएल) के प्रबंध निदेशक-सीईओ पुनीत गोयनका ने सेबी के अंतरिम आदेश को प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) में चुनौती दी है। सेबी ने अपने आदेश में दोनों को किसी भी सूचीबद्ध कंपनी में निदेशक या अन्य प्रमुख प्रबंधकीय पद लेने से रोक लगा दिया है।?सूत्रों बताया कि सैट बृहस्पतिवार को सुनवाई कर सकता है।?

नेपाल के राष्ट्रपति पौडेल अस्पताल में भर्ती, हार्ट का वॉल्व खोला गया

काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को दिल की बीमारी के बाद सुबह काठमांडू के कार्डियोलॉजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि एंजियोग्राफी से हार्ट का वॉल्व खोला गया। वह आज अस्पताल में ही रहेंगे। उन्हें 24 घंटे निगरानी में रहना होगा। पौडेल की हालत सामान्य बताई जा रही है। वह 9 मार्च को राष्ट्रपति चुने गए थे। राष्ट्रपति पौडेल को 19 अप्रैल को इलाज के लिए भारत ले जाया गया था। उन्हें पेट की समस्या थी। वह एक मई को एम्स में इलाज कराने के बाद नेपाल लौटे थे।

रूस का जेलेंस्की के गृहनगर पर मिसाइलों से हमला, 11 की मौत

कीव। मध्य यूक्रेनी शहर क्रिवीवी रिह में रात भर रूसी मिसाइलों के हमले में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 28 अन्य लोग घायल हैं। क्षेत्रीय अधिकारियों ने कहा कि बचाव दल मलबे के नीचे फंसे लोगों को निकालने में जुटा रहा। निप्रोपेट्रोस क्षेत्र के गवर्नर सेरही लिसाक ने कहा, क्रूज मिसाइलों से जुड़े हमले ने 5 मंजिला आवासीय इमारत को निशाना बनाया। क्रिवीवी रिह यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का गृहनगर है। रूस ने रणनीतिक रूप से यहां रात भर हमले किए, जिससे क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ। रूसी सेना के युद्ध में यह तबाही ताजा रक्तपात की घटना है, जबकि यूक्रेनी सेना रूसियों को खदेड़ने के प्रयास में लगातार पश्चिमी आपूर्ति वाली मारक क्षमता का इस्तेमाल कर रही है। जेलेंस्की ने कुछ तस्वीरें साझा की हैं जिसमें दमकलकर्मी आग को बुझाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। जेलेंस्की ने लिखा, आतंकवादियों की और मिसाइलें...रूसी हत्यारे रिहाइशी इमारतों, शहरों और आम लोगों के खिलाफ युद्ध जारी रखे हैं।

पाकिस्तान ने 530 से अधिक शरणार्थियों को अफगानिस्तान भेजा, महिलाएं और बच्चे शामिल

काबुल। तालिबान के नेतृत्व वाले शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान ने महिलाओं और बच्चों समेत 531 अफगान शरणार्थियों को वापस भेज दिया है। यह जानकारी अफगानिस्तान की मीडिया ने दी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तालिबान के नेतृत्व वाले शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा कि अफगान शरणार्थी रविवार और सोमवार को दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक क्रॉसिंग पॉइंट के माध्यम से अफगानिस्तान पहुंचे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद, उत्पीड़न और मौत की धमकियों के डर से हजारों लोग सुरक्षा और नौकरी के अवसरों की तलाश में पाकिस्तान और ईरान जैसे पड़ोसी देशों में प्रवेश कर गए। पिछले महीनों में तालिबान के अधिकारियों ने ईरान और तुर्की से हजारों अफगान शरणार्थियों के बलपूर्वक या स्वेच्छा से देश लौटने की सूचना दी है।

इस बीच पाकिस्तानी पुलिस ने सैकड़ों अफगान नागरिकों को गिरफ्तार किया है क्योंकि वे पिछले सप्ताह के दौरान इस्लामाबाद, रावलपिंडी और अन्य प्रमुख शहरों से कानूनी रहने का परमिट (वीजा) नहीं दे पाए थे। पाकिस्तान और ईरान ने लगातार अफगान प्रवासियों को दैनिक आधार पर अफगानिस्तान में कैद और निर्वासित किया है। वर्षों से, मानवीय संकट और आर्थिक चुनौतियों के कारण अफगानों को पड़ोसी देशों में पलायन करने के लिए मजबूर किया गया है। मेजबान देशों में अफगान शरणार्थियों को कानूनी स्थिति के मुद्दों, बेरोजगारी, अनिश्चितता और पुलिस से उत्पीड़न सहित विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

पाकिस्तान के हालात पर अमेरिका चिंतित

दी लोकतांत्रिक सिद्धांतों के सम्मान की नसीहत

वाशिंगटन। पाकिस्तान में राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर आर्मी एक्ट के तहत हो रही कार्रवाई सहित समग्र हालात पर अमेरिका ने चिंता जाहिर की है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने पाकिस्तान को लोकतांत्रिक सिद्धांतों के सम्मान की नसीहत भी दी है। मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान में नागरिकों के खिलाफ की जा रही सैन्य कार्रवाई से परिचित है। मिलर ने कहा कि अमेरिका लगातार पाकिस्तान से लोकतांत्रिक सिद्धांतों और कानून के शासन का सम्मान करने की अपील कर रहा है ताकि संविधान की सर्वोच्चता कायम हो सके। पाकिस्तान में पांच हजार से ज्यादा लोगों को जेल में डाले जाने और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना के सवाल पर मिलर ने कहा कि अमेरिका को हालात के बारे में जानकारी है। अमेरिका उन

नागरिकों के लिए चिंतित भी है, जो मिलिट्री ट्रायल का सामना कर रहे हैं। अमेरिकी अधिकारी लगातार पाकिस्तानी अधिकारियों से अपील कर रहे हैं कि वह लोकतांत्रिक सिद्धांतों का सम्मान करें। साथ ही पाकिस्तानी शीर्ष अधिकारियों के साथ मानवाधिकार, लोकतंत्र, सुरक्षा, पत्रकारों की सुरक्षा और कानून के राज का सम्मान आदि को लेकर बातचीत भी होती रहती है। अमेरिका के लिए यह हमेशा से प्राथमिकता है।

नाटो महासचिव ने कहा, जवाबी कार्रवाई में रूस पर भारी पड़ रहा यूक्रेन

वाशिंगटन। । यूक्रेन पर रूसी हमले के बीच नाटो महासचिव जेन्स स्टॉल्टेनबर्ग ने कहा है कि यूक्रेन ने रूस के खिलाफ जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में वह रूस पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। अमेरिका के ओवल में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि नाटो, यूक्रेन को अपनी मदद भी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है।

स्टॉल्टेनबर्ग ने कहा कि नाटो की ओर से यूक्रेन को की जा रही मदद युद्ध के मैदान में अंतर पैदा कर रही है। जवाबी कार्रवाई में यूक्रेन, रूस के खिलाफ बढ़त बना रहा है। हालांकि अभी यह शुरुआत है लेकिन जल्द ही यूक्रेन ज्यादा जमीन को आजाद करा पाएगा और बातचीत की मेज पर जब रूस और यूक्रेन बैठेंगे तो यूक्रेन की स्थिति मजबूत रहेगी।

इस बीच जानकारी आई है कि यूक्रेन की जवाबी कार्रवाई में दक्षिणी जापोरिज्जिया मोर्चे पर अनुभवी रूसी टॉप जनरल की मौत हो गई है। 35वीं संयुक्त शस्त्र सेना के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल सर्गेई गोर्याचेव की मौत पर रूसी रक्षा मंत्रालय ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

स्टॉल्टेनबर्ग ने कहा कि नाटो की ओर से यूक्रेन को की जा रही मदद युद्ध के मैदान में अंतर पैदा कर रही है। जवाबी कार्रवाई में यूक्रेन, रूस के खिलाफ बढ़त बना रहा है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हिरासत में लिया गया, गुप्त दस्तावेज चुराने व रखने के मामले में कोर्ट की कार्रवाई

मियामी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आपराधिक आरोपों के मामले में मियामी कोर्ट में सुनवाई के दौरान हिरासत में ले लिया गया। ट्रंप पर अवैध रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा दस्तावेज रखने और इसकी मांग करने वाले अधिकारियों से झूठ बोलने का आरोप है।

मियामी में ट्रंप अमेरिकी मजिस्ट्रेट न्यायाधीश जोनाथन गुडमैन की अदालत में पेश हुए। इस दौरान कैमरों पर रोक के साथ कोर्ट रूम के लाइव प्रसारण को बंद करा दिया गया था। इस मामले में उनके पूर्व सहयोगी व आरोपित वॉल्ट नौटा भी अदालत में पेश

हुए। ट्रंप अदालत दूसरी बार गए हैं, इससे पहले अप्रैल में न्यूयॉर्क की कोर्ट में एक पोर्न स्टार को पैसे देने के आरोप में उनको कोर्ट जाना पड़ा था, हालांकि उस मामले में उनको दोषी नहीं ठहराया गया।

मियामी में उपस्थिति संघीय आरोपों पर थी। यहीं कोर्ट हाउस के बाहर ट्रंप के समर्थन में 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' की टोपी पहने और अमेरिकी झंडे लिए समर्थकों ने मियामी फॉर ट्रम्प और लैटिनो फॉर ट्रम्प के नारे लगाए। मियामी के मेयर फ्रांसिस सुआरेज ने अदालत के बाहर संवाददाताओं से कहा कि सुरक्षा के सभी इंतजाम हैं।

भीड़ को देखते हुए अधिकारियों ने खासी तैयारी की थी। प्रशासन ने 6 जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल पर हुए हमले को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के सभी इंतजाम किए थे।

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री देउबा इलाज के लिए पहुंचे सिंगापुर

काठमांडू। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा इलाज कराने सिंगापुर गए हैं । वह बुधवार सुबह सिंगापुर पहुंचे। देउबा के सचिवालय के मुताबिक, वह नियमित जांच के लिए सिंगापुर गए हैं। वह लंबे समय से पेट की समस्या से जूझ रहे हैं। देउबा के साथ उनकी पत्नी डॉ. आरजू देउबा भी हैं। इस बीच देउबा के सिंगापुर प्रवास से राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। देउबा की पार्टी के कुछ नेता हाल ही में सिंगापुर और बैंकॉक में गुप्त राजनीतिक बैठक कर चुके हैं। इसे सत्ताधारी गठबंधन सरकार के लिए खतरे की घंटी भी माना जा रहा है। कुछ समय से प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड को अपदस्थ करने की कोशिश भी जारी है।

पुतिन ने कहा, यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए हथियार देना बंद करे पश्चिमी देश

मॉस्को। यूक्रेन युद्ध समाप्त करने और संकट सुलझाने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों से सैन्य मदद बंद करने की बात कही है। पुतिन का मानना है कि यूक्रेन संघर्ष के पीछे पश्चिमी देशों का हाथ है। लेकिन पुतिन के इस प्रस्ताव के कुछ देर बाद ही अमेरिका ने यूक्रेन को 325 मिलियन डॉलर के नए रक्षा पैकेज का ऐलान कर दिया। इससे साबित होता है कि अमेरिका समेत पश्चिमी देश यूक्रेन के खुद हार मानने तक सैन्य सहायता देना जारी रखेंगे। रूस ने पिछले साल 24 फरवरी को यूक्रेन पर आक्रमण किया था। तब से दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है।

पुतिन ने सैन्य संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि

दुश्मन किसी भी दिशा में सफल नहीं हुआ। उन्हें भारी नुकसान हुआ है। पुतिन ने बताया कि यूक्रेनी सेना वर्तमान में शाख्तयोर्स्क और वर्मेवका में लगातार हमले कर रही है, लेकिन अग्रिम मोर्चों तक पहुंचने में विफल रही है। कुल मिलाकर, यूक्रेन चार दिशाओं से हमला कर रहा है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन बड़े पैमाने पर जवाबी हमला कर रहा है। चार जून से यूक्रेनी काउंटर ऑपरेशन के दौरान दुश्मन ने यूक्रेनी सेना ने 160 से अधिक टैंक खो दिए, जबकि हमें 54 टैंक गंवाने पड़े। उनमें से कुछ को मरम्मत कर फिर से इस्तेमाल के योग्य बनाया जा रहा है।

पुतिन ने कहा कि रूस अपने विशेष सैन्य अभियान के जरिए धीरे-धीरे यूक्रेन का असैन्यीकरण करने में लगा है। अगर पश्चिमी देश संघर्ष को हल करना चाहते हैं तो उन्हें कीव को हथियार देना बंद करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि पश्चिम को यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति बंद करने की जरूरत है, अगर वे जारी संघर्ष को हल करना चाहते हैं।

नेपाल के मधेश प्रांत के मुख्यमंत्री यादव ने विश्वास मत हासिल किया

काठमांडू। नेपाल के मधेश प्रांत की मुख्यमंत्री सरोज कुमार यादव ने विश्वास मत हासिल कर लिया है। मंगलवार को उन्हें विधानसभा के कुल 103 सांसदों से विश्वास मत प्राप्त हुआ। वह उपेंद्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं।

केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन (यूएमएल) के समर्थन वापस लेने के बाद यादव ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल किया है। मधेश प्रांत में 10 दलों और निर्दलीय मिलाकर 103 सांसद हैं।

कनाडा के मंत्री बोले- निर्वासन का सामना कर रहे 700 छात्रों को मिलेगा पक्ष रखने का मौका

टोरंटो। कनाडा के मंत्री सिएन फेजर ने कहा है कि सरकार जाली दाखिला पत्रों का इस्तेमाल करके वीजा हासिल करने के आरोप में देश से निष्कासित किये जाने के खतरे का सामना कर रहे भारतीय छात्रों को यह साबित करने का मौका देगी कि वे धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। कनाडा के अधिकारियों ने पाया है कि शैक्षिक संस्थानों में जमा भारतीय छात्रों के दाखिला प्रस्ताव पत्र फर्जी हैं, जिसके बाद उन्हें निर्वासन का डर सता रहा है। इनमें ज्यादातर छात्र पंजाब से हैं।

यह मामला मार्च में सामने आया था, जब इन छात्रों ने कनाडा में स्थायी निवास के लिए आवेदन किया था। आप्रवासन, शरणार्थी एवं नागरिकता मंत्री सिएन फेजर

ने सोमवार को संसद में एक सवाल का जवाब देते हुए जोर देकर कहा कि "निर्दोष छात्रों को यह साबित करने का मौका दिया जाएगा कि वे धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं।' उन्होंने कहा कि सरकार उन्हें 'उचित उपाय' प्रदान करेगी।

फेजर ने कहा कि कई छात्र अनिश्चितता के चलते गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। फेजर ने विपक्षी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य जेनी क्वान के सवाल के जवाब में कहा, 'हम उन्हें यह साबित करने का मौका देने के लिए एक प्रक्रिया तय करेंगे कि उनका इस्तेमाल किया गया है और उन्हें एक उचित उपाय प्रदान करेंगे' सूत्रों ने यह भी कहा कि कनाडा से निष्कासित किये जाने का सामना कर रहे भारतीय छात्रों की वास्तविक संख्या 700 से बहुत कम है।

रूस के विदेश मंत्री ने जताई पाकिस्तान से संबंधों का दायरा बढ़ाने की इच्छा

मॉस्को। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पाकिस्तान से संबंधों का दायरा बढ़ाने की इच्छा जताई है। रूस और पाकिस्तान के कूटनीतिक संबंधों की 75वीं सालगिरह पर जारी वीडियो संदेश में उन्होंने इस आशय का प्रस्ताव किया है।

रूस-पाकिस्तान रिश्तों की 75वीं सालगिरह पर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पाकिस्तान के लिए एक विशेष वीडियो संदेश जारी किया। पाकिस्तान के साथ संबंधों का दायरा बढ़ाने की रूस की इच्छा को दुनिया में तेजी से बदल रहे भू-राजनीतिक माहौल से जोड़ कर देखा जा रहा है। समझा जाता है कि रूस की यह पहल पाकिस्तान को पश्चिमी खेमे से दूर करने की

कोशिश का हिस्सा है। लावरोव ने अपने संदेश में कहा कि रूस इस बात को जानता है कि पाकिस्तान के लोग रूस और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति सम्मान का भाव रखते हैं। रूस उनकी इस भावना का सम्मान करता है। लावरोव ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में दोनों देशों के संबंध अलग-अलग दौर से गुजरे हैं। लेकिन अब रूस पाकिस्तान के साथ अपने संबंध बढ़ाने की इच्छा रखता है।

लावरोव ने याद दिलाया कि 1980 के दशक में कराची में बने पाकिस्तान के सबसे बड़े इस्पात कारखाने के निर्माण में सोवियत विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। लावरोव ने टिप्पणी की, 'हम ध्यान दिलाना चाहते हैं कि विश्व व्यवस्था के बारे में रूस की दृष्टि और परंपरागत नैतिक मूल्यों के बारे में हमारी समझ उस विश्वास, एकता और अनुशासन से मेल खाती है, जिन्हें पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने आकार दिया था।' लावरोव ने वीडियो संदेश का अंत 'पाकिस्तान-रूसी दोस्ती जिंदाबाद' कहते हुए किया।

नस्लीय अपराधः भारतीय मूल की महिला पर चीनी शख्स ने किया था हमला, सिंगापुर में पूरे दो साल बाद मिला न्याय

सिंगापुर। सिंगापुर में हिंदोचा नीता विष्णुभाई नाम की एक भारतीय मूल की महिला पर लगभग दो साल पहले मास्क नहीं पहनने पर हमला किया गया था। सात मई, 2021 को चो चू कांग हाउसिंग स्टेट में एक चीनी व्यक्ति ने कथित तौर पर महिला की छाती पर लात मारी थी और साथ ही नस्लीय टिप्पणी भी की। हालांकि, अब अदालत ने आरोपी को दोषी करार किया है। जल्द ही उसे सजा दी जाएगी।

इससे पहले, भारतीय मूल की महिला ने कोर्ट में हुए ट्रायल में कहा था कि वह इस घटना के कारण हुए आघात से उबर नहीं पाई हैं।

मास्क को लेकर हुआ था विवाद

हिंदोचा ने बताया कि घटना उस समय की है, जब कोरोना को लेकर सिंगापुर में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया था। पीड़िता ने बताया कि वह आमतौर पर तेज कदमों से चलती है, ऐसे में सांस लेने के लिए उसने अपना मास्क थोड़ा नीचे कर लिया था। तभी 32 वर्षीय जिंग फोंग और उसकी मंगेतर चुआ यूं हान ने चिल्लाना शुरू कर दिया। दोनों ने मास्क को लेकर उस पर चिल्लाया और नस्लीय टिप्पणी की। हिंदोचा ने कहा, इसके बाद आरोपी ने छाती पर लात से वार किया, जिससे वह गिर गई और उनके हाथ से खून बहने लगा। इसके बाद आरोपी और उसकी महिला साथी

वहां से चले गए। उन्होंने बताया, बस स्टॉप पर एक महिला ने उसे उठाने में मदद की और प्राथमिक उपचार दिया। बाद में शाम को उन्होंने पुलिस को शिकायत दी थी।

वहीं, अदालत में सुनवाई के दौरान एक चश्मदीद गवाह ने कहा कि उसने एक व्यक्ति को महिला को लात मारते देखा था। हालांकि, फोंग ने दावा किया कि विष्णुभाई ने पहले अश्लील बातें की। उसने कहा कि महिला ने उस पर और उसकी मंगेतर पर थूका था। इसलिए उसने पीड़िता को धक्का दिया। आरोपी ने कहा कि गलत शब्दों का इस्तेमाल किया था, लेकिन नस्लीय टिप्पणी नहीं की थी।

जल्द सजा मिलने की उम्मीद- मीडिया रिपोर्ट की माने तो फोंग को दोषी ठहराया गया। 31 जुलाई को विष्णुभाई को मारने और उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए सजा सुनाई जाने की उम्मीद है।

महिला एमर्जिंग एशिया कपः श्रेयंका के 5 विकेट, भारत ने हांगकांग को हराया

मांगकॉक (हांगकांग)। उभरती हुई ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल ने दो रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे भारत की अंडर-23 महिला टीम ने महिला एमर्जिंग एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत हांगकांग की अनुभवहीन टीम के खिलाफ नौ विकेट की आसान जीत के साथ की। पहली महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की ओर से प्रभावी प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में शामिल रहीं 20 साल की श्रेयंका की ऑफ स्पिन गेंदबाजी के सामने हांगकांग की टीम 14 ओवर में सिर्फ 34 रन पर सिमट गई। हांगकांग की ओर से सलामी बल्लेबाज मारिको हिल ने 19 गेंद में 14 रन बनाए। अंडर-19 विश्व कप भारत की स्टार खिलाड़ी बाएं हाथ की स्पिनर मन्नत कश्यप (दो रन पर दो विकेट) और लेग स्पिनर पार्शवी चोपड़ा (12 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट चटकाए। इसके जवाब में भारत ने जी त्रीशा की नाबाद 19 रन की पारी की बदौलत 5.2 ओवर में एक विकेट पर 38 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

अंडर-17 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप : भारत ने सात पदकों के साथ किया अभियान का समापन

बिश्केक। भारत ने मंगलवार को यहां अंडर-17 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के अंतिम दिन एक स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। अंकुश ने 55 किलोग्राम भार वर्ग फ्रीस्टाइल में ईरान के अमीररेज़ा अली तैमोरिज़ाद को हराकर भारत के लिए दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता। अंकुश ने अमीररेज़ा को वीपीओ1 द्वारा (बिना किसी तकनीकी श्रेष्ठता के विजेता लेकिन हारने वाले का स्कोर कम से कम 1 अंक) 6-5 से हराया। धनराज भरत शिर्के ईरान के अहोरा फरहाद खलेरी से हार गए। फरहाद ने शिर्के को वीएसयू (तकनीकी श्रेष्ठता से जीत) से 11-0 से हराया। रूपेश ने 48 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में ईरान के सैम रेजा सवार से हारने के बाद दूसरा रजत जीता। रोहित जापान के

लियो अकामी से वीपीओ1, द्वारा 7-6 से हार गए और रजत पदक जीता। तुषार (60 किग्रा फ्रीस्टाइल), विनय (92 किग्रा फ्रीस्टाइल) और जसपुरन सिंह (110 किग्रा फ्रीस्टाइल) ने मंगलवार को भारत के लिए तीन कांस्य पदक जीते। इसके साथ ही ,भारत के लिए सभी 10 फ्रीस्टाइल पहलवानों ने प्रतियोगिता में पदक जीते। भारत फ्रीस्टाइल टीम रैंकिंग में ईरान के बाद दूसरे स्थान पर रहा।

काउंटी क्रिकेट खेलने के बावजूद WTC फाइनल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए पुजारा : कनेरिया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने कहा है कि भारत के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा काउंटी चैम्पियनशिप में ससेक्स के लिए खेलने के बावजूद विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में असफल रहे। ऑस्ट्रेलिया ने लंदन के केनिंग्टन ओवल में डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने के लिए भारत को 209 रन से हराया। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कनेरिया ने कहा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले ससेक्स के लिए काउंटी क्रिकेट खेलने के बावजूद पुजारा रन नहीं बना पाए। पुजारा ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में दो पारियों के दौरान भारत के लिए सिर्फ 41 रन बनाए। कनेरिया ने कहा, 'चेतेश्वर पुजारा ने डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले दो महीने से अधिक समय तक काउंटी क्रिकेट खेले।

दिलचस्प बात यह है कि वह उसी काउंटी में खेले थे। ससेक्स के लिए खेलने के बावजूद वह इसे मैनेज नहीं कर पा रहे थे। यह इंगित करता है कि काउंटी क्रिकेट में गेंदबाज कमजोर थे और उन्होंने रन बनाए।' उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज कहीं बेहतर थे और वह उनके खिलाफ प्रदर्शन नहीं कर सके। उसने कुछ महीनों तक इस तरह की विकेट पर खेला और अभ्यास किया और परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ था, लेकिन फिर भी वह एक शीर्ष पारी खेलने में असमर्थ था।' पुजारा, बाकी भारतीय शीर्ष क्रम के साथ-साथ बड़े रन बनाने में विफल रहे। शीर्ष चार भारतीय बल्लेबाजों में से किसी ने भी दो पारियों के दौरान अर्धशतक नहीं बनाया। पुजारा ने पहली पारी में 14 और दूसरी पारी में 27 रन बनाए। इस बीच कप्तान रोहित शर्मा ने 15 और 43 रन बनाए, शुभमन गिल ने 13 और 18 रन बनाए और सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में दो पारियों में 14 और 49 रन बनाए। भारत अब कैरेबियाई दौरे पर जाएगा जहां उसे वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं।

शतरंज : फीडे सर्किट लीडरबोर्ड : भारत के डी गुकेश फिर से शीर्ष पर पहुंचे

नई दिल्ली। भारत के 17 वर्षीय ग्रांड मास्टर डी गुकेश बार बार अपने आप को शीर्ष स्तर का खिलाड़ी साबित कर रहे है और नौवें शतरंज में अपने शानदार प्रदर्शन के चलते गुकेश एक बार फिर से फीडे सर्किट लीडरबोर्ड के शीर्ष पर पहुँच गए है । विश्व शतरंज चैम्पियनशिप साइकल 2024 के अंतर्गत शामिल फीडे सर्किट लीडरबोर्ड जिसमें से सीधे एक स्थान फीडे कैंडिडेट में सीधे जाता है उसमें गुकेश अब 75.28 अंको के साथ पहले स्थान पर पहुँच गए है । आप को बता दे की आज तक विश्वनाथन आनंद के अलावा कोई भी खिलाड़ी फीडे कैंडिडेट में जगह नहीं बना पाया है । गुकेश के बाद यूएसए वेसली सो 70.11 अंको के साथ दूसरे तो नीदरलैंड के अनीश गिरि 62.78 अंको के साथ तीसरे स्थान पर है । अन्य खिलाड़ियों में यूएसए के फबियानो करूआना ,लेवान अरोनियन, सेमुएल सेवियन, भारत के अर्जुन एरिगासी, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव, नॉर्वे के मेगनस कार्लसन और स्वीडन के निल्स ग्रंडेलीयूस चौथे से दसवें स्थान पर चल रहे है ।

डब्ल्यूएफआई के बहुप्रतीक्षित चुनाव 6 जुलाई को, परिणाम भी उसी दिन होंगे घोषित

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के बहुप्रतीक्षित चुनाव 6 जुलाई को होंगे, रिटर्निंग ऑफिसर सेवानिवृत्त न्यायाधीश महेश मित्तल कुमार ने जारी अधिसूचना में इसकी घोषणा की।

यह घोषणा भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश महेश मित्तल कुमार को चुनाव प्रक्रिया को गति देने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में नियुक्त करने के एक दिन बाद आई है। यह भी सूचित किया गया कि चुनाव के परिणाम भी उसी दिन घोषित किए जाएंगे। निर्वाचक मंडल के गठन के लिए प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से दो-दो नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 19 जून निर्धारित की गई है और 22 जून तक जांच पूरी कर ली जाएगी।

प्रत्येक राज्य इकाई दो प्रतिनिधि भेज सकती है और प्रत्येक प्रतिनिधि का एक मत होगा। इसलिए, डब्ल्यूएफआई चुनावों के लिए निर्वाचक मंडल में 50 वोट होंगे। हालांकि यह भी पता चला है कि डब्ल्यूएफआई द्वारा पूर्व में भंग किए गए कुछ राज्य निकायों ने भी चुनाव में भाग लेने का दावा पेश किया है।

रिटर्निंग ऑफिसर गुटों के प्रतिनिधियों के परिचय पत्रों को देखने के बाद तय करेगा कि कौन मतदान कर सकता है और कौन नहीं। चुनाव के लिए नामांकन जमा करना 23 जून से शुरू होगा और 25 जून को समाप्त होगा,

जिसके बाद नामांकन की तैयारी और प्रदर्शन होगा, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 28 जून को होगी। उम्मीदवार 28 जून से 1 जुलाई के बीच अपना नामांकन वापस ले सकेंगे, जिसके बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची 2 जुलाई को जारी की जाएगी

डब्ल्यूएफआई के चुनाव अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चार उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, दो संयुक्त सचिव और पांच कार्यकारी सदस्य पद के लिए होंगे। सेवानिवृत्त न्यायाधीश के सामने मुख्य कार्य यह तय करना होगा कि राज्य निकायों के भीतर कौन सा प्रतिद्वंद्वी गुट चुनावों में भाग लेगा, क्योंकि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हरियाणा और कर्नाटक में दो अलग-अलग राज्य निकायों ने कथित तौर पर चुनाव मतदाता सूची में शामिल करने के लिए नाम भेजे हैं।

डब्ल्यूएफआई ने भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन सहित विभिन्न कारणों से जून 2022 में अपनी कार्यकारी समिति की बैठक में कर्नाटक, हरियाणा और महाराष्ट्र को भंग कर दिया था।

चुनाव में एक और बड़ा मुद्दा यह है कि क्या निवर्तमान डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के परिवार के सदस्य या सहयोगियों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाएगी।

खेल मंत्री ठाकुर ने पहलवानों को आश्वासन दिया था कि सरकार बृजभूषण के किसी रिश्तेदार को चुनाव नहीं लड़ने देगी।अब देखना यह होगा कि अगर सिंह से जुड़े योग्य उम्मीदवार चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करते हैं तो क्या होता है। सिंह के बेटे करण पिछले डब्ल्यूएफआई सेटअप में उपाध्यक्ष थे और यूपी कुश्ती संघ से भी जुड़े हुए हैं। उनके दामाद विशाल सिंह बिहार कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं। वे दोनों राज्य निकाय प्रतिनिधियों के रूप में चुनाव लड़ने के पात्र हैं।

16 साल के कोरोउ सिंह को बनाया भारत का कप्तान

खाओ याइ (थाईलैंड) । प्रतिभाशाली मिडफील्डर कोरोउ सिंह को आगामी एएफसी अंडर 17 एशियाई कप के लिये भारत का कप्तान बनाया गया । 16 वर्ष के सिंह ने सैफ अंडर 17 चैम्पियनशिप और एएफसी अंडर 17 एशियाई कप क्वालीफायर में गोल किये । इसके अलावा स्पेन और जर्मनी में दुनिया के शीर्ष क्लबों की जूनियर टीमों के खिलाफ टीम के अभ्यास मैचों में भी उम्दा प्रदर्शन किया । भारत के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने कहा ,'' एएफसी अंडर 17 एशियाई कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करना बड़ी जिम्मेदारी है । हमारा मानना है कि कोरोउ हर तरह से इसके काबिल है ।' भारतीय टीम इस समय थाईलैंड में अभ्यास कर रही है और 14 जून को बैंकाक जायेगी । एएफसी अंडर 17 एशियाई कप में उसे वियतनाम (17 जून), उजबेकिस्तान (20 जून) और जापान (23 जून) से खेलना है ।

स्क्वैश विश्व कप :भारत ने अपने पहले मुकाबले में हांगकांग को 4-0 से हराया

चेन्नई। भारत ने अपने स्क्वैश विश्व कप अभियान की धमाकेदार शुरुआत करते हुए यहां एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में अपने पहले पूल बी मुकाबले में हांगकांग को 4-0 से हरा दिया। सेंट्रल एट्रियम में और उसके आसपास जमा हुई भीड़ से उत्साहित, दूसरी वरीयता प्राप्त भारत दिन के अंतिम टाई में छठी वरीयता प्राप्त हांगकांग पर पूरी तरह से हावी रहा।

जहां अभय सिंह और स्थानीय पसंदीदा खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने सीधे गेम में जीत दर्ज की, वहीं देश के शीर्ष क्रम के पुरुष खिलाड़ी सौरव घोषाल को जीत हासिल करने के लिए चार गेम की जरूरत थी। टाई के आखिरी मैच में, तन्वी खन्ना ने शानदार जीत के साथ भारत के नाबाद रिकॉर्ड को बरकरार रखा। अभय ने चुंग यट लांग को 7-2, 7-3, 7-6 से हराया, वहीं, जोशना ने हेली फंग को 7-1, 7-5, 7-5 से हराया। सौरव घोषाल ने यू लॉग को 5-7, 7-2, 7-5, 7-1 से और तन्वी खन्ना ने से यी लेम टूबी को 5-7, 6-7, 7-1, 7-4, 7-3 से हराया। अन्य मैचों में शीर्ष वरीयता प्राप्त मिस्र ने पूल ए के एकतरफा मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से रौंदा जबकि जापान और मलेशिया ने भी दिन में 3-1 से जीत दर्ज की।

अफगानिस्तान के मुख्य चयनकर्ता नियुक्त हुए असदुल्लाह खान

काबुल। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने असदुल्लाह खान को देश की क्रिकेट टीम का मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, कतर क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त करने के बाद वह काबुल लौट आएंगे। वह नूरुलहक मलिकजई का स्थान लेंगे, जो अब समिति के सदस्य के रूप में काम करना जारी रखेंगे। मलिकजई ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो के हवाले से कहा, सम्मानित अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के लिए चयन समिति के प्रमुख के रूप में सेवा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

मलिकजई ने अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं को मुख्य चयनकर्ता के पद को छोड़ने का कारण बताया। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत और पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण, मैं इस महत्वपूर्ण पद पर बने रहने में

असमर्थ हूं। मैंने समिति के सदस्य के रूप में एसीबी के साथ अपने जुड़ाव को जारी रखने का अनुरोध किया है, और मैं असदुल्ला खान और बोर्ड को अपना अधिकतम सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। असदुल्लाह के अलावा, मलिकजई, मीर मुबारिज और अहमद शाह चयनकर्ताओं के चार सदस्यीय पैनल में होंगे। दूसरी ओर, ताज मलिक आलम और मोहम्मद खान जादरान को घरेलू चयनकर्ता के रूप में बरकरार रखा गया है। असदुल्लाह ने एक बयान में कहा, खिलाड़ियों की चयन समिति का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा, एसीबी मेरे लिए कोई नया संगठन नहीं है क्योंकि मेरे पास इस महान संगठन के लिए काम करने का समृद्ध अनुभव है। मैं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने और उन्हें हमारे देश का प्रतिनिधित्व करने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर सफलता हासिल करने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। असदुल्लाह जो पहले मुख्य चयनकर्ता थे, ने बहुत अधिक रुकावट और बोर्ड में गैर-क्रिकेटरों के हस्तक्षेप को कारण बताते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने 2019 में कार्यवाहक सीईओ के रूप में भी काम किया। अफगानिस्तान एक ऑल-फॉर्मेट सीरीज खेलने के लिए बांग्लादेश का दौरा कर रहा है। वे घर में जिम्बाब्वे, भारत और पाकिस्तान के खिलाफ भी खेलेंगे और इस साल एशिया कप और वर्ल्ड कप में भी हिस्सा लेंगे।

सीएसके के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने नाभा गद्दामवार के साथ की सगाई

मुंबई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के गेंदबाज तुषार देशपांडे ने मुंबई में अपनी गर्लफ्रेंड नाभा गद्दामवार के साथ सगाई कर ली। देशपांडे से पहले सीएसके के खिलाड़ी रुतुराज गायकवाड़ भी इसी महीने अपनी गर्लफ्रेंड उत्कर्ष पवार के साथ शादी के बंधन में बंधे थे। तुषार ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर सगाई की फोटो पोस्ट की और उसे कैप्शन दिया, वह मेरे स्कूल क्रश से मेरे मंगेतर में बदल गई! बता दें कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में तुषार ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। उन्होंने 16 मैचों में 26.85 की औसत और 9.92 की इकॉनमी रेट से 21 विकेट लिए थे। वह अपनी टीम के लिए

अग्रणी विकेट लेने वाले खिलाड़ी के रूप में भी उभरे और अपनी टीम के पांचवें आईपीएल खिताब में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

28 वर्षीय तेज गेंदबाज का दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपने पहले सीज़न के दौरान वास्तव में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा था, क्योंकि उन्होंने उनके लिए पांच मैचों में केवल तीन विकेट लिए थे। 2022 में सीएसके द्वारा खरीदे जाने के बाद, उन्होंने उस वर्ष केवल दो मैच खेले और एक विकेट लिया।

इंडोनेशिया ओपन : पीवी सिंधु और एचएस प्रणय प्री क्वार्टर फाइनल में

जकार्ता। भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और एचएस प्रणय इंडोनेशिया ओपन 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने महिला एकल वर्ग में इंडोनेशियाई खिलाड़ी ग्रेगोरिया मरिस्का तुनजुंग को सीधे गेम में 21-19, 21-15 से हराकर तुनजुंग के खिलाफ दो मैचों से चली आ रही हार के सिलसिले को भी खत्म किया।

बता दें कि तुनजुंग ने इससे पहले सिंधु को मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में और मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के फाइनल में हराया था। पीवी सिंधु अंतिम 16 में चीनी ताइपे की विश्व नंबर 3 ताई त्जु यिंग का सामना करेंगी, जो गत इंडोनेशिया ओपन चैंपियन भी हैं। वहीं, पुरुष एकल टूर्नामेंट में विश्व में आठवें स्थान पर काबिज भारत के एचएस प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 1000

इवेंट के शुरुआती दौर में जापान के विश्व नंबर 11 केंटा निशिमोतो को 21-16, 21-14 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। प्रणय अब अगले दौर में दुनिया के 16वें नंबर के हांगकांग के एंगस एनजी का लॉन्ग से खेलेंगे, जिन्होंने दो बार के विश्व चैंपियन जापान के केंटो मोमोटा को पहले दौर में हराया था। ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद महिला युगल में अपना पहला मैच जापान की रिन इवानागा और की नाकानिशी से 22-20, 12-21, 16-21 से हार गईं। ट्रीसा और गायत्री अब इस सीजन में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के पहले दौर में लगातार चार मैच हार चुकी हैं।खेल सचिव नीलम नामदेव एक्का, खेल संचालक श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव एवं अधिकारियों और खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

गुरबचन सिंह रंधावा ने 18 साल बाद 'एएफआई' से दिया इस्तीफा

नयी दिल्ली। भारत के महान ट्रैक और फील्ड खिलाड़ी गुरबचन सिंह रंधावा ने कहा कि उन्होंने बढ़ती उम्र के कारण भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की चयन समिति से इस्तीफा दे दिया है । एशियाई खेल 1962 में डेकाथलन में स्वर्ण पदक जीतने वाले 84 वर्ष के रंधावा 1964 ओलंपिक में 110 मीटर बाधा दौड़ में पांचवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने कहा कि बढ़ती उम्र के कारण वह अपनी जिम्मेदारी शत प्रतिशत नहीं निभा पा रहे हैं । उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' मैंने 18 साल जिम्मेदारी निभाने के बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की चयन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है ।

मम्मी पापा को स्मार्टफोन दिलाना है ताकि कोई मैच ना छूटे : जूनियर एशिया कप स्टार अन्नु

नई दिल्ली। बचपन से परिवार के बलिदान और संघर्ष देखती आई अन्नु ने जूनियर महिला एशिया कप में जब दनादन गोल दागे तो उसे यही मलाल रह गया कि भूखे सोकर भी उसके सपने पूरे करने वाले उसके माता पिता उसे इतिहास रचते नहीं देख सके। भारतीय टीम ने जापान के काकामिगाहारा में चार बार की चैम्पियन दक्षिण कोरिया को फाइनल में 2-1 से हराकर पहली बार खिताब जीता। अन्नु ने फाइनल में पहला गोल किया और पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा नौ गोल करके दो बार 'प्लेयर आफ द मैच' बनी। हरियाणा के जींद जिले के छोटे से गांव रोजखेड़ा की रहने वाली अन्नु ने कहा, 'मुझे यह दुख हमेशा रहेगा कि मेरे मम्मी पापा मैच नहीं देख सके। उनके पास स्मार्टफोन नहीं था जिस पर लाइव स्ट्रीमिंग देख पाते। अब घर जाकर सबसे पहले उन्हें फोन दिलाना है ताकि आगे से ऐसा नहीं हो।' अन्नु के परिवार में सिर्फ भाई ने मैच देखा जो हाल ही में सेना में भर्ती हुआ है। अपने परिवार के संघर्षों के बारे में इस होनहार खिलाड़ी ने कहा, 'हमने बहुत बुरे दिन देखे हैं। पापा खेतों में मजदूरी करते तो कभी ईंट के भट्टे पर काम करते थे। मम्मी डिस्क की बीमारी से जूझ रही थी। हम कई बार भूखे भी सोये हैं और मैदान पर खेलते समय माता पिता के ये सारे बलिदान मुझे याद रहते थे।' भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने उसी दिन खिताब जीता जिस दिन क्रिकेट टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल हारी थी। ऐसा अक्सर नहीं होता कि क्रिकेट के बीच हॉकी को मीडिया में ज्यादा तवज्जो मिले लेकिन उस दिन ऐसा हुआ। अन्नु ने कहा, 'भारत में तो सभी क्रिकेट को पसंद करते हैं और जूनियर हॉकी को तो उतनी पहचान भी नहीं मिलती लेकिन इस मैच ने एक दिन के लिए ही सही, नजारा बदल दिया। पहले जूनियर लड़कों ने और अब पहली बार लड़कियों ने जीतकर इतिहास रचा। उम्मीद है कि सोच बदलेगी और लोग हमारे प्रदर्शन को भी सराहेंगे।' सीनियर टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल और मौजूदा कप्तान सविता भी हरियाणा से हैं और कई रूढ़ियों को तोड़कर भारतीय हॉकी की सुपरस्टार बनी। क्या परिवार को संघर्षों से निकालने का जरिया उनके लिए हॉकी बनी, यह पूछने पर अन्नु ने कहा, 'मेरा हमेशा से यही मानना था कि मुझे कुछ करना है। मुझे अपने परिवार को अच्छी जिंदगी देनी है और देश का नाम भी रोशन करना है।' उसने कहा, 'जब भी हम कहीं जीतते थे तो जो नकद पुरस्कार मिलता था, वह मैं मम्मी पापा को देती थी। हम पर काफी कर्ज चढ़ा हुआ था जो धीरे धीरे उतारा। हरियाणा टीम में आने पर प्रदेश सरकार से भी पैसा मिलता है जो काफी काम आया।' चौथी कक्षा से हॉकी खेल रही अन्नु ने बताया कि शुरूआत में उनके पिता को लोगों ने हतोत्साहित करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने परिस्थितियों से लड़कर उसे इस मुकाम तक पहुंचाया। उसने कहा, 'पापा हर जगह खेलने ले जाते थे तो लोग विरोध करते थे कि इससे कुछ नहीं होगा लेकिन पापा ने हार नहीं मानी। अब इस खिताब के बाद पूरा गांव खुशियां मना रहा है तो मुझे और खुशी हो रही है। मेरे पापा का विश्वास जीत गया है।' खेलो इंडिया खेलों में 2018, 2020 और 2021 में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रही अन्नु की प्रतिभा को परखान हिसार स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर कोच आजाद सिंह ने चढ़ाया।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 15 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

न्यूज फ्लैश

अराजकता का अड्डा बना नौचंदी मेला

मेरठ: मेरठ के ऐतिहासिक नौचंदी मेले में इस बार अराजकता का आलम है। आए दिन नौचंदी मेले में मारपीट की घटनाएं हो रही है। जिनके वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। मंगलवार की देर रात लगभग दो बजे एक दुकानदार और पुलिसकर्मी में हाथापाई हुई। इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। मेरठ के नौचंदी मेले को प्रदेश सरकार ने प्रांतीय मेला घोषित किया है। एकांतर व्यवस्था के तहत जिला पंचायत और नगर निगम बारी-बारी से एक-एक वर्ष नौचंदी मेले का आयोजन करते हैं। इस वर्ष नगर निगम ने मेले का आयोजन किया है। इस बार नौचंदी मेले में आए दिन मारपीट की घटनाएं हो रही हैं। दो दिन पहले तहबाजारी वसूलने वाले ठेकेदार और एक दुकानदार के बीच जमकर संघर्ष हुआ था। इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुछ दिन पहले ही एक भाजपा नेता के भतीजे के साथ दो पुलिसकर्मियों ने मारपीट की थी। मामले के तूल पकड़ने पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने दो पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया।

मेले में नौचंदी मंदिर के सामने मंगलवार की देर रात्रि भी प्रसाद का ठेला लगाने को लेकर अभिषेक और संजय के बीच विवाद हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। इस बात पर अभिषेक की पुलिसकर्मी से हाथापाई हो गई। इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। मेला प्रभारी जितेंद्र कुमार के अनुसार, अभिषेक को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है।

अब तक देवघर ट्रांसफर नहीं हुई जीरो एफआईआर

टीम एक्शन इंडिया/रांची

झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट में बुधवार को अगस्त, 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को हवाई जहाज से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर में रोकने के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज को निरस्त करने को लेकर देवघर के डीसी मंजूनाथ की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट को बताया गया कि दिल्ली में दर्ज जीरो एफआईआर अब तक देवघर ट्रांसफर नहीं हुआ है। इस पर कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को सत्यापित कर दो सप्ताह में बताने को कहा है कि वाकई में जीरो एफआईआर देवघर पहुंचा है कि नहीं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता मंजूनाथ के खिलाफ कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दिल्ली में दर्ज कराई गई जीरो एफआईआर देवघर के कुंडा थाना में ट्रांसफर कर दी गई है।

इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि दिल्ली से भेजी गई जीरो एफआईआर के आधार पर देवघर के कुंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई या नहीं। प्रतिवादी निशिकांत दुबे की ओर से पार्थ जालान ने और याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं अजय शाह ने पैरवी की।

'चल रहा जन-कल्याण का महायज्ञ'

मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए मंत्रियों और प्रशासनिक टीम को दी बधाई

बधाई दी

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ लेने वाली बहने आनंदित हैं: मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

टीम एक्शन इंडिया/भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को मंत्रालय सभा कक्ष में मंत्रि-परिषद की बैठक प्रारंभ होने से पहले मंत्रि-परिषद के सदस्यों से कहा कि मध्यप्रदेश में जन-कल्याण का महायज्ञ चल रहा है। प्रदेश के साढ़े आठ करोड़ नागरिकों के कल्याण के लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के 10 जून के कार्यक्रम और किसान - कल्याण के 13 जून के कार्यक्रम सफल हुए। यह सप्ताह इस दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने किसानों और बहनों को मंत्रि-परिषद की ओर से बधाई दी।

मुख्यमंत्री चौहान ने मंत्रि-परिषद के सदस्यों और प्रशासनिक टीम को इन कार्यक्रमों और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, पहली बार किसी योजना के त्वरित क्रियान्वयन का यह अनोखा उदाहरण है। नर्मदा जयंती 28 जनवरी को योजना प्रारंभ करने की घोषणा, पांच मार्च को योजना के शुभारंभ, इसके बाद पात्र बहनों के आवेदन-पत्र प्राप्त करने, ई-केवायसी की औपचारिकता पूर्ण कर बैंक खाते में राशि अंतरित करने की संपूर्ण प्रक्रिया निर्धारित तरीके से पूरी की गई। तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण किये गये। यह किसी भी योजना के प्रारंभ होने और बहुत कम समय में अमल की दृष्टि से अपने आप में एक रिकार्ड है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन के लिये अधिकारी -कर्मचारियों ने निरंतर परिश्रम किया। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाएं नागरिकों का जीवन बदलने का कार्य करेंगी। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ लेने वाली बहने आनंदित हैं।

किसानों को मिल सकेगा खाद और बीज, वे डिफाल्टर नहीं रहेंगे: किसान

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिये 13 जून को राजगढ़ में 3 महत्वपूर्ण योजनाओं में करीब साढ़े छह हजार करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई। जहां राज्य सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा डिफाल्टर किसानों की ब्याज राशि को माफ करते हुए उन्हें डिफाल्टर होने से मुक्ति दिलवाकर खाद और बीज प्राप्त करने का हकदार बनाया है, वही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 2900 करोड़ रुपये की राशि भी लगभग 49 लाख किसानों को प्रदान की गई। साथ ही मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में 1400 करोड़ रुपये की राशि किसानों के खाते में डाली गई। उन्होंने कहा कि अब बहनों की तरह किसानों को भी प्रतिमाह 1000 रुपये की राशि प्राप्त होगी। भारत सरकार से मिलने वाली 6 हजार रुपये वार्षिक किसान सम्मान निधि की तरह मध्यप्रदेश में भी मुख्यमंत्री किसान - कल्याण योजना के 6 हजार रुपये मिलाकर वर्ष में कुल 12 हजार रुपए किसानों को प्राप्त होंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मध्यप्रदेश सरकार के किसानों और बहनों के लिये लागू किये गये कल्याणकारी कार्यक्रमों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

समर्थन मूल्य बढ़ने से किसानों को फायदा मिलेगा

टीम एक्शन इंडिया/झुंझुनू

केंद्र सरकार ने खरीफ फसल के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की है। इसके तहत मूंग, बाजरा व मूंगफली समेत धान की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। इससे मूंग की फसल करने वाले किसानों को अधिक फायदा मिलेगा। मूंग की पैदावार करने वाले किसानों को समर्थन मूल्य पर मूंग बेचने पर 803 रुपये प्रति क्विंटल अधिक मिलेंगे। सरकार ने बाजरे के समर्थन मूल्य में भी 150 रुपये प्रति क्विंटल का इजाफा किया है। हालांकि मूंगफली के समर्थन मूल्य में भी बढ़ोतरी की गई है। लेकिन झुंझुनू जिले में इसका रकबा बहुत कम है। किसान नेता रामचंद्र कुलहरी ने बताया कि खेती में बढ़ती लागत को देखते हुए किसान संगठनों की ओर से लम्बे समय से एमएसपी में बढ़ोतरी की मांग की जा रही है। जिसके कारण केंद्र सरकार की ओर से खरीफ फसल में समर्थन मूल्य रिवाइज किया गया है। खरीफ पैदावार में जिले में मूंग व मूंगफली की ही समर्थन मूल्य पर खरीद होती है। हालांकि मूंगफली की पैदावार कम है। लेकिन किसान अब मूंगफली की फसल बोने लगे है। मूंगफली के समर्थन मूल्य में 527 रुपये की बढ़ोतरी करने से जिले के किसानों को इसका फायदा होगा।

...तो जवाब में संत भी करेंगे महापंचायत

लव जिहाद

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी राजधानी देहरादून में महापंचायत का 18 जून को ऐलान किया है

टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार

देवभूमि उत्तरकाशी के पुरोला में विगत दिनों हुई लव जिहाद की घटना के बाद विवाद बढ़ता ही जा रहा है। प्रधान संगठन ने 15 जून को महापंचायत का ऐलान किया था। इसके बाद बीते रोज प्रधान संगठन ने महापंचायत से हाथ खींच लिए। इसके साथ ही बजरंग दल ने उस महापंचायत को शांतिपूर्वक ढ़ग से महापंचायत करने का ऐलान किया। इसके बाद प्रशासन ने 14 से 19 जून तक क्षेत्र में धारा 144 लगा दी है। इसके साथ ही शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनन्द स्वरूप मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी राजधानी देहरादून में महापंचायत का 18 जून को ऐलान किया है। स्वामी आनन्द स्वरूप का कहना है कि यदि 18 को मुस्लिम समुदास मुस्लिम महापंचायत का आयोजन करता है तो ठीक उसी दिन व उसी समय संत समाज हिन्दू महापंचायत का आयोजन करेगा।

उत्तराखंड में लव जिहाद की घटनाएं सोची समझी साजिश: रक्षा राज्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया/रुद्रपुर(उधम सिंह नगर)

उत्तराखंड में बढ़ रही लव जिहाद की घटनाओं को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने सोची समझी साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं से राज्य और देश का माहौल खराब हो रहा है। बुधवार को रुद्रपुर के ग्राम छतरपुर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों से मिलने आए केंद्रीय रक्षा और राज्यमंत्री अजय भट्ट ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जो लोग जबरदस्ती धर्मांतरण कराते हैं, वो सब एक एक करके पकड़े जा रहे हैं और नियमानुसार अनुमन्य धाराओं में उनके खिलाफ मुकदमे कायम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। इससे पहले उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में सहभागिता करने वाले स्वर्गीय हो राम की पत्नी से मुलाकात की और उनसे आशीर्वाद लिया। केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री ने अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों से भी मुलाकात की और मोदी सरकार के 9 वर्ष में किए गए कार्यों पर चर्चा की।

आज से होगी जी-20 के कृषि कार्य समूह की बैठक

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

जी-20 के कृषि कार्य समूह की मंत्रिस्तरीय बैठक 15 से 17 जून तक हैदराबाद में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी बुधवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने दी। मंत्रालय के अनुसार इस तीन दिवसीय बैठक में जी-20 सदस्य देशों, आमंत्रित देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 200 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें विभिन्न देशों के कृषि मंत्री और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के महानिदेशक शामिल होंगे। पहले दिन के कार्यक्रम की शुरूआत केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी द्वारा एक भव्य प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ होगी। यह प्रदर्शनी कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगी। उद्घाटन के बाद एग्रीकल्चर डेप्यूटी मीटिंग (एडीएम) होगी। इसके बाद, शीर्ष भारतीय कृषि-आधारित कंपनियों और स्टार्ट-अप्स की भागीदारी के साथ "मैनेजिंग एग्रीबिजनेस फॉर प्रॉफिट, पीपल एंड प्लेनेट" और "कनेक्टिंग द डिजिटली डिस्कनेक्टेड, हार्नेसिंग द पॉवर ऑफ डिजिटल टेक्नोलॉजीज इन एग्रीकल्चर" शीर्षक वाले दो कार्यक्रम होंगे, जिसमें कृषि-व्यवसाय कंपनियों के प्रसार में शामिल केंद्रीय और राज्य सरकार की एजेंसियां भाग लेगी। बैठक के दूसरे दिन की शुरूआत केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर जी-20 बैठक में भाग लेने वाले मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडल के अन्य प्रमुखों का स्वागत करते हुए होगी।

चर्चा होगी

जी-20 सदस्य देशों, आमंत्रित देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 200 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे

लोक कला विकास बोर्ड का होगा गठन

टीम एक्शन इंडिया/जयपुर

प्रदेश की लोक कला से जुड़ी विभिन्न जातियों एवं वर्गों के उत्थान के लिए लोक कला विकास बोर्ड का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस बोर्ड में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के अलावा 7 गैर सरकारी सदस्य होंगे। बोर्ड सचिव एवं कार्यकारी स्टॉफ अलग से होगा। बोर्ड के गठन की कार्यवाही के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। बोर्ड गठन का उद्देश्य लोक कला एवं कलाकारों को वैश्विक पहचान दिलाना, रोजगार से जोड़ना, लोक संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना, कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना है।

पानी भरने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष

टीम एक्शन इंडिया/मेरठ

ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर में मंगलवार की देर रात पानी भरने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष हो गया। इस संघर्ष में महिला समेत चार लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर निवासी राजकुमार का आरोप है कि मंगलवार की देर रात उसका बेटा गुड्डू नल से पानी भर रहा था। इसी दौरान पड़ोसी अमन भी आ गया और पहले पानी भरने को लेकर कहासुनी करने लगा। अमन ने मामले की जानकारी अपने जीजा अमित को दी तो वह भी मौके पर पहुंच गया। दोनों ने मिलकर गुड्डू की पिटाई कर दी। शोर सुनकर राजकुमार व उसके परिवार के लोग भी पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्षों में संघर्ष शुरू हो गया। आरोप है कि दूसरे पक्ष ने राजकुमार के परिवार की महिलाओं के साथ छेड़छाड़ भी की।

तकनीक

यात्रियों को स्क्रीन पर दिखाए गए 'टिकट खरीदें' विकल्प पर टैप करना होगा

रैपिडएक्स: यात्रियों को मिलेगी यूपीआई से भुगतान की सुविधा

टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद

रैपिडएक्स में यात्रा करने के लिए एनसीआरटीसी स्टेशनों में टिकट खरीदने के लिए यात्रियों को कई विकल्प देने जा रहा है। इन सभी विकल्पों में यूपीआई द्वारा भुगतान की सुविधा भी दी जाएगी। इसके अंतर्गत स्टेशन में जो टिकट वेंडिंग मशीन (टीवीएम) लगाए जा रहे हैं वो भी कैश, कार्ड आदि के साथ-साथ यूपीआई से भी भुगतान ले सकेगा। ऐसी सुविधा पहली बार देश में किसी मास ट्रांज़िट सिस्टम में प्रयोग की जाने वाली है। यह जानकारी बुधवार को एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने दी। उन्होंने बताया कि टीवीएम के माध्यम से यूपीआई आधारित भुगतान की सुविधा का लाभ उठाने के लिए, यात्रियों को स्क्रीन पर दिखाए गए 'टिकट खरीदें' विकल्प पर टैप करना होगा। फिर उन्हें स्टेशनों के चार्ट में से गंतव्य स्टेशन का चयन करना होगा और जितने टिकट खरीदना चाहते हैं, वह संख्या दिए गए स्थान में भरनी होगी। इसके बाद टिकट के भुगतान के लिए यूपीआई सहित भुगतान के सभी विकल्प स्क्रीन पर प्रदर्शित होंगे। उन्होंने बताया कि यात्रियों द्वारा यूपीआई से भुगतान करने के विकल्प के चयन के बाद, टीवीएम के पीओएस टर्मिनल पर एक क्यूआर कोड उत्पन्न होगा। यात्री भुगतान करने के लिए किसी भी यूपीआई एप से उस क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं। भुगतान के साथ ही पेपर क्यूआर टिकट टीवीएम से बाहर आ जाएगा। यूपीआई के अलावा, टीवीएम में भुगतान के अन्य तीन विकल्प बैंक नोट, क्रेडिट व डेबिट कार्ड और एनसीएमसी कार्ड वॉलेट हैं। टीवीएम का इंटरफेस टिकट खरीदने के लिए यूजर-फ्रेंडली होगा और कोई भी यात्री इसे प्रयोग कर पाएगा। इससे कैश या चेंज ले जाने की जरूरत और झंझट भी खत्म हो जाएगी। डिजिटल ई-क्यूआर कोड-रैपिडएक्स कनेक्ट एप के द्वारा एनसीआरटीसी के मोबाइल ऐप- रैपिडएक्स कनेक्ट के जरिये ई-क्यूआर कोड जनरेट होगा, जोकि ई-टिकट का कार्य करेगा। ऐप पर यात्री यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग के जरिये भुगतान कर सकेंगे।

रैपिड एक्स स्टेशन पर प्रवेश और निकास के दौरान एएफसी गेट पर ई-क्यूआर कोड स्कैन करना होगा, जिसके बाद सीधे ट्रेन में सवार हुआ जा सकेगा। अगर यात्री एक ही डेस्टिनेशन स्टेशन से वापस आना चाहते हैं, तो आने और जाने के टिकट के लिये एक ही ई-क्यूआर जनरेट किया जा सकेगा। जल्दी ही यह रैपिडएक्स कनेक्ट एप गूगल एप स्टोर और एपल स्टोर पर उपलब्ध होगा। एनसीएमसी कार्ड यानी नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड, को कई विभिन्न परिवहन माध्यमों में यात्रा करने के उद्देश्य से लाया गया है। इस कार्ड को रैपिडएक्स स्टेशन के ग्राहक सेवा केंद्र समेत कई बैंकों से प्राप्त किया जा सकता हैं। ये कार्ड प्रीपेड, डेबिट या क्रेडिट रुपे कार्ड के रूप में होंगे, जिन्हें ग्राहक सेवा केंद्र पर रीचार्ज कराया जा सकता है। यात्रा करने के लिए इसे स्टेशन के एएफसी गेट पर दिखा कर प्रवेश किया जा सकेगा। इसी प्रक्रिया के तहत यात्रा पूर्ण होने के बाद स्टेशन से निकास मिल जाएगा।

भुगतान

स्टेशन में जो टीवीएम लगाए जा रहे हैं वो भी कैश, कार्ड आदि के साथ-साथ यूपीआई से भी भुगतान ले सकेगा